हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • मंगलवार • 17.12.2024 • वर्ष : 15 • अंक : 145 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# नहीं रहे तबले की थाप से दुनिया का दिल जीतने वाले जाकिर हुसैन


एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिग्गज तबला वादक जाकिर हुसैन अब इस दुनिया में नहीं रहे। छह दशकों से जो तबले की थाप हम सुन रहे थे, वो अब नहीं सुनाई देगी। जाकिर हुसैन का सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया, वह 73 वर्ष के थे। उनके परिवार के अनुसार, हुसैन की मृत्यु इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कारण हुई। वह पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे और इस दौरान उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें आईसीयू में ले जाया गया था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। हुसैन ने कथक नृत्यांगना और शिक्षिका एंटोनिया मिनेकोला से विवाह किया। उनकी दो बेटियां अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं। जाकिर हुसैन को अपने करियर में 4 ग्रैमी अवॉर्ड मिले, जिनमें से तीन इस साल की शुरूआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में शामिल हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्व विख्यात तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया और तबले को वैश्विक मंच पर ले जाने में जाकिर हुसैन के योगदान को याद करते हुए उन्हें सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया।

### राष्ट्रपति ने कहा- संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है

राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, तबला के जादूगर उस्ताद जाकिर हुसैन का निधन संगीत जगत के लिए बहुत बड़ी क्षति है। वे अपनी असाधारण रचनात्मकता और आविष्कारशीलता के लिए




जाने जाते थे। उन्होंने दुनिया भर के संगीत प्रेमियों की कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया। वे भारत और पश्चिम की संगीत परंपराओं के बीच एक सेतु थे। मुझे उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। मैं उनके परिवार के सदस्यों और उनके अनगिनत प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

### उपराष्ट्रपति ने कहा- उनकी अद्वितीय कला हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पर लिखा, दिग्गज तबला वादक पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। भारतीय शास्त्रीय संगीत को वैश्विक मंच पर ले जाने वाले प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन जी अपने पीछे एक समृद्ध विरासत और भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ गए हैं। उनकी अद्वितीय कला हमेशा हमारे दिलों में गूंजती रहेगी।

### प्रधानमंत्री ने कहा- महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बहुत दुखी हूं

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बहुत दुखी हूं। उन्हें एक सच्चे प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में क्रांति ला दी। वह तबले को वैश्विक मंच पर भी ले गये और अपनी अद्वितीय लय से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके माध्यम से, उन्होंने भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को वैश्विक संगीत के साथ सहजता से मिश्रित किया, इस प्रकार वे सांस्कृतिक एकता के प्रतीक बन गए। उनके प्रतिष्ठित प्रदर्शन और भावपूर्ण रचनाएं संगीतकारों और संगीत प्रेमियों की पीढ़ियों को प्रेरित करने में योगदान देंगी। उनके परिवार, दोस्तों और वैश्विक संगीत समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं।

## एक नजर

### लोकसभा में आज पेश होंगे 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े विधेयक

**नयी दिल्ली :** लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने संबंधी दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एक देश एक चुनाव से जुड़े दोनों विधेयक पेश करेंगे। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने अपने लोकसभा सदस्यों के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा में कुछ महत्वपूर्ण विधायी कार्य एवं चर्चा के लिए सदस्य सदन में उपस्थित रहें। पहला संशोधन विधेयक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए और दूसरा विधेयक दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पुदुचेरी में विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए होगा। इस बीच, अर्जुन राम मेघवाल संघ राज्य क्षेत्र कानून (संशोधन) विधेयक 2024 भी पेश करेंगे ताकि संघ राज्य क्षेत्र अधिनियम 1963, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम 1991 और जम्मू व कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में और संशोधन करने के लिए विधेयक पेश किया जा सके। दरअसल, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 18 सितंबर को 'एक देश, एक चुनाव' से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को मंजूरी दी थी। इसके बाद गुरुवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' से जुड़े दो विधेयकों को संसद में पेश किए जाने की मंजूरी दे दी थी। इनमें से एक संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने से संबंधित है, जबकि दूसरा विधेयक विधानसभाओं वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के एक साथ चुनाव कराने के संबंध में है।

# जेएसएससी घेरने जा रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज, देवेंद्रनाथ सहित कई गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में झारखंड स्टाफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) का दफ्तर घेरने की कोशिश कर रहे छात्रों को पुलिस ने खदेड़ दिया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) सहित कई छात्र समूहों ने जेएसएससी की ओर से ली गई सीजीएल परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए सोमवार को घेराव और प्रदर्शन का ऐलान किया था।

छात्रों के ऐलान को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने जेएसएससी दफ्तर और उसके आसपास के इलाके को पहले से छावनी में तब्दील कर दिया था। सोमवार दोपहर करीब 1.30 बजे छात्रों के एक समूह ने नामकुम सदाबहार चौक पर इकट्ठा होकर जेएसएससी दफ्तर की तरफ बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें रोका। छात्रों के नेता देवेंद्र नाथ महतो पर पुलिसकर्मियों ने लाठी बरसाई और उन्हें घसीटकर पुलिस की गाड़ी में बिठा लिया। उनके एक अन्य साथी को भी हिरासत में लिया गया है।

इस बीच जेएसएससी ने सीजीएल परीक्षाफल के आधार पर शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया सोमवार से शुरू कर दी। 20 दिसंबर तक 2,145 अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट की जांच होगी और इसके बाद रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी की जाएगी।

झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों में लगभग दो हजार पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर को राज्य में 823 केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3,04,769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा संपन्न होने के दूसरे दिन से ही अभ्यर्थियों ने पेपर लीक और प्रश्न पत्रों में पिछले वर्षों की रद्द परीक्षाओं के प्रश्न बड़ी संख्या में दोहराए जाने के आरोपों को लेकर हंगामा किया था।

इसे लेकर रांची और हजारीबाग सहित राज्य के कई शहरों में छात्रों ने प्रदर्शन किए। 10 दिसंबर को हजारीबाग में आंदोलित छात्रों ने करीब चार घंटे तक हाईवे जाम कर दिया था। उन्हें हटाने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया था। आयोग ने छात्रों के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की थी, जिसने जांच के बाद दावा किया था कि परीक्षा में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। हालांकि, दो दिन पहले सीएम हेमंत सोरेन ने गड़बड़ी के आरोपों की जांच सीआईडी से कराने की घोषणा की थी।

### डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन हुआ शुरू

झारखंड सीजीएल के लिए नामकुम स्थित आयोग कार्यालय में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन शुरू हो गया है। लेकिन इस बीच कुछ अभ्यर्थियों ने आंदोलन शुरू कर दिया जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को खदेड़ दिया। इस दौरान आंदोलनकारी छात्र आसपास की कॉलोनियों में छिपे नजर आए।

### पेपर लीक के आरोप लगा रहे छात्र, परीक्षा रद करने की कर रहे मांग

बता दें, झारखंड कर्मचारी आयोग ने संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा का आयोजन 21 और 22 सितंबर 2024 को किया था। परीक्षा होने के बाद छात्रों ने पेपर लीक का आरोप लगा कर परीक्षा रद करने की मांग कर रहे थे। इस बीच आयोग ने सफल हुए छात्रों की लिस्ट जारी कर दी जिसके बाद छात्र उग्र हो गए और कई शहरों में प्रदर्शन करने लगे। आयोग ने 16 से 20 दिसंबर को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख तय की थी। जिसके बाद छात्रों ने आयोग कार्यालय में जाकर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था।

### छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय : मरांडी




**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। राज्य सरकार लाठी-डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। मरांडी ने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेरोजगार छात्रों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें। वे सीजीएल परीक्षा को प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाएं और छात्रहित में सीबीआई जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करें।

### भाजपा के बहकावे में नहीं आएं जेएसएससी अभ्यर्थी : राजेश



**रांची :** प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि सीजीएल मामले की सीआईडी जांच करने का फैसला सरकार के स्तर से लिया गया है। अभी हम विभिन्न क्षेत्रों के खाली पदों को भरने जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे भाजपा के बहकावे में नहीं आएं। छात्रों, युवाओं का भविष्य इस सरकार में सुरक्षित है। कच्छप ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में जितनी भी नियुक्तियां हुईं, सभी न्यायालय में लंबित नजर आती हैं। सभी विवाद में पड़े हैं। राज्य सरकार ने भाजपा के कुशासन में हुए कार्यों को पाटने का कार्य किया है। चाहे जेपीएससी का मामला हो या रोजगार का, भाजपा की सरकार ने कभी इस दिशा में काम नहीं किया।

## झामुमो के केंद्रीय महासचिव विजय सिंह का निधन, सीएम ने जताया शोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**दुमका :** झामुमो के केंद्रीय महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह सोमवार की सुबह निजी अस्पताल न्यू केयर, कुम्हारपाड़ा में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर को कुम्हारपाडा स्थित आवास लाया गया। झामुमो समर्थकों सहित अधिवक्ताओं और उनके चाहने वालों की विजय सिंह के अंतिम दर्शन की भीड़ लगी हुई। कुछ दिनों से बढती उम्र के कारण वह बीमार चल रहे थे। सिंह अधिवक्ता संघ दुमका के पूर्व अध्यक्ष सहित कई पदों पर रहते हुए उल्लेखनीय कार्य किये थे। वह मृदु भाषी और मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन पर कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और मेरे अभिभावक स्वरूप आदरणीय विजय सिंह के निधन की खबर से अत्यंत मर्माहत हूं।

सोरेन ने कहा है कि सौम्य और सरल स्वाभव के धनी विजय ने झामुमो परिवार और दुमका की जनता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।

### हम अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे : राष्ट्रपति दिसानायके



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के साथ बातचीत की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। दिसानायके ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान भारत के 'अत्यधिक समर्थन' के लिए आभार जताया और कहा कि श्रीलंकाई जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होगा। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने बातचीत के बाद कहा, मैंने भारत के प्रधानमंत्री को यह आश्वासन दिया है कि हम अपनी जमीन को किसी भी तरह से भारत के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से बढ़ेगा और मैं भारत के लिए अपने निरंतर समर्थन का आश्वासन देना चाहता हूं। पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा पर रविवार शाम को भारत पहुंचे दिसानायके ने समर्थन और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया उनकी यात्रा ने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सहयोग और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।

# भारत और बांग्लादेश ने मनाया विजय दिवस 1971 के युद्ध के वीरों को दी गई श्रद्धांजलि

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की 53वीं वर्षगांठ पर विजय दिवस मनाया। इस अवसर पर दोनों देशों के युद्धवीरों और सैन्य अधिकारियों ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में स्थित पूर्वी कमान मुख्यालय में 1971 के युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सभी धर्मों के गुरुओं ने प्रार्थना की और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सशस्त्र बल सोमवार को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की निर्णायक जीत का प्रतीक 'विजय दिवस' मना रहे हैं। मुख्य समारोह सेना की पूर्वी कमान ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में



मनाया। नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुखों ने 1971 के युद्ध के शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके बलिदान को सलाम किया। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार देने के साथ ही नए राष्ट्र बांग्लादेश को जन्म दिया। केवल 13 दिनों में भारतीय सशस्त्र बलों ने रणनीतिक प्रतिभा और असाधारण बहादुरी से 93 हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को पूरी तरह से परास्त करके अब तक का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण कराया। यह तिथि भारत की अपने मित्रों देशों के प्रति प्रतिबद्धता और अपने दुश्मनों के लिए एक दृढ़ चेतावनी के रूप में कार्य करती है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की जीत के उपलक्ष्य में आर्मी हाउस में विजय दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विजय दिवस स्वागत समारोह में भाग लिया।

### प्रधानमंत्री व गृहमंत्री ने 1971 के विजय दिवस पर रणबांकुरों को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को विजय दिवस पर 1971 की ऐतिहासिक जीत में अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी, गृहमंत्री शाह और भाजपा ने एक्स हैंडल पर मां भारती के सपूतों को कोटि-कोटि नमन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे राष्ट्र की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंकित रहेगा।"

## छत्तीसगढ़ के बालोद में सड़क हादसा, छह लोगों की मौत, सात की हालत गंभीर

एजेंसी

**रायपुर/बालोद :** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में आधीरात बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। इनमें एक एक बच्चा, चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। सात लोग घायल हुए हैं। उनकी हालत गंभीर है। यह हादसा डौंडीथाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास हुआ।इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी ने बताया कि कार सवार लोग नामकरण संस्कार (छठी ) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रविवार देररात डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे। इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम चोरहापड़ाव के पास कार (सीजी04एलडी8049) को



दल्लीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान दुर्पत प्रजापति (30) पिता पूना राम (30) ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), सुमित्रा बाई कुम्भकार (50) पति स्वर्गीय कार्तिक राम निवासी घोराड़ी महासमुंद, मनीषा कुम्भकार (35) पति विश्वनाथ ग्राम घोराड़ी महासमुंद, सगुन बाई कुंभकार (50) ग्राम कुम्हारपारा कवर्धा, ईमला बाई पति (55) रेवा राम सिन्हा ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) एवं जिग्नेश कुम्भकार (7) पिता प्रीतम कुम्भकार निवासी ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही) के रूप में हुई है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**साहिबगंज/बरहेट :** सोमवार की सुबह बरहेट-बरहरवा मुख्य सड़क में इमलीगाछ एमजीआर रेल पुल के समीप बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रांगा थाना क्षेत्र के कुसुम पोखर गांव निवासी 35 वर्षीय दीपक ठाकुर, हीरो ग्लैमर बाइक जेएच18के5149 से बरहेट की ओर आ रहा था,बाइक रफ्तार में थी और किसी से मोबाइल फोन से बात कर रहा था, इस दौरान बाइक असंतुलित हो जाने से बाइक दुर्घटना हो गई और बाइक चालक युवक दीपक ठाकुर का सर सड़क किनारे एक पत्थर से जा टकराया और सर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। इधर सूचना मिलने के बाद बरहेट थाना के अवर निरीक्षक हरिश्चंद्र मंडल एवं रांगा थाना के अवर निरीक्षक सत्यवान कुंभकार घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे में लेकर बरहेट थाना पुलिस ने शव को आवश्यक प्रक्रिया हेतु बरहेट थाना लाई। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### प्रखंड प्रमुख ने की विभागों की समीक्षा

**बरहरवा :** प्रखंड सभागार में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मनरेगा सहायक अभियंता को मनरेगा एवं 15 वें वित्त का पुरा प्रभार, जो जेई अन्य पंचायत के प्रभार में है उसे पांच पंचायत बाकी को अधिक पंचायत देने, शिक्षा विभाग से रंग रोगन की आय व्यय की रिपोर्ट जमा करने, प्रत्येक आंगनबाड़ी में दिए गए पोषाहार एवं पोषक का रिपोर्ट जमा करने, किसान संबंध सामग्री को जनप्रतिनिधि के साथ बैठक कर वितरण करने, बिजली विभाग को ट्रांसफार्मर की कमी दूर करने, पंचायत समिति के साथ मुखिया का समन्वय व्यवस्थित कर काम करने, बकरी वितरण में कोई गड़बड़ी ना हो और बड़े साइज का बकरी लाभुकों को दिया जाने, अंचल में जमीन संबंधित कोई भी आनलाइन कागजात को रद्द ना करते हुए कारण बताकर समाधान करने, शेरशाह वादी प्रमाण अति शीघ्र निर्गत करने, ग्रीन कार्ड का चावल सही समय पर वितरण करने, धान क्रय का शुभारंभ करने, जमीन संबंधित मामले का निपटारा थाना दिवस पर करने को कहा गया। इनके अलावा ब्लॉक के सामने जर्जर नाला को नये सिरे से बनाने का प्रस्ताव लिया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र में अधुरे पड़े जल नल योजना की बात उठाया गया। वहीं पंचायत समिति फंड में 32 लाख रुपए आएं है, उसका सही इस्तेमाल के लिए चर्चा किया गया। इस दौरान बताया गया कि वैसे पंचायत समिति जिसे अगले बार योजना का लाभ नहीं दिया गया था या कम दिया गया था वैसे पंचायत समिति सदस्यों के बीच राशि का वितरण कर योजना बनाने का काम किया जाएगा।

### भूगर्भ विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों का प्रशिक्षण के लिए हुआ चयन

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूगर्भ शास्त्र विभाग के सत्र 2022-24 के 9 विद्यार्थियों का खनिजों के अन्वेषण हेतु एवं विभागीय अन्वेषण कार्य के लिए खान एवं भूतत्व विभाग, भूतत्व निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा चयन किया गया है। ज्योत्सना उज्जवला, प्राची पल्लवी, काजल टोप्पो, रोहित उरांव, रीना कुमार, सुजाता कुमार, मंटू कुमार दांगी तथा ऋषभ कुमार। स्नातकोत्तर के अंक के आधार पर इनका चयन किया गया है। प्रशिक्षण की अवधि तीन महीने का है। इसके अलावा सत्र 2023-25 से 10 विद्यार्थियों का चयन दो दिवसीय प्रशिक्षण के लिए किया गया है। यह प्रशिक्षण CSIR-CIMFR धनबाद द्वारा डेवलपमेंट प्रोग्राम ओं कोल एंड पेट्रोलियम पर दिसंबर 16 से 18 तक किया जाएगा।

## डीडीसी ने मनरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की

# जिले में 18 से 31 दिसंबर तक प्रखंड स्तर पर चलेगा आवास बनाओ अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं राज्य सरकार के द्वार संचालित कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद और डीपीओ पंकज तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, अम्बेडकर आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा अंतर्गत बिरसा कूप संवर्धन योजना, डोभा, बिरसा हरित ग्राम योजना, बागवानी योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना, पीढ़ी जेनरेसन, जिओ टैगिंग, जनमन योजना, पंचायती राज, एबीपीएस की स्थिति, जेएसएलपीएस के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में डीडीसी ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति में निम्न प्रदर्शन करने वाले प्रखण्डो पर अप्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने निम्न प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों के बीडीओ को कार्य की प्रगति में सुधार करने और क्रियान्वित योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास योजना के अलावे अन्य चार योजनाओं को निरंतर क्रियाशील रहने, जियो टैगिंग करने के लिए फील्ड विजिट करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, आधार बेस पेमेंट, एनआरएम के मामलों की रिव्यू कर स्तिथि में सुधार करने और विधायक मद के तहत पूर्व से संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने जिले के सभी प्रखंडों में आगामी 18 दिसबंर से 31 दिसबंर तक आवास बनाओ अभियान चलाने का निदेश दिया। उन्होंने जिले के सभी बीडीओ और संबंधित पदाधिकारियों को आवास निर्माण में प्रगति लाने हेतु अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में ह्यआवास बनाओ अभियानह्व चलाने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि आवास योजना के मामले में यह सुनिश्चित करें कि एक व्यक्ति को एक ही आवास योजना का लाभ मिले। उन्होंने पीएम आवास योजना में जिन प्रखंडों का सैंक्शन प्रतिशत कम है उन्हें बढ़ाने, आवास योजना के पेंडिंग योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद के अलावे जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, सभी प्रखंड के बीडीओ, बीपीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बड़कागांव में बीईओ का पद खाली रहने से बढ़ी परेशानी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बीआरसी में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद रिक्त है। शिक्षकों ने बताया कि बड़कागांव में पहले जवाहर प्रसाद प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। लेकिन उनका तबादला कोडरमा जिला के जयनगर में कर दिया गया है। हजारीबाग जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा 29 नवंबर को अपराहन में उन्हें बिरमित किया गया तब से बड़कागांव में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद खाली है। बिना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के सहारे बड़कागांव के 126 विद्यालय का संचालन हो रहा है । प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पद खाली रहने के कारण शिक्षकों, सहायक अध्यापकों ,बी आर सी से जुड़े लिपीक अनुबंधकर्मी, बीआरपी एवं सीआरपी को परेशानी बढ़ गई। एवं शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित है। अनुबंध कर्मियों एवं शिक्षकों ने बताया कि बड़कागांव में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को नहीं रहने के कारण वेतन एवं मानदेय निकासी में परेशानी हो रही है। बीआरसी के एक लिपिक का कहना है कि हमलोग के वेतन एवं मानदेय निकासी को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का हस्ताक्षर होता है। उनके बिना हस्ताक्षर से वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है।

## मिल्क फेडरेशन ने दूध उत्पादकों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के बसरिया पंचायत के ग्राम जरहिया स्थित गोकुल ग्राम के प्रांगण में झारखंड मिल्क फेडरेशन के तत्वावधान में दूध उत्पादकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड मिल्क फेडरेशन के विशेषज्ञ अजीत कुमार सिंह और डॉ. पंकज तिवारी ने भाग लिया। साथ ही बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप की भी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान दूध उत्पादकों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने दूध उत्पादन के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों और परेशानियों को विस्तार से साझा किया। झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने बैठक में कहा कि दूध उत्पादन एक ऐसा क्षेत्र है, जिससे लोग आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, जरूरी है कि उन्नत तकनीकों और विशेषज्ञों द्वारा बताए गए पशुपालन के आधुनिक तरीकों को अपनाया जाए, ताकि उत्पादन को बढ़ाया जा सके और इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो। झारखंड मिल्क फेडरेशन के अधिकारियों ने बैठक में घोषणा की कि दूध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपये की दर से सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस पहल से दूध उत्पादकों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर दूध मित्र आकाश यादव, लीलो रजक, राजू यादव, मेघलाल गोप, देवा गोप, झमन यादव, योगेंद्र यादव, और काली यादव समेत सभी दूध उत्पादक उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने झारखंड मिल्क फेडरेशन के इस प्रयास की सराहना की और भरोसा जताया कि उनके सहयोग से दूध उत्पादन क्षेत्र में सुधार होगा।

## बरही में कोल्हुआकला पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को बरही प्रमुख मनोज रजक, जीप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, बंधन यादव द्वारा किया गया। उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। यह केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा साबित होगी, जहां वे अपनी उपज को उचित मूल्य पर बेच सकेंगे। बरही प्रमुख मनोज रजक ने इस अवसर पर कहा कि सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए क्रय केंद्र स्थापित करना किसानों के हित में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य दिलाने और बिचौलियों के शोषण से बचाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में क्रय केंद्र का लाभ उठाएं। जीप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार और स्थानीय प्रशासन किसानों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। धान अधिप्राप्ति केंद्र के माध्यम से किसानों को उनके धान की सही कीमत मिलेगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उद्घाटन के दिन कई किसानों ने क्रय केंद्र पर अपना धान बेचा। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पैक्स के माध्यम से धान बेचना सुविधाजनक और लाभकारी है। किसानों ने यह भी उम्मीद जताई कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष प्रवीण यादव, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव, बंधन यादव, किशोरी सिंह, रामचन्द्र पंडित, सुरेंद्र पंडित, प्रभु यादव, अर्जुन यादव, पंकज यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल को क्षेत्रीय किसानों के लिए एक बड़ा लाभकारी कदम बताया और सरकार की इस योजना की प्रशंसा की। धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन किसानों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आया है।

## कांग्रेस नेता रिजवान अली ने की दिव्यांगों की मदद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के दिव्यांग नागरिकों के लिए दिव्यांग प्रमाणपत्र बनवाने की पहल करते हुए एजुकेशनल चैरिटेबल सोसायटी, बरही के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता रिजवान अली ने सराहनीय कार्य किया। वे कई दिव्यांगों को साथ लेकर हजारीबाग सदर अस्पताल पहुंचे और प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया में निःस्वार्थ भाव से मदद की। इस मौके पर रिजवान अली ने कहा कि गरीब और दिव्यांग जनों की सेवा करने का अवसर मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर हूं। मैं सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकताओं से अपील करता हूं कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की मदद करें। प्रमाणपत्र बनवाने वालों में भंडारों पुरहरा के नाजिर मियां, कोनरा पंचायत के मोहम्मद मिन्हाज, मोहम्मद एजाज और मोहम्मद शाहिद आलम समेत अन्य शामिल थे। सभी अभिभावकों ने रिजवान अली के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# साहिबगंज में अवैध खनन के लिए दोषी सरकारी अधिकारियों पर दर्ज हो एफआईआर-एनजीटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा ऐतिहासिक राजमहल पहाड़ की हो रही अंधाधुंध अवैध खनन व स्टोन क्रशर पर रोक लगा कर राजमहल पहाड़ को बचाने व संवर्धन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल इस्टर्न जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए-23/2017 की सुनवाई बीते 10 दिसम्बर को पीठ के जुडिशियल मेंबर न्यायमुर्ति बी.अमित स्थलेकर व एक्सपर्ट मेंबर डा.अरुण कुमार वर्मा ने की.सुनवाई में याचिकाकर्ता अरशद नसर की तरफ से कोलकाता हाईकोर्ट की विद्वान अधिवक्ता पौशाली बनर्जी तथा झारखंड सरकार,केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली व झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड रांची की ओर से सरकारी अधिवक्ता क्रमशः एश्वर्या राज्यश्री, कुमार अनुराग सिंह, सुरेंद्र कुमार, देव आर्यन व मुकेश कुमार उपस्थित थे। झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से 34 पन्ने का शपथ पत्र 9 दिसम्बर को एनजीटी में दाखिल किया। एनजीटी ने इसे रिकॉर्ड पर रखते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया। सोमवार को एनजीटी का आदेश आया। झारखंड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा एनजीटी को बताया की जिले के 203 पत्थर कारोबारियों पर एनजीटी के आदेश से 1 अरब 1 करोड़ 26 लाख 55 हजार 460 रुपए का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना लगाया गया था.12 पत्थर कारोबारियों पर लगे 3 करोड़ 26 लाख 32 हजार 810 रुपए के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना को माफ कर दिया। 7 पत्थर कारोबारियों पर 1 करोड़ 68 लाख 32 हजार 32 रुपए के पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना को संशोधित नहीं करने के चलते पुर्ण जुमार्ना राशि जमा कर दिया। 61 पत्थर कारोबारियों ने पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि में संशोधन होने के पुर्व ही 6 करोड़ 22 लाख 29 हजार 77 रूपया जमा कर दिया। संशोधन के पश्चात इन 61 पत्थर कारोबारियों पर 5 करोड़ 84 लाख 36 हजार 814 रुपए का पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना अधिरोपित किया। इस तरह 61 पत्थर कारोबारियों ने 37 लाख 92 हजार 263 रूपया अधिक जुमार्ना जमा कर दिया। 40 पत्थर कारोबारियों पर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि को संशोधित करते हुए 23 करोड़ 52 हजार 802 रुपए का जुमार्ना अधिरोपित किया। जिसमें 40 पत्थर कारोबारियों ने मात्र 2 करोड़ 8 लाख 52 हजार 937 रुपए जुमार्ना जमा किया। 83 पत्थर कारोबारियों पर लगे पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुमार्ना राशि को संशोधित करते हुए 23 करोड़ 25 लाख 57 हजार 599 रुपए जुमार्ना अधिरोपित किया। जिसमें 83 पत्थर कारोबारियों ने कोई जुमार्ना राशि जमा नहीं किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अफीम की खेती पर चला प्रशासन का डंडा, 25 एकड़ में लगी फसल को किया नष्ट



**चौपारण :** चौपारण के जंगल में अफीम की खेती के विरुद्ध चौपारण पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई किया। गौतम बुद्धा वन्यजीव आश्रयणी जंगल के दुरागड़ा, सिकदा और मुरेनिया के जंगल मे लगे लगभग 25 एकड़ मे अफीम का पौधा और कई जगह डाले गए बीज को ट्रैक्टर से रौंद कर तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है। वहीं प्रादेशिक वन मे प्रभारी वनपाल पंकज कुमार के नेतृत्व मे भदेल मे 2 एकड़ और जागोडीह कालिदाग मे 3 एकड़ जंगल मे अफीम के पौधे का विनिष्टीकरण अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया की गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई किया जा रहा है और आगे भी अफीम विनिष्टीकरण अभियान जारी रहेगा। इस समय चौपारण प्रखंड के सभी जंगलो मे अफीम की खेती शुरू हो चुकी है खासकर गौतम बुद्धा वन्यप्राणी आश्रयनी मे। जंगल मे लगे अफीम की खेती वन विभाग के लिए चुनौती का विषय है। बता दें की वन विभाग के सैकड़ो एकड़ जमीन में अभी भी अफीम का पौधा अब भी लहलहा रहा है। छापामारी अभियान मे चौपारण पुलिस और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। वन विभाग से कुलदीप कुमार महतो, जयनेन्द्र कुमार और दैनिक वेतन भोगी शामिल थे। प्रादेशिक वन से प्रभारी वनपाल पंकज कुमार, वनरक्षी अजीत कुमार गंझु, कृष्णा प्रसाद,बरकठा से प्रभारी वनपाल आनंद कुमार सिंह, वनरक्षी संटू कुमार, भोला कुमार, निचित महतो, चेतन कुमार शिशिर मिंज एवं अन्य दैनिक कर्मी शामिल ।

### गोंदलपुरा निवासी पिंटू कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत



**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-अंबाजीत रोड में रविवार देर लगभग शाम 7:00 बजे सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी पारा शिक्षक गणेश महतो का 26 वर्षीय पुत्र स्कूटी सवार पिंटू कुमार का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दौरान पिंटू अपने साथी बादम गांव निवासी बिहारी महतो के साथ स्कूटी से हजारीबाग से जैकेट खरीद कर मोतरा मार्ग होते वापस घर लौट रहे थे। घटना में बिहारी महतो को भी माथा में और आंख पर गंभीर चोट लगी है। बिहारी के परिजनों ने इलाज के लिए हजारीबाग ले गए। घटना में पिंटू के मौत हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर रविवार देर शाम 7:15 बजे से लेकर दूसरे दिन सोमवार को 12:00 दिन तक लगभग 17 घंटे सड़क जाम रखा। पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रबुध जनों के प्रयास से सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। पुलिस ने मृतक के परिजन के द्वारा दी गई आवेदन पर मामले की जांच पड़ताल करने के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के पिता गणेश महतो ने बताया कि बादम अंबाजीत मार्ग स्थित सेवानिवृत शिक्षक राम लखन सिंह के घर के पास सड़क पर दुर्घटना हुई है, जिसमें मेरे बेटे को ट्रैक्टर ने धक्का मार कर हत्या कर दिया है। उस वक्त सतीश का दुकान खुला हुआ था। घटना रविवार देर शाम 7:06 की है घटना में मेरे बेटे पिंटू का दोस्त बिहारी महतो भी घायल हुआ जिसे तुरंत इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया।

### नगर पंचायत से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर पदाधिकारी से मिले अशोक कुमार



**बरहरवा :** प्रखंड नगर पंचायत कार्यालय में 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने नगर पंचायत कार्यालय जाकर नगर के पदाधिकारियों से मुलाकात की मुलाकात के दौरान नगर पंचायत से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके निदान हेतु विकल्प को लेकर चर्चा की। साथ ही नगर पंचायत में नए तरीकों से कार्य करते हुए एक नया रूप रेखा तैयार करने की भी सलाह दी। कहा कि कोई भी काम बिना प्लानिंग के तहत करने से काफी जगहों का नुकसान होना तय है इसलिए कोई भी कार्य करने से पहले उस कार्य का वैकल्पिक रास्ता तैयार कर ले ताकि भविष्य में नगर वासियों को किसी तरह की तकलीफ ना हो। सुविधा मुहैया कराना ही नगर पंचायत का लक्ष्य होना चाहिए। आशा करते हैं कि आप सभी एक टीम के तहत नगर पंचायत में काम करते हुए नगर के सौंदर्य में चार चांद लगा देंगे। वही जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल ने कहा कि नगर में इस बार दिपक कुमार के रूप में नगर कार्यपालक पदाधिकारी मिला है जो कि हमारे बरहरवा नगर के विकास के लिए जनहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जिनके कार्यकाल में एक बेहतर नगर पंचायत की परिकल्पना की जा सकती है। मौके पर महमूद आलम, अमीन सेख, आलमगीर मंसूरी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं नगर पंचायत के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### बरहेट थाना प्रभारी ने सुरक्षा की दृष्टि से बैंकों का किया निरीक्षण



**साहिबगंज/बरहेट :** सोमवार को बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने थाना क्षेत्र अंतर्गत कई बैंकों का सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैंकों की सुरक्षा की समीक्षा करने के लिए थाना प्रभारी दलबल के साथ भारतीय स्टेट बैंक शाखा फुलभंगा, ग्रामीण बैंक शाखा पचकठिया बाजार, भारतीय स्टेट बैंक शाखा बरहेट बाजार पहुंचे जहां थाना प्रभारी ने बैंक शाखा में लगाए गए सीसीटीवी की स्थिति की समीक्षा किए इस दौरान थाना प्रभारी ने बैंक में मौजूद अधिकारी तथा सुरक्षा कर्मी से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। इस संबंध में थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि बैंकों की सुरक्षा के लिए पुलिस पदाधिकारियों को गश्ती के दौरान 24 घंटे बैंक शाखा पर विशेष रूप से नजर बनाए रखने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही वे भी स्वयं समय-समय पर बैंक शाखा में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते रहते हैं।

## एक नजर

### आदित्य पांडेय ने कांके बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**रांची** : रांची के सहायक समाहर्ता (आईएएस) आदित्य पांडेय ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद आदित्य पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति की समीक्षा किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यालय ससमय आएं और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

### एचसी से हेमन्त सोरेन को राहत बरकरार, 16 जनवरी को अगली सुनवाई

**रांची** : झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अगली सुनवाई तक के लिए राहत दी है। बता दें कि हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई में रांची एमपी-एमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा दर्ज शिकायत वाद (कंप्लेन केस) में व्यक्तिगत पेशी से छूट के लिए दायर याचिका को रांची एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इसके साथ ही उन्हें कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया था। सीएम ने एमपी-एमएलए कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सीएम की इस याचिका पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। हालांकि, अब इस मामले में अदालत 16 जनवरी को सुनवाई करेगा। बता दें कि सीएम हेमन्त सोरेन की ओर से अधिवक्ता पियूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने बहस की। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई तक ईडी को काउंटर एफीडेविट दायर करने का निर्देश दिया है।

### कृषि अर्थशास्त्री डॉ आरके मिश्र नहीं रहे



**रांची** : प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री एवं योजनाकार तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के अवकाशप्राप्त निदेशक (योजना एवं विकास) डॉ राधाकांत मिश्र का सोमवार की शाम कृषि बिहार, अरसंडे, कांके स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी उम्र लगभग 92 वर्ष थी। बीएयू में उपनिदेशक और निदेशक (पीआईएम) के रूप में उन्होंने 1983 से 1993 तक कार्य किया। इसके पूर्व वह बिहार सरकार में योजना पदाधिकारी के रूप में पटना में कार्यरत थे। डॉ मिश्र मूलतः सीतामढ़ी जिला के रहने वाले थे। बीएयू से अवकाश प्राप्ति के बाद उन्होंने झारखंड सरकार के कृषि विभाग के परामर्शी के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन , कृषि डेटा आदि से संबंधित एक दर्जन से अधिक पुस्तकों की रचना की जिसमें पहली पुस्तक का लोकार्पण भारत सरकार के तत्कालीन वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के रूप में बाबूलाल मरांडी ने किया था। उनकी कई पुस्तकों का लोकार्पण झारखंड के राज्यपाल तथा विधानसभा अध्यक्ष ने भी किया था। उनके द्वारा स्थापित कृषि डेटा बैंक से कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी विषयों पर शोध करने वाले बहुत से शोधार्थियों को काफी मदद मिली। उनके एकमात्र पुत्र पंकज मिश्र ने पत्रकार के रूप में रांची एक्सप्रेस, दैनिक जागरण, सन्मार्ग, खबर मंत्र, नव प्रदेश आदि अखबारों में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर कार्य किया।

## झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का हुआ लोकार्पण

# मौसम विभाग का कृषि, आपदा, जलवायु और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्षगांठ के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आईएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग को लॉच किया गया।



राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं जैसे- वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है। क्योंकि, इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूवानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है।

राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौसम पूवार्नुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि झारखंड को 'कृषि कर्मण पुरस्कार' प्राप्त हुआ है, जो राज्य की कृषि उत्कृष्टता को दशार्ता है और इसका श्रेय राज्य के किसानों के निरंतर प्रयासों को जाता है।

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में देश में हुए उल्लेखनीय प्रगति के बारे में भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसी पहलों से तकनीकी क्षमताओं को सशक्त किया गया है, जिसका सीधा लाभ मौसम विज्ञान और आपदा प्रबंधन क्षेत्रों को हो रहा है। साथ ही कहा कि इन प्रयासों के माध्यम से समय पर मौसम की जानकारी प्राप्त कर समाज को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम के अगले चरण में तकनीकी सत्र का आयोजन किया गया। कोलकाता मौसम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ सोमनाथ दत्त और रांची मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने झारखंड में मौसम सेवाओं और भविष्यवाणी पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के लिए मौसम और जलवायु सेवाओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान मौसम केंद्र की सेवाओं पर स्टेकहोल्डर्स ने फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कृषि सिंचाई, विमानन और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञ ने अपनी राय रखी। इस दौरान आईएमडी के रिटायर्ड कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## हेमन्त है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है : बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है।

मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में जमीन कारोबारियों की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले पांच सालों में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बढ़ा है उससे रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल व्याप्त है।

उन्होंने लिखा है कि पिछले पांच सालों में सिर्फ राजधानी रांची भर में करीब 50 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। गत रविवार को हुई मधु राय की निर्मम हत्या ने न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड को दहला कर रख दिया है। सरेआम गोलियों की बौछार और पुलिस की नाकामी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है।

उन्होंने लिखा है कि जमीन विवाद अब केवल सामान्य झगड़ा नहीं रहा, बल्कि लोगों की जान लेने वाला खूनी खेल बन गया है। सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के लोग इस डर में जीते रहेंगे? कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल शासन और प्रशासन आखिर कब तक ऐसी घटनाओं पर अपनी आंखें मूंदे रहेगा?

उन्होंने कहा है कि झारखंड में लोगों की हत्याएं एक बड़ी मानवीय चिंता बन चुकी है। अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए और जमीन के नाम पर चल रहे इस खूनी खेल का अंत हो, इसके लिए जरूरी है कि हेमंत सरकार नींद से जागे और गंभीर होकर सुरक्षा के ठोस कदम उठाए।

## झारखंड में पड़ रही कड़ाके की ठंड, 20 से बारिश की संभावना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है।



रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक-दो दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरेगा। 20-21 दिसम्बर को कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। तमिलनाडु में एक सिस्टम बन रहा है। इसका असर झारखंड पर आंशिक रूप से पड़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। राज्य में कई जगहों पर शीतलहर भी चली। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेंटीग्रेड लोहरदगा में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

## पुलिस वाले को अपराधियों ने बनाया निशाना बेहोश कर लूटे मोबाइल और एटीएम कार्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में बेखौफ अपराधियों ने पुलिस वाले को निशाना बनाया है। राजधानी रांची के कांटाटोली में एक पुलिस वाले को अपराधियों ने नशीला पदार्थ सूंघाकर उनका मोबाइल और एटीएम कार्ड लूट लिया। इसके साथ ही उनके खाते से 1लाख 15 हजार रुपए भी निकल लिए। इस मामले में अरक ने लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### कैसे दिया वारदात को अंजाम

बता दें कि घटना में पीड़ित पुलिस कर्मी जमशेदपुर में अरकके पद पर पदस्थापित मनोज टोप्पो है। उन्होंने पुलिस को जानकारी दी कि वह 7 दिसंबर को नगड़ी स्थित आवास से पूर्वी सिंहभूम जाने के लिए अपनी 2 बेटियों के साथ कांटाटोली पहुंचा। वहां, डंगराटोली के पास उसने दोनों बेटियों को ऑटो में बैठाकर भेज दिया। फिर खुद पैदल ही बस पकड़ने के लिए जाने लगा। तभी कांटाटोली चौक के समीप एक व्यक्ति आया और उसने अरक के सामने रूमाल झाड़ दिया। इससे वह बेहोश हो गए।



### मोबाइल और एटीएम लेकर फरार हुए आरोपी

वहीं, बेहोश होने के बाद अपराधी पुलिसकर्मी को किसी जगह ले गये। लेकिन जब उन्हें होश आया, तब उनके पास से मोबाइल और एटीएम कार्ड गायब थे। घटना के 2 दिन बाद उनके खाते से करीब 1.15 लाख रुपए की भी अवैध निकासी हो गयी। इसके बाद पीड़ित एएसआई थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। जानकारी हो कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

## आड्रे हाउस में हुआ प्रमंडल स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और नेहरू युवा केंद्र रांची के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप सहायक समाहर्ता आदित्य पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि परियोजना पदाधिकारी डॉ ऋतू राज, शिक्षाविद कमल बोस उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रमंडल के पांच जिला जिसमे रांची, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा के जिला स्तर युवा उत्सव पर प्रथम विजेताओं, लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में लोहरदगा की राधिका कुमारी, कहानी लेखन में रांची की शिवम् कुमार प्रजापति, विज्ञान मेला में सिमडेगा जिला की टीम, सामूहिक लोकगीत में रांची की निशा रानी समूह, एकल गीत में रांची के अजय महतो, कविता लेखन में गुमला की दीपिका कुमारी, एकल नृत्य में खूंटी के मनीष अलोक, समूह नृत्य खूंटी की संतज जोसफ कॉलेज और पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता गुमला से तुषार पांडे थे।

सभी प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं सभी निर्णायक मंडली के सदस्यों को सम्मानित किया गया। प्रमंडल स्तरीय विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की हुई वर्चुअल बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की वर्चुअल बैठक 16 दिसंबर को संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में राज्य के सभी एरिया बोर्ड ट्रांसमिशन जोन के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिनिधियों ने पिछली सरकार के दौरान हुए आंदोलन और संगठन की गतिविधियों के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की।



इसके साथ ही ऊर्जा निगम के वरीय पदाधिकारी के साथ 3 अक्टूबर को हुए श्रमिक संघ के समझौता वार्ता पर भी चर्चा की गई। बता दें कि वर्चुअल बैठक में चिंता जताई गई कि अभी तक पूर्व में हुए निगम से वार्ता का कोई सकारात्मक परिणाम नहीं दिखाई दे रहा है। इससे कर्मियों में निगम के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बता दें कि इस बैठक में अमित कुमार कश्यप, कुणाल कुमार सिंह, उदय कुमार, अमित मिश्रा, सौरभ कुमार, मुकेश यादव, अनिकेत सिंह, शिव नारायण शाह, अनिल मिश्रा, कृष्णा नाग, सुनील मिश्रा, महेश्वर कुमार, राहुल कुमार, अनल लाकड़ा, संदीप शर्मा, एस बेदिया, सुभाष ठाकुर, कलाम हुसैन, जॉनसन, प्रिंस कुमार, राधेश्याम सिंह, सुशील सोरेन, कुलदीप मिंज, सरवन प्रसाद, नवीन तिर्की, पीतांबर, सुशील पासी, त्रिवेणी पासी, नीलांबर, अबू तालिब, देवेंद्र नाग, पुना सिंह, हीरालाल यादव, अमीत टेटे, सुरज उरांव, गौतम कुमार, असीम सोरेंग, प्रमोद मिंज, अल्फोंस तिग्गा, अनूप टोप्पो, अखिलेश बाड़ा, रविन्द्र नाथ मिश्र, अर्पण कुजूर, विल्सन मिंज, अत्यंत कुजूर, लोकनाथ अहीर, जॉनसन मिंज सहित अन्य शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर लगे सवालिया निशान : आइसा

**रांची** : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में व्याप्त गहरा असंतोष और आक्रोश राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंदोलन केवल परीक्षा परिणामों की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए नहीं, बल्कि बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता के खिलाफ युवाओं के व्यापक संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के आसपास है। ऐसी स्थिति में सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताएं और पारदर्शिता की कमी युवाओं के विश्वास को तोड़ रही हैं। यह न केवल उनके भविष्य को खतरे में डाल रही है, बल्कि राज्य के विकास के लिए भी गंभीर चुनौती बन रही है। आइसा मांग करती हैं कि सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच तुरंत कराई जाए। छात्रों और युवा संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों और सार्वजनिक नौकरियों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही स्थानीय नीति बनाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव फिर से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। साथ ही कहा कि छात्रों और युवाओं का यह आंदोलन झारखंड के उज्वल भविष्य के लिए है। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्टार्टअप प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त कर बढ़ाया विश्वविद्यालय का गौरव



**रांची** : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी महाविद्यालय के चार छात्र छात्राओं की टीम ने 'सांभ्रम 5.0' के अंतर्गत आयोजित स्टार्टअप प्रतियोगिता 'प्रारंभ' में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खाद्य और कृषि व्यवसाय सम्मेलन था, जिसे इंपीरियल स्कूल ऑफ एग्री-बिजनेस, नोएडा द्वारा 13 दिसंबर को आयोजित किया गया था। टीम बिरसाइंस में शामिल बिजू रॉय, सुमित कुमार, लक्ष्मी कुमारी और कल्पना कुमारी ने अपने अभिनव विचार और उत्कृष्ट प्रस्तुति से जजों को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में 84 टीमों में से 13 टीमों ने अंतिम चरण में भाग लिया। टीम के विचार को विशेष रूप से स्काईफाई सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और संस्थापक राहुल लखमानी द्वारा सराहा गया। टीम को उत्कृष्टता प्रमाणपत्र और 15,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख संस्थानों जैसे गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड; राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल, हरियाणा; भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नयी दिल्ली और सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। टीम ने यह उपलब्धि वानिकी महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. ए.के. चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में हासिल की। इस जीत ने छात्रों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे, वानिकी संकाय के डीन डॉ एमएस मलिक तथा डीएसडब्ल्यू डॉ बीके अग्रवाल ने इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई दी है।

### देवेन्द्र महतो की पुलिस द्वारा पिटाई एवं घसीट कर ले जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था में शुभ संकेत नहीं : विजय शंकर नायक

**रांची** : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने सोमवार को जेएससीए सीजीएल- परीक्षा में पास छात्रों के डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन नहीं होने देने का विरोध करने जेएससीए कार्यालय पर विरोध करने पहुंचे छात्रो पर लाठीचार्ज करना एंव छात्र नेता देवेन्द्र को पुलीस द्वारा अमानवीय तरीके से घसीट कर गिरफ्तारी करने पर अपनी प्रतिक्रिया मे कही। इन्होने आगे कहा कि बराबर चाहे भारतीय जनता पार्टी की सरकार हो या जेएमएम की सरकार लोकतांत्रिक शांतिपूर्ण विरोध करने पर लाठीचार्ज करना अनिवार्य हो गया है जो लोकतंत्र के लिए घातक है। श्री नायक ने आगे कहा कि एक जनप्रतिनिधि को एंव आन्दोलन रत छात्रो को बर्बर तरिके से इस तरह पुलिसीया कारवाई करना पुलिस को शोभा नही देता है जिसका मंच कड़े शब्दो मे इसकी निन्दा करता है और हेमंत सरकार से मांग करता है कि बदमिजाज पुलिस पदाधिकारी पर तुरंत कार्रवाई करे। श्री नायक ने यह भी कहा की पेपर लीक होने एंव परीक्षा मे धांधली, गड़बड़ी की शुरूआत भाजपा के मुख्य मंत्री बाबूलाल मरांडी के कार्यकाल मे ही श्री गणेश किया गया था। घोटाला की बात की जाय तो जेपीएससी घोटाले के दौरान बाबूलाल मरांडी की ही सरकार थी और बाबु लाल मरांडी द्वारा लगाये गये भ्रष्टाचार रुपी बीज आज विशाल कायम पेड़ बन चुका है इसलिए बाबूलाल मरांडी को जेएसएससी-सीजीएल या जेपीएससी पर बोलने का नैतिक अधिकार नही है। भाजपा के कार्यकाल मे सबसे ज्यादा मेघा घोटाले हुए अब उस पारीपाटी को हेमन्त सोरेन सरकार बड़ा रही है ।24 वर्ष के झारखंड मे झारखंड के युवाओ को सभी पार्टीयों की सरकारो ने धोखा देने का कार्य किया है। किसी भी सरकारो ने राज्य के युवाओ के भावनाओ का सम्मान नही किया है। जो राज्य निर्माण के समय देखे गये सपनो को तोड़ता है ।

### निगम की टीम ने पारस अस्पताल में की मापी



**रांची** : नगर निगम के नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर के विभिन्न आवासीय भवनों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर आदि की जांच का अभियान चल रहा है। सोमवार को नगर निगम के सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम धुर्वा के पारस अस्पताल परिसर के होल्डिंग टैक्स तय के लिये मापी करने के लिये पहुंचे। मालूम हो की पूर्व में भी नगर निगम की ओर से अस्पताल का कर निर्धारण के लिये नोटिस निर्गत किया जा चुका था। लेकिन अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। निगम की ओर से अस्पताल के कर निर्धारण के लिये मापी की नोटिस दी गई। आज निगम की टीम मापी के लिये अस्पताल परिसर पहुंची। मौके पर अस्पताल प्रबंधन ने दो दिनों के अंदर सेल्फ असेसमेंट करते हुए कर का भुगतान करने की बात कही है। सहायक प्रशासक ने 18 दिसंबर तक भुगतान करने का निर्देश दिया है। मौके पर नगर प्रबंधक, कर संग्रहकर्ता, मेसर्स श्री पब्लिकेशन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण आवश्यक : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** स्वस्थ माता और स्वस्थ बच्चे के लिए टीकाकरण अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। सभी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए और उसका जमीनी स्तर पर उत्तम निष्पादन करना चाहिए। उपरोक्त बातें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट की शुरूआत के लिए आयोजित एक समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि किसी भी टीकाकरण कार्यक्रम में एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के बीच जागरूकता लाकर बच्चों और उनकी माता को टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य केंद्र तक लाना होगा। माता एवं बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए उन्हें कुपोषण उपचार केंद्र में लाकर कुपोषण से मुक्त करना होगा। बैठक में उपायुक्त ने नियमित टीकाकरण, टीकाकरण से रोके जाने वाली बीमारियां, टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की। इस अवसर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के एसएमओ डॉ अमित कुमार ने बताया कि नवंबर 2024 तक टीकाकरण में धनबाद जिले की उपलब्धि लगभग 96% है। जबकि हेपेटाइटिस बी में 94% रही। उन्होंने टीकाकरण के बाद के प्रतिकूल प्रभाव, रिपोर्टिंग करने की पद्धति, ग्लोबल वैक्सीन एक्शन प्लान, ए.ई.एफ.आइ. के लिए क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम सहित अन्य विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन के 14 वैलेंट का टिका लगाकर इसका शुभारंभ किया गया। साथ ही ए.ई.एफ.आइ. सर्विलांस एंड रिस्पांस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। समारोह में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उत्तरी छोटानागपुर के क्षेत्रीय उप निदेशक डॉ सिद्धार्थ सनयाल, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, डॉ रवि रंजन झा, डॉ सुनिल कुमार के अलावा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी के एमओआईसी तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### पुलिस ने 7.5 क्विंटल अवैध कोयला के साथ चार बाइक को किया जब्त

**धनबाद :** रविवार को तेतुलमारी



पुलिस ने अवैध धंधेबाजों पर नकेल कसते हुए 7 .5 क्विंटल अवैध कोयला के साथ चार बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल को जप्त किया हलाकि धंधेबाज मौके से भागने में कामयाब रहे , वही थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव के लिखित बयान पर तेतुलमारी थाना कांड संख्या 61/24 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेक्टर 6 में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के लिए हुई बैठक

**बोकारो :** डॉ सेलिना टुडू के अध्यक्षता में आज दिनांक 16 दिसंबर 2024 में बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सैफुल्लाह अंसारी, शब्बीर अनवर, पीएसआई इंडिया के मैनेजर प्रोगाम इंप्लीमेंटेशन मोहम्मद मंजूर रहमान खान, शर्मिष्ठा सरकार ,शहरी क्षेत्र के सभी पब्लिक हेल्थ मैनेजर, बी टी टी एवं सहीया साथी उपस्थित रहे। आज की बैठक में शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन संबंधित प्रदान की जाने वाली सेवाओं की प्रगति की समीक्षा किया गया और पुरुष नसबंदी पखवाड़ा हेतु सभी उपस्थित कर्मियों को पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए योजना बनाई गई जिसे दो चरण में क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया जो इस प्रकार है पहले चरण में शहरी क्षेत्र के सभी योग्य दंपति का सर्वेक्षण करना एवं इच्छुक लाभार्थियों को लिस्ट बनाना और दूसरा चरण में इच्छुक लाभार्थियों को उनके द्वारा चयन किए गए परिवार नियोजन के सेवाओं को प्रदान करना रहा। इस पुरुष नसबंदी पखवाड़ा के नारा है -आज ही शुरूआत करें पति-पत्नी मिलकर परिवार नियोजन की बात करें परिवार नियोजन के प्रति पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने हेतु आगामी पुरुष नसबंदी पखवाड़ा में विशेष कर परिवार नियोजन के पुरुष नसबंदी जैसी आसान सेवा के प्रति समुदाय में फैली भ्रांतियां को दूर करने के लिए प्रचार प्रसार का योजना बनाया गया। सभी को जनसंख्या के मुताबिक अपेक्षित उपलब्धि स्तर बताया गया। साथ ही झुग्गी बस्ती में रहने वाले आबादियों को फैसिलिटी के साथ मेपिंग करने एवं योग्य दंपति के लिस्ट को अपडेट करने पर चर्चा की गई।

### वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 2.23 लाख जुर्माना



**बोकारो :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत टॉल प्लाजा के पास परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक 16 दिसंबर, 2024 दिन सोमवार की देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 06 वाहनों से 02 .23 लाख का जूर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 6 वाहन से 2 .23 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया।

डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 40 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 6 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

## 29 सूत्री मांगों पर वार्ता नही करना प्रबंधन को भारी पड़ेगा : लक्ष्मण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** मजदूरो का प्रमोशन, आवास मरम्मती, ग्लोबल टेंडर का विरोध सहित 29 सूत्री मांगों पर 4 माह बाद भी सिजुआ क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा मजदूर हित मे कारगर कदम उठाते हुये संगठन के प्रतिनिधियों से वार्ता न करना माइंस एक्ट के खिलाफ है,अगर समय रहते प्रबंधन 29 सूत्री मांगों पर वार्ता कर समाधान नही करती है तो बाध्य होकर एटक के बैनर सिजुआ क्षेत्र में चक्का जाम का कार्य किया जाएगा।उक्त बातें सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष मजदूरो को संबोधित करते केंद्रीय सदस्य सह क्षेत्र 3/4 के क्षेत्रीय सचिव लक्ष्मण महतो ने कहा कि मजदूरो का मूलभूत सुविधा से संबंधित 29 सूत्री मांगों पर अविलम्ब वार्ता कर समाधान नही किया गया तो बाध्य होकर एटक 5 दिन बाद पूरे सिजुआ क्षेत्र का चक्का जाम करने का कार्य किया जायेगा। रीजनल अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा कही एटक के मांगों पर प्रबंधन नजर अंदाज करना भारी पड़ेगा, संडे बेचना बंद करे, नही तो आंदोलन को बाध्य होंगे। मौके पर मो सरीफ, बिरेन्द्र ठाकुर, मृत्युंजय चटर्जी, एरिया 3 के सचिव बसंत शर्मा, पुरषोत्तम निषाद, बाल्मीकि यादव, विष्णु साव, कामता नोनिया, अशोक कुमार, धर्मेन्द्र कपूर, मनोज मूखिया, भीम महतो, मो जाकिर, अकबर अंसारी, अब्दुल वाहिद, मो साजिद, कैलाश महतो, सहित भारी संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

## ढुल्लू महतो ने संसद में सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने पर सरकार का ध्यान किया आकर्षित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से सांसद ढुलू महतो ने संसद के शीतकालीन सत्र में झारखंड की सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प और स्थानीय कलाओं के संरक्षण व प्रोत्साहन पर सरकार संग संवाद किया और ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने धनबाद जिले में चल रही योजनाओं और संभावित नए प्रयासों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। सांसद श्री महतो ने सदन में पूछा कि धनबाद और झारखंड के कलाकारों और शिल्पकारों को आर्थिक मदद देने के लिए क्या योजनाएँ बनाई जा रही हैं। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री ने जवाब में बताया कि केंद्र सरकार झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए कई योजनाओं का संचालन कर रही है। इनमें धनबाद में स्थानीय कला और हस्तशिल्प के संवर्धन के लिए 'गुरु-शिष्य परंपरा योजना' और 'राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम' शामिल हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि झारखंड में 2023-24 में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए धनबाद को 2.19 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। धनबाद के कलाकारों और सांस्कृतिक संस्थानों को भी कई अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इनमें युवा कलाकारों को छात्रवृत्ति, वरिष्ठ कलाकारों को वित्तीय सहायता, और सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन के लिए अनुदान शामिल हैं। सांसद श्री महतो ने झारखंड के कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत करने की योजनाओं पर भी चर्चा की। सांसद ढुलू महतो ने कहा, झारखंड और धनबाद की संस्कृति और कला को बढ़ावा देना मेरा प्राथमिक उद्देश्यों में से एक है। मैं सुनिश्चित करूंगा कि इन योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे। सांसद ढुलू महतो के इस प्रयास को क्षेत्र की जनता ने काफी सराहा है। धनबाद के लोगों ने उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए धन्यवाद दिया।

## मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने टू-टैंक गार्डन तालाब में किया जल सत्याग्रह



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** मृत कर्मचारी आश्रित संघ ने अपने हक अधिकार की मांग को लेकर सोमवार को सेक्टर 3 स्थित टू-टैंक गार्डेन में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। संघ अध्यक्ष सनी कुमार ने कहा कि हम लोग विगत कई वर्षों से अपने मृत पिता, जो सेल बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत थे, जिनकी सेवाकाल अवधी रहते ही मृत्यु हो गई थी। इसको लेकर बोकारो इस्पात संयंत के तत्कालिन प्रबंध निदेशक एवं एनजेसीएस यूनियनों के बीच समझौता हुआ था, कि डीए, बेसिक के बदले उनके परिवार के एक सदस्य को प्रशिक्षण देकर बिना उम्र सीमा के प्रशिक्षित किया जाएगा। ट्रेड अपरेंटिस प्रशिक्षण आश्रितों को आवास आवंटन करने तथा पूरे परिवार के लिए बीजीएच में मेडिकल लाभ की सुविधा उपलब्ध कराने की बात तय हुई थी। इसके साथ ही सारे आश्रितों को नियोजित करने की भी बात हुई थी। परन्तु बोकारो इस्पात प्रबंधन अपने बनाए हुए नियम को तोड़ते हुए प्रशिक्षित आश्रितों को लंबे समय तक रोक कर रखा। बाद में उम्र सीमा 28 वर्ष कर दी गई, जिस कारण कुछ आश्रितों की उम्र पार हो चुकी है। कहा कि सेल प्रबंधन आश्रित के परिवारों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहा है। अपने मृत कर्मचारियों के आश्रितों के साथ धोखाधड़ी करते हुए, उनको हक अधिकार देने से बच रही है। सभी आश्रितों पर जुल्म ढहाते हुए सेल इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन द्वारा अपने मृत कर्मचारी के आश्रितों के आवास की बिजली काटने का काम किया जाता है। हम आश्रितों को गैर-कानूनी करार देकर अन्याय किया जा रहा है, जिससे हम आश्रित परिवार में सेल प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। साथ ही अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। कहा कि हम आश्रितों ने निर्णय लिया है कि 18 दिसंबर बुधवार को सुबह 10:30 बजे टू-टैंक गार्डन के तालाब में जल सत्याग्रह करेंगे। हम आश्रितों को न्याय मिलने तक हम सभी आश्रित परिवारों के साथ तालाब में ही रहेंगे। इस दौरान किसी तरह अप्रिय घटना होती है, तो सारी जिम्मेदारी सेल प्रबंधन बोकारो की होगी।

## स्टील चैंपियंस ट्रॉफी जीत एसएमएस न्यू विभाग बना विजेता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** स्टील प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा इंजिनीर्स की तरफ से सेक्टर 4 क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित स्टील चैंपियंस ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट टूनामेंट का आज भव्य समापन हुआ। बीआईडीयू के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि इस टूनामेंट में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों से कुल 24 विभागीय टीमें भाग ले रही थीं। हर दिन 4 मैच का आयोजन किया गया। इस पूरे टूनामेंट में कुल 36 लीग चरण के मैच, सुपर-12 में 12 मैच, सेमीफाइनल में 2 मैच और आखिरी में फाइनल के एक मैच खेला गया इस तरह से कुल 51मैच खेले गए। आज हॉट स्ट्रिप मिल और इस एम एस न्यू के बीच टूनामेंट का फाइनल मैच खेला गया। एस एम एस न्यू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। हॉट स्ट्रिप मिल की टीम के तरफ से से बल्लेबाजी करते हुए ओपनर बैट्समैन बजरंग ने 23 गेंदों का सामना करते हुए सर्वाधिक 31 रन बनाए उसके बाद नीलेश ने धुँआधार बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 26 रन बनाए। इस प्रकार से एच एस एम की टीम ने कुल 108 रन बनाए और एस एम एस न्यू की टीम के सामने 109 रनों के लक्ष्य रखा। इसके जवाब में एस एम एस न्यू टीम की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए नितेश तिवारी ने 17 गेंदों में 20 रन बनाए उसके बाद राकेश नायक ने 6 गेंदों में शानदार 17 रन की पारी खेली। एच एस एम के तरफ से गेंदबाजी करते हुए अजीत ने सर्वाधिक 5 विकेट लेकर 28 रन दिए। बहुत ही रोमांचक स्थिति में मैच आखरी ओवर में ड्रा हुआ। उसके बाद टीमो को एक एक ओवर का सुपर ओवर दिया गया। इसमें एस एम एस न्यू ने मैच को जीत लिया। फाइनल मैच की समाप्ति के बाद क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक प्रभारी राजन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर बी बी करुणामय, कुंदन कुमार, विनय कुमार सिंह वी एम बक्शी उपस्थित रहे।

# बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा निखारने को ले विद्यालय कटिबद्ध : प्राचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन में डीपीएस बोकारो के 10वीं के छात्र आरूष रंजन ने पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। आरुष ने कक्षा 10 के समूह में राज्य में पहली रैंक पाते हुए आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए क्वालीफाई किया है। विदित हो कि बीते 23 अक्टूबर और 27 अक्टूबर को ऑनलाइन मोड में वीवीएम 2024-25 की परीक्षा हुई थी, जिसमें डीपीएस बोकारो के नौ विद्यार्थी राज्य स्तर पर चयनित किए गए थे। इसके बाद 15 दिसंबर को सीएसआईआर,सीआईएमएफआर, धनबाद में आयोजित राज्यस्तरीय शिविर में प्रैक्टिकल और लिखित परीक्षा के बाद पूरे झारखंड से आरूष रंजन ने 10वीं कक्षा के ग्रुप में रैंक 1 लाकर मेधावितापूर्ण अपनी कामयाबी का परचम लहराया। धनबाद में आयोजित उक्त परीक्षा में झारखंड के विभिन्न जिलों से कक्षा 6 से 11वीं के कुल 131 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उनमें से 12 छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता के सबसे अंतिम चरण राष्ट्र स्तरीय शिविर के लिए चयनित किए गए। इनमें आरूष रंजन पहले स्थान पर रहा। इसके लिए उसे 5000 रुपए की पारितोषिक राशि, प्रमाण-पत्र और ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आईआईटी आईएसएम धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा तथा सीएसआईआर-एसआईएमएफआर के निदेशक प्रोफेसर अरविन्द कुमार मिश्रा ने आरूष को पुरस्कृत किया। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरूष की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई एवं राष्ट्रीय स्तर के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो बच्चों की वैज्ञानिक प्रतिभा के विकास को लेकर कटिबद्ध है। गौरतलब है कि आरूष रंजन ने हाल ही में रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त कर भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के लिए भी क्वालीफाई किया है।

**देश की सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता है वीवीएम**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और एनसीईआरटी की ओर से आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन विज्ञान की सबसे बड़ी प्रतिभा-खोज प्रतियोगिता है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए योगदान से अवगत कराना है। यह परीक्षा तीन स्तरों पर आयोजित की जाती है। प्रथम स्तर पर इसका आयोजन स्कूल एवं कॉलेज में ऑनलाइन माध्यम से होता है। उसमें विजयी प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी में 20 से 22 तक पौष पार्बन मेला का हुआ आयोजन



**धनबाद :** बंगाली संगठन लिंडसे क्लब एंड लाइब्रेरी इस साल 20 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 तक क्लब परिसर में अपना प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम पौष पार्बन मेला आयोजित करने जा रहा है। 16 दिसंबर 2024 को क्लब परिसर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में क्लब के अध्यक्ष और पूर्व निदेशक सीआईएमएफआर डॉ. अमलेंदु सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 से क्लब का यह आयोजन बड़ी संख्या में धनबाद और आसपास के क्षेत्र से मनोरंजन प्रेमी और सांस्कृतिक रूप से प्रेरित लोगों को आकर्षित करता है। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. सिन्हा ने बताया कि इस वर्ष हृदीप पी.जनार्दन, एसएसपी,धनबाद ने 20 दिसंबर 2024 को उ?द्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है और डॉ. शर्मिला रानी, प्राचार्या, एस.एस.एल.एन.टी. महिला महाविद्यालय सह डीन, शिक्षा, बी.बी.एम.के.यू इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तीन दिवसीय महोत्सव में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होंगे। बंगाली संस्कृति के खाद्य स्टाल और बंगाल के बाउल और बंगाली बैंड जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### कथक नृत्य कार्यशाला का हुआ आयोजन



**धनबाद :** धनबाद सेंट्रल कोल वासरी ऑगेनाईजेशन के सभागार में शनिवार को 13 से 15 दिसंबर तक ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल, अनुभूति एक एहसास,सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र, सीसीडब्ल्यूओ के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का सफल समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यशाला के तीसरे एवं अंतिम दिन सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कोल वाशरी डिवीजन के जीएम देबज्योति अधिकारी , आयोजनकताओं व अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय कलाकार श्रुति चंद्र द्वारा गणेश वंदना द्वारा की गई। इसके उपरांत कार्यशाला में प्रशिक्षित स्थानीय कलाकारों ने बहुत ही दर्शनीय एवं मनमोहक कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। तीन दिवसीय कार्यशाला में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रशिक्षण देने वाले वाराणसी घराने के अंतरराष्ट्रीय कथक कलाकार विशाल कृष्ण ने प्रशिक्षण प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि देबज्योति अधिकारी ने मंच से कहा की भारत में कथक नृत्य 400 बी सी में शुरू हुआ था जो भगवान शिव के नृत्य पर आधारित है। जिसे विभिन्न कत्थक गुरुओं ने इसे आगे बढ़ाया और वर्तमान में विशाल कृष्णा जैसे दक्ष कथक कलाकार हमारे देश की इस सांस्कृतिक कथक नृत्य का विस्तार कर रहे हैं जो हमारे वर्तमान में पीढ़ी के बच्चों के लिए अनुशासन के संदर्भ में बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऑल इंडिया ऑल इंडिया थिएटर काउंसिल के सभी पदाधिकारी एवं काला हीरा जैसे बड़े मंच के निदेशक राजेंद्र प्रसाद को बधाई दी और भविष्य में बच्चों को बड़ा मंच प्रदान करने के लिए शुभकामनाएं दी। सांस्कृतिक प्रशिक्षण केंद्र,काला हीरा के निदेशक राजेंद्र प्रसाद ने बताया विशाल कृष्ण स्थानीय कलाकारों को कथक नृत्य की बारीकियां सिखाई हैं जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है सर्व विदित है कि कोई भी कलाकार किसी बड़े गुरु से नृत्य सीख नहीं जाते वह आगे नहीं बढ़ते हैं।

### युवाओं, महिलाओं का सभी पार्टी के लोग करते हैं इस्तेमाल : डब्लू महतो



**धनबाद :** हम का प्रदेश अध्यक्ष शुशील महतो उर्फ डब्लू ने कार्यकर्ता सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुये हम पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शुशील महतो उर्फ बबलू महतो ने सामुदायिक भवन भण्डारीडीह कतरास में संबोधित करते हुये कहा कि 24 वर्ष के युवा झारखंड आज तक लोगो को ठगने का कार्य किया,रोजगार के नाम पर छलावा,कई बिभाग के पैसे वापस हो रहा है,कल्याण बिभागबक कई योजना लंबित है,सरकार के सभी बड़े खोखला है,झारखंड में हमारी पार्टी का विस्तार कर रही है,हमारी पार्टी सिर्फ युवाओ को मौका दे रही है, दलित गरीब के हित के बारे में सोचती है हिंदुस्तान अवाम पार्टी,गरीबो के नेता जीतन राम मांझी है। ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य को बेचने का कार्य कर रहे है,राष्ट्रीय संपति की खुले आम लूट हो रही है,बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध नही हो रहा है। मौके पर गौरी कुमार चैता, मनोज भुइंया दल बल के साथ पार्टी में शामिल हुए,मनोज भुइंया को धनबाद जिला का कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में ओ बी सी मौर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रामाधार, युवा जिला अध्यक्ष किस्मत ऋषि,प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता,गौतम ऋषि, पूर्व मूखिया सीताराम भुइंया,मुनारिक भारती सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मौर्चा के जिलाध्यक्ष किस्मत ऋषि व संचालन पूर्व मूखिया सीताराम भुइँया ने किया।

### अमर शहीदों को पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**बोकारो :** 1971 युद्ध के स्वर्णिम विजय दिवस के अवसर पर, पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बोकारो ईकाई द्वारा, सीटी पार्क- बोकारो के शहीद उद्यान मे अपने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ उस युद्ध में शामिल जांबाज सैनिकों को सम्मानित करने का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम श्री कुंदन कुमार जी-बोकारो इस्पात नगर प्रबंधन, के साथ ही जीएम श्री ए के सिंह जी नगर प्रबंधन, विवेक जी बेहतर झारखंड के संयोजक, सांसद प्रतिनिधि अशोक कुमार वर्मा जी, महानगर कारवाह रतन जी, सहित अन्य संगठनों के सदस्यों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में परिषद के अतिरिक्त, नगर के गणमान्य नागरिकों की जिनमें विश्व हिदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, संकल्प सृजन, एवं अन्य संगठनों सहित भाजपा नेता नीरज कुमार सहित नगर के विभिन्न संगठनों के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। 1971 के युद्ध में शामिल बिहारी सिंह जी, एस के सिंह जी, एवं बृन्दा सिंह को संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया। इन युद्ध वीरों ने भी अपने संबोधन में युद्ध काल के संस्मरण सुनाते हुए, पुरानी बातों को याद किया। अपने संक्षिप्त वक्तव्य में श्री कुंदन जी ने उस युद्ध में शामिल सभी सैनिकों के प्रति अपना सम्मान ब्यक्त करने के साथ-साथ सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# पलामू के ऑटो चालकों के आंदोलन का विधायक आलोक ने किया समर्थन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन और झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के तत्वावधान में ऑटो चालकों की नौ सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को पांचवे दिन भी आन्दोलन जारी रहा। समाहरणालय में जहां धरना प्रदर्शन किया गया, वहीं सड़कों पर ऑटो का परिचालन ठप कराया गया। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामाकांत दुबे ने की। धरने का नेतृत्व केंद्रीय संगठन सचिव राकेश कुमार सिंह ने किया। आन्दोलन में क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया शामिल हुए। उन्होंने पूरे मामले को समझा और ऑटो चालकों की मांगों को जायज बताते हुए पहल करने का भरोसा दिलाया। विधायक को महासंघ के नेताओं ने बताया कि उनके आन्दोलन का आज पांचवा दिन है, लेकिन अबतक मांगों को लेकर कोई प्रशासनिक पहल नहीं की गयी है। पूरे मामले से अवगत होने पर विधायक ने कहा कि इस मुद्दे पर मैं संबंधित अधिकारियों से बात करके जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करूंगा। ऑटो चालकों की हड़ताल से आम नागरिकों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए ठोस और आवश्यक कदम उठायेंगे। किसी भी परिस्थिति में चालकों को जिला प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों के जरिये शोषण नहीं करने दिया जाएगा। महासंघ के जरिये सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मांगों की पूर्ति नहीं होने और जिला प्रशासन की तानाशाही रवैया के खिलाफ 17 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना आमरण अनशन में तब्दील कर दिया जायेगा। साथ ही अनिश्चितकालीन चक्का जाम रहेगा, जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी। इनकी प्रमुख मांगों में बस स्टैंड को शहर से बाहर व्यवस्थित करने, नगर निगम क्षेत्र में चालकों से 24 घंटे में एक बार नगर निगम शुल्क लेने, ट्रैफिक इंचार्ज की अवैध वसूली और ऑटो चालकों को प्रताड़ित करने की घटना पर पाबंदी लगाने, शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बनाने सहित अन्य शामिल है। मौके पर अनुज कुमार मिश्रा, बिट्टू खान, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन, मुन्ना, संतोष शुक्ला, प्रेम तिवारी, गुड्डू शुक्ला सहित बड़ी संख्या में चालक शामिल थे। ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का सड़कों पर असर देखा गया। ऑटो के नहीं चलने से राहगीरों की मुश्किल बढी नजर आयी। बडे वाहनों से उतरने के बाद यात्री ऑटो की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी। अंत में जब उन्हें जानकारी हुई कि ऑटो चालक हड़ताल पर हैं तो वे पैदल गंतव्य की ओर रवाना हुए। कोयल ब्रिज से गुजर रहे कई यात्रियों से बात की गयी। उन्होंने बताया कि पैदल चलने में भारी परेशानी हो रही है। बच्चे, सामान आदि को पैदल ले जाने में कष्ट हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऑटो चालकों की हड़ताल जल्द समाप्त होनी चाहिए।

## सूरज कुमार की मुंबई में मौत झारखंडी एकता संघ के सहयोग से शव गांव भेजा गया

**सरिया (गिरिडीह) :** रोजगार की तलाश में दूसरे राज्य जाने वाले झारखंड प्रदेश के प्रवासी मजदूरों का मौत होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। बरकट्ठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम में किमनियां पंचायत गंगपाचो निवासी स्व नारायण यादव के 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार यादव का दिनांक 14/12/2024 वर्ली में मौत हो गया था। बताते चलें कि सूरज कुमार यादव वर्ली में होटल में काम करता था। मसाला पिसते समय ग्राइंडर मशीन में उनका हाथ फंस जाने से उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गया। मृत्यु का खबर परिवार वालों को मिलते ही पूरे परिवार में चीखपुकार एवं गांव में मातम छा गया और परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं गांव के किमनियां निवासी सुदामा चौधरी ने प्रवासी मजदूरों के हितार्थ कार्य करने वाली संस्था झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद को सुचना दिया और शव को गांव भेजने में मदद करने का अपील किया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपालपुर में छोटा मकर के अवसर पर श्मशान काली का हुआ पूजन



**पटमदा :** पटमदा के गोपालपुर गांव में बंगला आग्रहन संक्रांति पर श्मशान काली पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन गोपालपुर मेला कमिटी द्वारा किया गया। इस दौरान मेला का उद्घाटन जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के पटमदा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू के द्वारा फीता काटकर किया गया। जानकारी देते हुए विश्वनाथ माझी ने बताया कि मेला कमिटी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम ओर मेला प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन किया गया। जिसमे आसपास के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने मेला का आनन्द उठाया। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ,सुभाष कर्मकार ,अश्वनी महतो, जमीनी कांत प्रमाणिक, कमिटी के विश्वनाथ माझी परेश चंद्र माझी प्राण कृष्ण माझी गोविंद माझी मुरारी पाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा में आमने-सामने की टक्कर में मां-बेटी घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आजाद नगर में ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर में इमली देवी उम्र 44 वर्षीय, पति भुनेश चौधरी, सोनी कुमारी उम्र 12 वर्षीय, पिता भुनेश चौधरी, रामपुर दियारा की रहने वाली मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ई रिक्शा और ऑटो रिक्शा आमने-सामने की टक्कर में हम दोनों मां बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। और बताया कि स्टेशन चौक से कोर्ट किसी काम को लेकर जा रही थी जहां रास्ते में आजाद नगर के पास ई-रिक्शा में बैठी हुई थी वही सामने से ऑटो रिक्शा तेज रफ्तार में आ रहा था,जहां ऑटो रिक्शा असंतुलित होकर ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मां बेटी बुरी तरह घायल हो गई। वही इलाज के लिए राहगीरों के द्वारा साहिबगंज सदर अस्पताल भेजा गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर इलाज में तुरंत लग गए मां को अंदरुनी छोटे लगी है और बेटी को सर में गहरा चोट लगा है। जहां जिरवाबाड़ी थाना को दुर्घटना की सूचना दे दी गई है। मामले की छानबीन कर रही है।

## श्रीरामडीह में विधायक की पहल पर लगाया गया 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया नगरपंचायत क्षेत्र के श्रीरामडीह में बीते 15 दिन से अधिक समय से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। वहां के स्थानीय लोगों ने मामले से बिधायक नागेन्द्र महतो को अवगत कराया। जिसके बाद विधायक नागेंद्र महतो ने विभाग से बात कर श्रीरामडीह में 100 केवीए का नया ट्रांसफार्म दिलाया। उक्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन सोमवार को भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री फागु पंडित ने फीता काटकर व नारियल फोडकर किया। इस दौरान फागु पंडित ने बताया कि वर्तमान बिधायक नागेन्द्र महतो क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम सभी भाजपा परिवार के लोग उनके कंधा से कंधा मिलाकर चलेंगे। ग्रामीणों ने बिधायक नागेन्द्र महतो व फागु पंडित को धन्यवाद दिया है। मौके पर बिनोद ठाकुर, चांदो महतो, बाबूलाल महतो, बालेश्वर महतो, काली महतो, रामलाल महतो, सोनू मांझी, अर्जुन महतो, दिनेश महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे ।

## बीओआई अधिकारी संगठन ने आयोजित किया क्रिकेट ट्रायल मैच

**हजारीबाग :** बैंक ऑफ इंडिया अधिकारी संगठन, हजारीबाग अंचल द्वारा आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट हेतु अंचल के चारों जिला हजारीबाग ,कोडरमा, चतरा और रामगढ़ के अधिकारियों के लिए क्रिकेट ट्रायल मैच का आयोजन संत कोलंबस कॉलेज ग्राउंड में किया गया। इस ट्रायल मैच के लिए मुख्य अतिथि के रूप में रटएउउ के सहायक महाप्रबंधक अमित भदानी , अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश आजाद तथा अंचल के सहायक महासचिव अमर कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

# पूर्व विधायक बैरागी उरांव का निधन चैनपुर में हुआ अंतिम संस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** गुमला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बैरागी उरांव का निधन 81 वर्ष की आयु में रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की सुबह हो गया। रविवार के देर शाम उनके शव को चैनपुर स्थित आवास लाया गया। उनका निधन से आदिवासी समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। सोमवार को चैनपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक गीताश्री उरांव भी पहुंचीं, लेकिन उन्हें लोगों की खरी खोटी सुननी पड़ी। बैरागी उरांव के परिजनों ने बताया कि उन्होंने पूर्व मंत्री बंधु तिर्की और लोहरदगा विधायक रामेश्वर उरांव को फोन कर उनके निधन की जानकारी दी थी लेकिन उनमें से कोई भी अस्पताल या अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुए। इससे आदिवासी समुदाय के लोगों में नाराजगी है। परिजनों ने बताया कि बैरागी उरांव शुरू से ही कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता रहे थे। उन्होंने गुमला विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक का चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। उन्होंने अपना जीवन कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित कर दिया। लेकिन उनके निधन के बाद भी उन्हें राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिला। इससे आदिवासी समुदाय के लोगों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि तीन बार के विधायक और कांग्रेस पार्टी के समर्पित नेता को राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात है।

## कंचनपुर में 70 असहाय लोगों के बीच किया गया कंबल का वितरण

**सरिया (गिरिडीह) :** सोमवार को सरिया प्रखंड क्षेत्र के पुरनीडीह पंचायत अंतर्गत कंचनपुर में अंबिका चेरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में फाउंडेशन के सचिव रविंद्र रंजन की माता स्वर्गीय अंबिका देवी की 13 वीं पुण्यतिथि कंचनपुर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खेल मैदान में आयोजित किया गया सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों द्वारा चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित एवं मौन रख कर श्रद्धांजलि सभा की गई। रविन्द्र रंजन ने बताया कि उनकी माता का निधन उनके बाल अवस्था में ही हो गई थी इसीलिए उनकी याद में प्रत्येक वर्ष गरीब ,असहाय लोगों की मदद हमेशा करते है इसी निमित आज 70 वृद्ध, असहाय व दिब्यांग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कहा कि आज के इस भौतिक वादी युग में बच्चे अपनी माता पिता की सेवा करने से मुकरते है,ऐसे में रबिन्द्र रंजन द्वारा माँ की पुण्यतिथि के अवसर पर किये जानेवाले इस तरह के आयोजन का हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। क्योंकि माता पिता का स्थान इस धरती पर सबसे ऊपर है और कभी भूलकर भी उनका दिल नहीं दुखाना चाहिए। बुढापे में माता पिता की सेवा करने से बडा कोई पुण्य नहीं है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला परिषद् उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,सरिया प्रमुख प्रीति कुमारी,पूर्व प्रमुख रामपति प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार शर्मा, सुनील कुमार, रामाशंकर ठाकुर, जयप्रकाश वर्मा,रामदेव ठाकुर,छोटी मंडल,प्रयाग ठाकुर,अमरनाथ सिंह,राजेश वर्मा , संजय वर्मा,उमेश वर्मा,सतीश वर्मा,दामोदर महतो,उमेश यादव, बाल गंगाधर साव समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।

## चिरुवा मजार शरीफ में गौसिया जनरल कमेटी पुनर्गठित, सदर बने पूर्व मुखिया रफीक अंसारी

**सरिया (गिरिडीह) :** सरिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिरुवा शरीफ में स्थित सैयद बाबा गौशा अली शाह मैसूरी रहमतुल्लाह अलैहे के मजार शरीफ की गौसिया जनरल कमेटी का पुनर्गठन हेतु मजार शरीफ परिसर में रविवार को बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य कारी बरकत अली अयूबी ने किया जबकि संचालन अमन फाउंडेशन के अध्यक्ष मौलाना मुख्तार अहमद ने कि उक्त बैठक मेंसर्व समिति से निर्णय लिया गया कि आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह 8, 9 ,10 फरवरी के मद्देनजर उर्स मेला को लेकर कार्यकारी कमेटी का पुनर्गठन किया गया जिसमें सदर मुखिया प्रतिनिधि रफीक अंसारी ,सेक्रेटरी पंचायत समिति सदस्य लाल मोहम्मद,खजांची मौलाना गुलाम ख्वाजा शहरवर्दी, नायब सदर मोहम्मद अजीज, सेक्रेटरी इस्लाम अंसारी, सरपरस्त करी बरकत अली अयूबी 40 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है ज्ञात हो कि गौसिया जनरल कमेटी भंग होने के बाद पिछले 6 माह के पश्चात गौसिया जनरल कमेटी गठित की गई है उक्त पूर्ण गठित कमेटी के ऊपर मजार शरीफ की जर्जर को विकसित करना अति आवश्यक चुनौती है ग्रामीणों के बीच आपसी तालमेल बिठाकर चलाने की भी बहुत बड़ी जिम्मेवारी होगी वही विधि व्यवस्था संधारण की अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी, चिचाकी रेलवे स्टेशन में अस्थाई मेल एक्सप्रेस ट्रेन ठहराव 2 महीने तक रुकवाने के लिए बहुत बड़ी चुनौती साबित होगी।

## विजय दिवस समारोह में शहीदों को किया गया याद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चैनपुर :** परमवीर लांस नायक अल्बर्ट एक्का कॉलेज चैनपुर में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के योद्धा केरल से आकर वानप्रस्त आश्रम मँझाटोली में रह रहे होनेरेरी कैप्टन वी नायर उपस्थित थे।समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में 71 युद्ध के योद्धा भारतीय वायु सेना के वेटरन सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह एवं नौ सेना के योद्धा वेटरन ऑनरेरी लेफ्टिनेंट हरिनारायण साहू एवं जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी गुमला कमांडर रामाराव साहब भी उपस्थित थे। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य ने मेहमानों का स्वागत किया और वेटरन अनिरुद्ध सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा विषयवस्तु प्रस्तुत की। उन्होंने लांस नायक अल्बर्ट एक्का की रणभूमि का पूरा प्रोजेक्टर के द्वारा चित्रण प्रस्तुत किया, जो गंगासागर के युद्ध के रूप में जाना जाता है। मंच पर विराजमान थल, जल एवं नभ सेना के योद्धाओं ने आर्मी, नेवी एवं वायु सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा अपने अपने अनुभव के आधार पर सुनाई। मुख्य अतिथि कैप्टन नायर ने अपने द्वारा मुक्तिवाहिनी बल को प्रशिक्षण प्रदान करने का अनुभव बांटा। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी गुमला ने युवक युवतियों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। सभा में सार्जेंट अभिजीत दास, वारंट ऑफिसर एस सेन, बी एस एफ के सुनील कुजूर, सेना के के के तिवारी , कृत संकल्प, शुभम, वर्षा आदि अतिथि उपस्थित थे।

## एसबीयू और एनआईएसएम के बीच हुआ एमओयू



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक और एनआईएसएम के जीएम डॉ. संजीव बजाज ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। समझौते के अंतर्गत वित्तीय बाजार में करियर बनाने को उत्सुक विवि के स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे। सेबी द्वारा स्थापित इस संस्थान से सफलतापूर्वक कोर्स उत्तीर्ण कर विद्यार्थी रोजगार के अलावा स्वरोजगार के क्षेत्र में भी लाभ उठा सकते हैं।

## जिले के 442 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में लिया भाग



**गुमला :** चौकीदार नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से प्रारंभ हो गई है। यह परीक्षा गुमला जिले के नागफेनी स्थित IRB कैंप ग्राउंड में आयोजित की जा रही है। सुबह 7 बजे से प्रारंभ इस परीक्षा में दौड़, साइकिलिंग और अन्य शारीरिक दक्षता जांच की जा रही है। परीक्षा 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें सरकार के दिशानिर्देशों का पूर्णत: पालन किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निर्देश दिया है कि चौकीदार नियुक्ति प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के अनुसार संपन्न की जाए।

# सांसद ने जनजातीय पर्यटन और एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने के मामले को लोकसभा में उठाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पलामू :** सांसद विष्णु दयाल राम ने सोमवार को लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान पर्यटन मंत्रालय से झारखंड राज्य में जनजातीय पर्यटन और एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित मामले को पूछा। उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों की है। केन्द्र सरकार जरिये स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के तहत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं यह से जानना चाहता हूं कि 30.44 करोड़ रूपए की राशि झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजनाओं के तहत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी। यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लायी गयी तो क्या कदम उठाये गए या उठाये जा रहे हैं, ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण है और कठिनाईयां क्या है। केन्द्र सरकार के जरिये 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के तहत पर्यटन क्षमता वाले गांवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिए कितने प्रस्तावित हैं और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है। उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुए पर्यटन मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनीक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ह्यप्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियानह्य के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसित करने की पहल को भी मंजूरी दी है। इस पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई पांच लाख रूपए, नवीकरण के लिए तीन लाख रुपए और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए पांच लाख रुपए की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–71/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की : दिनांक 23.12.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न तक तिथि एवं समय
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24.12.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.12.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance and Operation Contract of Fire Alarm System, Fire Detection System and Fire Extinguisher System Installed at NAYAN SADAN Jharkhand Legal Services Authority (JHALSA), Doranda, Ranchi Jharkhand for the Year 2024-25 (Period 01-01-2025 to 31-12-2025) | 3085300 | 61800 | 5000 | One Year |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्ल संख्या–1, रॉंची

PR 342140 (Building)24-25*D



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

–: आम सूचना :–

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 राजेश्वरी देवी (पति स्व0 विदेश्वरी प्रसाद सिन्हा)
↓
मीना कुमारी (पुत्री) | कृष्णा देवी (पुत्री) | किरण सिन्हा (पुत्री) | संगीता सिन्हा (पुत्री) | अनीता सिन्हा (पुत्री) | स्व0 पल्लवी पाठक (पुत्री)
स्व0 पल्लवी पाठक (पुत्री) → गौतम कुमार जायसवाल (पति) | अक्ष आर्यन (पुत्र)

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 342162 District (24-25)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह**

ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GIRIDIH/25/RE/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | गिरिडीह जिला के प्रखण्ड जमुआ के बहुरिंगाडीह और गरडीह के बीच समाही नदी पर पुल का निर्माण। (पुल की लंबाई–25.36 मीटर) | 22964415.00 | 460000.00 | 10000.00 | 15 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.12.2024 से दिनांक 24.12.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –26.12.2024 अपराह्न 12:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गिरिडीह।

PR.NO.342125 Rural Development(24-25):D

# उस्ताद जाकिर हुसैनः एक संगीत साधक



दिलीप कुमार पाठक

महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे, और बड़ी शालीनता के लिए कहते - भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं '

महान तबला वादक जाकिर हुसैन साहब को ब्लड प्रेशर की परेशानी के कारण अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक हस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उन्होंने आखिरी साँस ली ' कुछ दिन पहले ही उन्हें हार्ट की दिक्कत भी हुई थी। महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का अमेरिका में निधन होने की खबर आने के बाद पूरे मुल्क में शोक छा गया ' जाकिर हुसैन साहब जैसी शख्सियतें युगों में कभी जन्म लेती हैं ' उस्ताद जाकिर हुसैन साहब का जाना सचमुच एक युग का अंत हो जाना है ' जाकिर हुसैन अपने आप में संगीत का एक युग थे ' ये हिंदुस्तान का बहुत बड़ा नुकसान है ' पीढ़ियां इस बात पर सीना चौड़ा करेंगी कि ऐसा पुष्प हिन्द के आँगन में उगा था, जिसके संगीत की खुशबू से पूरी दुनिया महकती है ' ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जो जाकिर हुसैन साहब की थापों पर फि दा न हुआ हो ' जैसे आज आश्चर्य होता है कि सुर सम्राट तानसेन क्या भारत में ही पैदा हुए थे? आने वाले दौर में बच्चे गर्व करेंगे कि महान तबला उस्ताद हमारे वतन के थे '

तब ही तो साहित्यकार शायर ध्रुव गुप्त उस्ताद जाकिर हुसैन साहब की महान शख्सियत को याद करते हुए कहते हैं -

*-कभी बारिश, कभी तूफां, कभी बिजली की कड़क*
*वो उंगलियां थीं कि कुदरत का करिश्मा थीं, हुजूर !*

उस्ताद जाकिर हुसैन अक्सर कहा करते हैं कि भारतीय शास्त्रीय संगीत स्टेडियम के लिए नहीं है, बल्कि यह कमरे का संगीत है। हालांकि ये भी सच है शायद ही कोई देश बचा हो, जहां जाकिर हुसैन साहब ने अपना शो नहीं किया और श्रोताओ को अपनी कला का दीवाना ना बनाया हो।

उस्ताद जाकिर हुसैन मशहूर तबला वादक कुरैशी अल्ला रक्खा खान के पुत्र थे ' अल्ला रक्खा खान भी तबला बजाने में माहिर माने जाते थे। जाकिर हुसैन जब अपनी उंगलियों और हाथ की थाप से तबला बजाते थे तो मंत्रमुग्ध कर देते थे । उनके तबले के सुर को सुन लोग मदहोश हो जाते हैं और कहते हैं वाह उस्ताद। हालांकि टेलीविजन पर आता ताज चाय का विज्ञापन भी उन्हें नई पीढ़ी में खासा लोकप्रिय बनाता था ' आज अधिकांश लोग उस स्लोगन के साथ उस्ताद को याद कर रहे हैं '



जाकिर हुसैन ने देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में अपनी कला का परचम लहराया है। खुद का नाम तो रोशन किया ही बल्कि अपने राष्ट्र का मान बढ़ाया ' हमारी पीढ़ी के लोगों के लिए तबला का दूसरा नाम उस्ताद जाकिर हुसैन ही रहा है ' उस्ताद बिस्मिल्ला खान की शहनाई, हरि प्रसाद चौरसिया की बांसुरी, पंडित शिव शर्मा का संतूर..... इसी तरह तबला उस्ताद जाकिर हुसैन साहब के साथ जुड़ा हुआ है ' जीवन में इतनी प्रसिद्धि पाने के बाद भी उस्ताद को सादगी से रहना पसंद करते थे ' और वह अक्सर जमीन से जुड़े रहते थे '

महान लोगों की महान बातें जाकिर हुसैन साहब को कोई उस्ताद कहता तो असहज हो जाते थे, और बड़ी शालीनता के लिए कहते - भाई मैं उस्ताद नहीं हूं मुझे आप जाकिर या जाकिर भाई कहो उस्ताद कभी बनना भी नहीं चाहूंगा, मैं हमेशा शागिर्द बनकर रहना चाहता हूं ' तबला के महान विद्वान खुद को उस्ताद मानते ही नहीं थे, ये शालीनता उन्हें बहुत अलहदा अद्वितीय कलाकार बनाती है '

उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्षों के बाद यह मुकाम पाया है। जाकिर हुसैन के अंदर बचपन से ही धुन बजाने का हुनर था। वे कोई भी सपाट जगह देखकर उंगलियों से धुन बजाने लगते थे। यहां तक कि किचन में बर्तनों को भी नहीं छोड़ते थे। तवा, हांडी और थाली, जो भी मिलता, वे उस पर हाथ फेरने लगते थे। शुरूआती दिनों में उस्ताद जाकिर हुसैन ट्रेन में यात्रा करते थे। पैसों की कमी की वजह से जनरल कोच में चढ़ जाते थे। सीट न मिलने पर फर्श पर अखबार बिछाकर सो जाते थे। तबले पर किसी का पैर न लगे, इसलिए उसे अपनी गोद में लेकर सो जाते थे। ऐसा समर्पण जब किसी कलाकार में आ जाता है तो वो किवदंती बन जाता है ' केवल 12 साल की उम्र में 5 रुपए मिले थे जब जाकिर हुसैन 12 साल के थे, तब अपने पिता के साथ एक कॉन्सर्ट में गए थे। उस कॉन्सर्ट में पंडित रविशंकर, उस्ताद अली अकबर खान, बिस्मिल्लाह खान, पंडित शांता प्रसाद और पंडित किशन महाराज जैसे संगीत की दुनिया के दिग्गज पहुंचे थे। जाकिर हुसैन अपने पिता के साथ स्टेज पर गए। परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद जाकिर को 5 रुपए मिले थे। एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बात का जिक्र करते हुए कहा था- मैंने अपने जीवन में बहुत पैसे कमाए, लेकिन वे 5 रुपए सबसे कीमती थे। अमेरिका में भी जाकिर हुसैन को बहुत सम्मान मिला। 2016 में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें ऑल स्टार ग्लोबल कॉन्सर्ट में भाग लेने के लिए व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया था। जाकिर हुसैन पहले इंडियन म्यूजिशियन थे, जिन्हें यह इनविटेशन मिला था। उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था, तो सबसे कम उम्र के कलाकार थे ' 2002 में पद्म भूषण और 2023 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2009 में पहला ग्रैमी अवॉर्ड मिला था। 2024 में उन्होंने 3 अलग-अलग एल्बम के लिए 3 ग्रैमी भी जीते। संगीत की दुनिया में उस्ताद जाकिर हुसैन साहब आप ध्रुव तारे की तरह चमकते रहेंगे ' आपकी उँगलियों से निकलता संगीत पूरी दुनिया के बीच आपको ज़िन्दा रखेगा'

(लेखक /पत्रकार)

## संपादकीय

### संकल्पबद्ध होने का अवसर

आपातकाल को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को लोक सभा में कहा कि उसके माथे से यह कलंक कभी नहीं मिट सकता। 'संविधान के 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस परिवार ने हर स्तर पर संविधान को चुनौती दी है। इससे पूर्व चर्चा में हिस्सा लेते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार कर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया था कि जिस तरह एकलव्य का अंगूठा कटा था, उसी तरह आज देश के युवाओं का अंगूठा काटा जा रहा है। 'जैसे एकलव्य ने तपस्या की थी, वैसे ही हिन्दुस्तान के युवा सुबह उठ कर अलग-अलग परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन जब आपने 'अग्निवीर' लागू किया तब आपने उन युवाओं का अंगूठा काटा।' 'किसानों का अंगूठा काटा गया है। उद्योगपतियों को अनुचित लाभ पहुंचा कर देश का अंगूठा काटने का काम किया जा रहा है।' चर्चा में हिस्सा लेते हुए सपा नेता अखिलेश यादव ने अल्पसंख्यकों से भेदभाव का आरोप लगाया। इसका तीव्र प्रतिवाद करते हुएसंसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर किसी को भी ऐसी बात नहीं करनी चाहिए जिससे देश की छवि को नुकसान पहुंचे। कहा, ह्यकभी-कभी ऐसी बात की जाती है कि मानो अल्पसंख्यकों को कोई अधिकार ही नहीं है।' बेशक, भारत के संविधान की 75 वर्षों की यात्रा गौरवपूर्ण रही है, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तल्खी इसके अनुरूप नहीं है। सत्ता पक्ष को हमेशा से लगा है कि प्रतिपक्ष अपनी भूमिका से न्याय नहीं कर रहा तो विपक्ष को हमेशा ही लगा है कि सत्ता पक्ष उसकी सुन नहीं रहा। इस सारी खींचतान में संसद की कार्यवाही इस तरह बाधित होती है कि किसी अपराधपूर्ण कृत्य से कम नहीं प्रतीत होती। न तो सत्ता पक्ष को भान होता है कि संसद की कार्यवाही में व्यवधान देश के नागरिकों के धन का अपव्यय है, और न ही विपक्ष इस बात को समझने को तैयार है कि उसे रचनात्मक विपक्ष की भूमिका का निवर्हन करना है। सरकार को घेर कर जवाबदेह बनाने का मतलब कदापि यह नहीं हो सकता कि हो-हल्ला और शोर-शराबा करके सदन का बेशकीमती समय और देशका धन बर्बाद कर दिया जाए। संविधान की यात्रा का 75वां वर्ष अवसर है जब पक्ष-विपक्ष संकल्पबद्ध हों कि सदन के कामकाज को किसी सूरत बाधित नहीं होने देंगे। तभी संविधान का मर्म और भावना चोटिल होने से बची रह सकेगी।

## चिंतन-मनन


### प्रकृति की तीन शक्तियां

प्रकृति में तीन शक्तियां हैं- ब्रह्म शक्ति, विष्णु शक्ति और शिव शक्ति। प्रायः तुममें कोई भी एक शक्ति अधिक प्रबल होती है। ब्रह्म शक्ति वह ऊर्जा है जो नव-निर्माण करती है; विष्णु शक्ति ऊर्जा का पालन करती है और शिव शक्ति वह ऊर्जा है जो रूपांतरण करती है- नया जीवन देकर या संहार कर। तुममें से कुछ हैं जिनमें ब्रह्म शक्ति प्रबल है। तुम सृष्टि तो कर सकते हो, पर अपनी रचना को सुरक्षित नहीं रख पाते। हो सकता है तुम तुरंत ही नए मित्र बना लो, परंतु वह मित्रता अधिक समय तक टिकती नहीं। तुममें कुछ और लोग हैं जिनमें विष्णु शक्ति है। तुम रचना नहीं कर सकते, परंतु जो है उसे अच्छी तरह संभालकर रखते हो। तुम्हारी सभी पुरानी दोस्ती बहुत स्थायी होती है, परंतु तुम नए मित्र नहीं बना पाते। और तुममें कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनमें शिव शक्ति प्रबल है। वे नव-जीवन लाते हैं या रूपांतरण, या जो है उसे खत्म करते हैं। गुरु शक्ति में ये तीनों शक्तियां पूर्ण रूप से प्रफुल्लित हैं। पहले यह पहचानो कि तुममें कौन-सी शक्ति प्रबल है और फिर गुरु शक्ति की आकांक्षा करो, प्रार्थना करो। संपूर्ण सृष्टि सरलता और बुद्धिमत्ता के मंगलमय लय से प्रकृति के नियमों पर चल रही है। यही मंगल ही दिव्यता है। शिव वह सामंजस्यपूर्ण सरलता है जो कोई नियंत्रण नहीं जानती। शिव का विपरीत है वशी, यानी नियंत्रण। नियंत्रण मन का होता है। नियंत्रण का अर्थ है दो, द्वैत, कमजोरी। वशी का अर्थ है स्वाभाविकता से कुछ करने के बजाए दबाव द्वारा कुछ करना। प्रायः लोग समझते हैं कि उनका जीवन, परिस्थितियां उनके नियंत्रण में, उनके वश में हैं; परंतु नियंत्रण एक भ्रम है, मन में क्षणिक ऊर्जा का दबाव नियंत्रण है। यह है वशी। शिव इसका विपरीत है। शिव ऊर्जा का स्थाई और अनंत स्रोत है, सत्ता की अनंत अवस्था, वह एक जिसका कोई दूसरा नहीं। द्वैत भय का कारण है और वह सामंजस्यपूर्ण सरलता द्वैतवाद को विलीन करती है। जब एक क्षण पूर्ण है, संपूर्ण है; तब वह क्षण दिव्य है। वर्तमान क्षण में होने का अर्थ है- न भूतकाल का पछतावा, न भविष्य की कोई मांग। समय रुक जाता है, मन रुक जाता है। तुम्हारे शरीर के प्रत्येक कोष में पांचों इंद्रियों की क्षमता है। आंखों के बिना तुम देख सकते हो, दृष्टि चेतना का अंश है; इसीलिए स्वप्न में तुम आंखों के बिना देख सकते हो।

# सुस्त विकास और महंगाई की चुनौती



डा. जयंतीलाल भंडारी



हाल ही में 11 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक के नव नियुक्त 26वें गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वह महंगाई नियंत्रण और विकास दर के बीच उपयुक्त संतुलन बनाने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। साथ ही अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि यद्यपि 12 दिसंबर को घोषित आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर घटकर 5.8 फीसदी रह गई है, फिर भी यह रिजर्व बैंक के महंगाई के तय दायरे से अभी काफी ऊपर बनी हुई है। ऐसे में इस समय देश में धीमी विकास दर और महंगाई की चुनौती का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। बीते दिनों राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि इसके पहले अप्रैल से जून की पहली तिमाही में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस सुस्त विकास दर के परिदृश्य से प्रभावित हुए बिना हाल ही में 6 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में विकास दर बढ़ाने के लिए ब्याज दर में कमी नहीं करते हुए महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दर यानी नीतिगत दर (रेपो) में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। रेपो वह ब्याज दर है जिस पर कमर्शियल बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। आरबीआई मुद्रास्फीति को काबू में रखने के लिए इस दर का उपयोग करता है।


हालांकि अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के मकसद से रिजर्व बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत कर दिया। इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी। इससे बैंकिंग क्षेत्र में नकदी की स्थिति में सुधार होगा। ज्ञातव्य है कि सीआरआर के तहत कमर्शियल बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा कैश रिजर्व के रूप में रिजर्व बैंक के पास रखना होता है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी ग्रोथ के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर 2024 की मौद्रिक नीति के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कहा था कि निकट भविष्य में, कुछ नरमी के बावजूद, खाद्य कीमतों पर दबाव बने रहने से चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुख्य महंगाई के ऊंचे स्तर पर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा था कि महंगाई के मद्देनजर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी बांड प्रतिफल में वृद्धि, जिन्स कीमतों में उतार-चढ़ाव और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिम जैसी कई तरह की बाधाएं हैं। साथ ही आयात शुल्क में वृद्धि और वैश्विक कीमतों में वृद्धि के बाद घरेलू खाद्य तेल की कीमतों की बदलती दिशा पर बारीकी से नजर रखने की जरूरत है। दास ने कहा था कि रिकॉर्ड खरीफ उत्पादन के अनुमान से चावल और तुअर दाल की बढ़ी हुई कीमतों में राहत मिलेगी। सब्जियों की कीमतों में भी सुधार की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आगे चलकर, खाद्य मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने के लिए एक अच्छा रबी सीजन महत्वपूर्ण होगा। प्रारंभिक संकेत पर्याप्त मिट्टी की नमी और जलाशय के स्तर की ओर इशारा करते हैं, जो रबी की बुवाई के लिए अनुकूल है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में विकास दर बढ? की उम्मीद है। निःसंदेह आरबीआई के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा के तहत महंगाई नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया जाना सही कदम है।

वस्तुतः पिछले दो महीनों अक्टूबर-नवंबर 2024 में महंगाई दर के बढ? की स्थिति आश्चर्यचकित करने वाली रही है। पिछले माह आरबीआई ने 2 से 11 नवंबर, 2024 को परिवारों को महंगाई को लेकर कैसी उम्मीदें हैं, इस विषय पर सर्वेक्षण कराया था। आरबीआई के सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिलता है कि सितंबर 2024 के चरण की तुलना में नवंबर के सर्वेक्षण में शामिल प्रतिभागियों में एक बड़े वर्ग को ऐसा लगता है कि नए साल 2025 में कीमतें और महंगाई दोनों ही बढ़ेंगी। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर खाद्य वस्तुओं और घर से जुड़े खर्चों के बढ़ते दबाव की वजह से होगी। इस बीच उपभोक्ता आत्मविश्वास सर्वेक्षण से यह अंदाजा मिला है कि सर्वेक्षण के प्रतिभागियों की मौजूदा कमाई की धारणा में भले ही कमी आई हो, लेकिन उन्हें इस बात की बड़ी उम्मीद है कि भविष्य में आमदनी बढ़ेगी, रोजगार की स्थिति में भी सुधार आएगा। परिवारों को ऐसा लगता है कि एक साल की अवधि के दौरान बेहद जरूरी और गैर-जरूरी खर्च बढ़ेंगे। हालांकि उन्होंने आगे के वर्ष के लिए कीमतों को छोडकर प्रमुख आर्थिक मापदंड के लिए अधिक आशावादी होने के संकेत दिए हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले माह 15 नवंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में भारत में महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाए रखने की सराहना की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महंगाई में कम अवधि की तेजी के बावजूद आने वाले महीनों में महंगाई दर रिजर्व बैंक के द्वारा निर्धारित लक्ष्य की ओर पहुंचेगी, क्योंकि ज्यादा बोआई और पर्याप्त अनाज भंडार के कारण कीमतों में कमी आएगी। चूंकि भू-राजनीतिक तनावों और मौसम की स्थिति खराब होने पर महंगाई दर बढ? का जोखिम भी बना हुआ है, अतएव इसी कारण नीतिगत ढील को लेकर रिजर्व बैंक सावधानी बरत रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई के बीच भी अर्थव्यवस्था अच्छे दौर में है। रेटिंग एजेंसी ने वर्ष 2024 में भारत की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उसके बाद 2025 और 2026 में क्रमशः 6.6 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि इस समय जब खाद्य पदार्थों की तेजी से बढ़ती महंगाई के नियंत्रण और विकास की जरूरतों के बीच उपयुक्त तालमेल किया जा रहा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा 12 नवंबर को प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर 2024 में खुदरा महंगाई दर बढकर 6.21 प्रतिशत हो गई। यह महंगाई का 14 महीने का उच्चतम स्तर है। इससे पिछले महीने सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। निःसंदेह खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार के द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बबार्दी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों के तहत खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ?ा होगा। हम उम्मीद करें कि रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा सरकार के साथ रिजर्व बैंक के विभिन्न समन्वित रणनीतिक प्रयासों से देश में महंगाई को नियंत्रित करने और सुस्त विकास दर को बढ़ाने के परिप्रेक्ष्य में नई रणनीति के साथ आगे बढ़ेंगे।

(विख्यात अर्थशास्त्री)

# मेट्रो केबल : चोरी में तकनीक का इस्तेमाल



भगवती प्रसाद डोभाल

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फामूर्ला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पडक्षेगी। सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी-रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह-जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था-उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुईं।

इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडक्षने और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाड़ियों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है।

वर्ष 2020-22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य प्रणालियां-पावर, संचार और सिग्नल-ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढक्षे बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं।



चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टेशनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं। रस्सियों का इस्तेमाल करके मेट्रो की पटरियों तक पहुंचते हैं। कभी-कभी वे अपने साथियों की मदद से या पेड़ की शाखाओं का इस्तेमाल करके पटरियों पर चढ़ते हैं। पटरियों पर चढ़ने के बाद कीमती केबल काट लेते हैं। केबल काटने के बाद पटरियों पर मौजूद व्यक्ति उसे जमीन पर अपने साथियों के पास फेंक देता है। साथी तुरत-फुरत में केबल उठा लेते हैं, और उसे पास की झाड़ियों में छिपा देते हैं, या किसी गाड़ी में लाद देते हैं। फिर वह व्यक्ति रस्सी के सहारे पटरियों से नीचे उतर जाता है। पुलिस का यह भी मानना है कि चोर अक्सर नाबालिगों को अपराध करने के लिए काम पर रखते हैं, क्योंकि वे आसानी से चढ़ कर तार काट सकते हैं। यह भी संज्ञान में आया कि बाजार में केबल 500 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से बिकता है। केबल चोरी के इस तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया है। प्रशासन को चाहिए कि अधिक से अधिक रोजगार की संभावनाओं को युवाओं के सामने रखे। ऐसा करके ही युवाओं के लिएसम्मानजनक रोजगार मुहैया कराना संभव हो सकेगा।

# योगी बोले: संभल में 1947 से अबतक 209 हिंदुओं की हत्या

## किसी ने 2 शब्द नहीं कहे, हाल में मारे गए लोगों पर आंसू बहा रहे





**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- संभल में 1947 से अब तक हुए दंगों में 209 हिंदू मारे गए हैं। किसी ने एक बार भी उन निर्दोष लोगों के लिए संवेदना व्यक्त नहीं की। ये लोग हाल ही में हुए संभल दंगे पर आंसू बहा रहे हैं। ये लोग सौहार्द की बात कर करते हैं। शर्म आनी चाहिए। संभल में बजरंग बली का जो मंदिर आज निकल रहा है, 1978 से उसको इन लोगों ने खुलने नहीं दिया। 22 कुएं किसने बंद किए थे? इन लोगों ने तनावपूर्ण माहौल बनाया। पत्थरबाजी की होगी, माहौल खराब किया होगा। उसमें से एक भी बचने वाला नहीं। किसी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन पत्थरबाज और कट्टा चलाने वाले नहीं बचेंगे। भारत में राम-कृष्ण, बुद्ध की परंपरा रहेगी, बाबर और औरंगजेब की नहीं। अब हम न बंटेंगे और न कटेंगे। योगी ने अब तक प्रदेश में हुए एक-एक दंगे और उनमें मारे गए लोगों को भी गिनाया। बहराइच दंगे में मारे गए रामगोपाल मिश्रा का जिक्र किया। योगी ने एनसीआरबी डेटा के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया- 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए। 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई थी। 2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। संभल में माहौल खराब किया गया। 1947 से लगातार दंगे हुए। 1947 में एक मौत और 1948 में 6 लोग मारे गए। 1958-1962 में दंगा, 1976 में 5 लोगों की मौत हुई। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया। लगातार कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में 4 लोग मारे गए। 1990-1992 में 5, 1996 में दो की मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा। सीएम ने नेता प्रतिपक्ष से कहा- बाबरनामा पढ़ना चाहिए। इसमें भी कहा गया है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया। पुराण भी कहता है कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार संभल में होगा। न्यायालय के निर्देश पर डीएम और एसपी शांतिपूर्ण तरीके से सर्वे को संपन्न कराते हैं। 19, 21 और 24 नवंबर को सर्वे कार्य चल रहा था। इस दौरान पहले 2 दिन शांतिभंग नहीं हुई। 23 नवंबर को जुमे की नमाज के दौरान जिस प्रकार की तकरीरें दी गईं, उसके बाद माहौल खराब हुआ। उसके बाद की स्थितियां सबके सामने हैं। हमारी सरकार ने पहले ही कहा है कि हम ज्यूडिशियल एक्ट बनाएंगे, जो एक्ट के अंदर बना है। सदन में उसकी रिपोर्ट आएगी, तब दूध का दूध और पानी का पानी होगा। सीएम ने कहा- 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई। एक बार भी निर्दोष हिंदुओं के लिए दो शब्द नहीं कहे गए। घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों ने निर्दोष हिंदुओं के बारे में दो शब्द नहीं कहे। 1978 में दंगा हुआ। तब एक वैश्य ने सबको पैसा उधार दे रखा था। दंगा होने के बाद हिंदू उनके घर में इकट्ठे हुए, तो उन्हें घेर लिया गया। उनसे कहा गया कि इन हाथों से सूद का पैसा मांगोगे। इसलिए पहले हाथ, फिर पैर और फिर गला काट दिया गया। सौहार्द की बात करने पर इन्हें शर्म नहीं आती। योगी ने कहा- कुंदरकी की जीत को वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देसी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है। सपा सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। लेकिन सूरज, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता। सत्य जल्द सामने आएगा। योगी ने कहा- रघुराज प्रताप सिंह ने एक बात साफ की। हम तथ्यों को छुपा कर कब तक जनता को गुमराह करेंगे। हर व्यक्ति जानता है कि कोर्ट के आदेश पर सर्वे हो रहा है। सीएम ने कहा- मुस्लिम समाज का जुलूस मंदिर के सामने से निकल जाता है, कोई समस्या नहीं होती। हिंदू समाज की शोभायात्रा मस्जिद के सामने से निकलती है, तो दिक्कत क्यों होती है? कल मैं कहूंगा कि मुझे अल्लाह-हु-अकबर का स्लोगन अच्छा नहीं लगता, तो आपको कैसे लगेगा? मैं जय श्रीराम, हर-हर महादेव और राधे-राधे कहकर जिंदगी काट सकता हूं। पश्चिम यूपी के सभी लोग अपने सामान्य संबोधन में राम-राम कहते हैं। ऐसे में 'जय श्रीराम' सांप्रदायिक संबोधन कैसे हो गया? हम मिलते हैं, तो राम-राम करते हैं। अंतिम यात्रा में भी राम-राम कहते हैं। हमारा तो कोई काम राम के बिना नहीं होता।

# ज्ञापन देने जा रहे पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह हुए गिरफ्तार, धरने पर बैठे


संवाददाता



**कुशीनगर।** ढाढ़ा में बिरला ग्रुप की न्यू इंडिया शुगर मिल द्वारा किसानों की अधिग्रहित भूमि के मामले में ज्ञापन देने जा रहे समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह को प्रशासन ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को किसानों की समस्या को लेकर पूर्व मंत्री श्री सिंह मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देने के लिए निकल रहे थे कि उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके विरोध में वह अपने घर के सामने अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। हाटा कोतवाली थाना क्षेत्र के ढाढ़ा में बिरला ग्रुप की न्यू इंडिया शुगर मिल का एथेनॉल प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की घटना के विरोध में धरना दिया। प्रशासन ने कहा कि निषेधज्ञा लागू है। श्री सिंह ने कहा कि नाचने गाने वालों के लिए कोई धारा नहीं लागू है। धरती का सीना चिकरकर अन्न उगाने वाले किसानों के हक की बात करना गलत है। मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि क्या विपक्ष में रहकर किसानों की बात करना गलत है। मुख्यमंत्री किसानों पर लाठीचार्ज करने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी करवाई करें। बाद में मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी हाटा ने उनका 5 सूत्रीय ज्ञापन लिया। श्री सिंह ने कहा कि एथनाल फैक्ट्री के विरोध में नहीं है लेकिन किसानों की सहमति से जमीन लिया जाय। हरपुर गांव की नगरीय जमीन का मुआवजा शहरी क्षेत्र के तरह दिया जाय। किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। जमीन देकर भूमिहीन हुए किसानों को नौकरी दिया जाय। एक दिसम्बर को किसानों पर लाठी चार्ज कराने वाले हुक्मरानों पर कड़ी करवाई की जाय और जांच कमेटी बनाकर दोषियो पर मुकदमा दर्ज किया जाय। विदित हो कि वर्ष 2008 में सरकार ने 19.5 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित किया था। 88 किसानों ने अधिग्रहण भूमि का मुआवजा ले लिया। लेकिन 86 किसानों ने अपनी भूमि नहीं दी और मुआवजा भी नहीं लिया। इस जमीन के लिए प्रशासन व मिल प्रयासरत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सपा शुकरुल्लाह अंसारी, पूर्व जिलाध्यक्ष इलियास अंसारी, हाटा के पूर्व प्रत्याशी रणविजय सिंह मोहन, बीरेंद्र सिंह सैंथवार, परवेज असलम, हरिलाल यादव, हरिलाल प्रजापति, शैलेंद्र प्रताप सिंह, हरिराम सिंह, जवाहरलाल गौतम, ब्लाक प्रमुख रामकोला दिग्विजयसिंह लक्ष्मण, ब्लाक प्रमुख अमरजीत यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक

संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** नगर क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्यायनगर स्थित डीडी मंत्रा नृत्य संगीत विद्यालय में भारत के प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक संगीत प्रेमियों व छात्र - छात्राओं ने शोक व्यक्त किया। सोमवार को आयोजित शोज सभा में प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुई संस्था के निदेशक कृष्णानंद त्रिपाठी ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन को 1988 में पद्मश्री 2002 में पद्मभूषण 2023 में पद्म विभूषण से नवाजा गया था! ऐसा तबला वादक भारत ने आज खो दिया जो भारत के लिए अपूरणीय क्षति हुई ! इस सूचना को पाकर सभी संगीत प्रेमी बहुत व्यथित हैं वे संगीत के सच्चे साधक थे। उन्हें आजीवन याद किया जाएगा। इस मौके पर सभी ने मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर संस्था के छात्र नरेंद्र शर्मा गीता वर्मा, काशवी, नीतू कृष्णा, राजा आदि बच्चे उपस्थित रहे।

# फिरौती के लिए किया गया था लेखपाल का कत्ल



**बरेली।** में लेखपाल की हत्या से सनसनी फैल गई है। 18 दिनों से लापता लेखपाल की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक फिरौती के लिए लेखपाल की हत्या को अंजाम दिया गया है। लेखपाल के शव के अवशेष रविवार को बरेली के कैंट थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में सुनसान इलाके में नाले में मिले। नाले के पास से लेखपाल की खोपड़ी का कंकाल और कुछ हड्डियां बरामद हुए। मौके से उनके कपड़े भी बरामद हुए है।लेखपाल की हत्या का खुलासा करते हुए एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 27 नवंबर को लेखपाल के तहसील से घर न पहुंचने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के कहने पर 9 दिसंबर को फरीदपुर से फतेहगंज पश्चिमी थाने पर विवेचना ट्रांसफर की गई।

# प्रदीप मिश्रा बोले-कथा से पहले जेवर-तेवर घर रखकर आओ



**मेरठ।** के शताब्दीनगर में शिव महापुराण कथा में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा- ₹संभल में जो मंदिर बरसों से बंद पड़ा था, वो अब खुल गया है। इसके लिए मैं योगी जी का साधुवाद करता हूं। बच्चों को संस्कार देने में समय लगाओ। अपने तन मन और धर्म तीनों को परमात्मा में लगाओ। अगर घर के बच्चे गलत जगह जा रहे हैं तो समझो आपसे कहीं न कहीं चूक हो रही है। बहन, बेटी और पत्नी के नेत्र अगर झुके रहते हैं, तो उसके घर के भाई, पिता और पति को माथा नीचा नहीं करना पड़ता है। वो सीना तानकर चलता है। कथा में आने से पहले जेवर और तेवर घर रखकर आओ। कथा में इनकी कोई जरूरत नहीं है। पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा- जिंदगी में कोई रोग आ गया, डॉक्टर इलाज नहीं कर पा रहे हैं। पानी को वाणी से अमृत बनाओ। रुद्राक्ष पहनो या नहीं पहनो लेकिन मीठी वाणी का रुद्राक्ष जरूर पहनो। मीठी वाणी बोलिए। अगर आपके पास कुछ नहीं है, न जमीन है, न बंगला है, न पैसा है और आपके पास मीठी वाणी हैं। अगर आपके पास मीठी वाणी है तो सबकुछ है। पड़ोसी भी आपका गुणगान करेंगे। आरती में झूम उठे श्रद्धालु पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा- आप कितने भी पैसे वाले हो अपने लिए होंगे। कितना भी अमीर होगा, कितना गरीब होगा, शिव के घर श्मशान में जो जायेगा वहां एक जैसा जाएगा। कथा के समापन पर भगवान शिव की आरती शुरू हुई तो श्रद्धालु झूम उठे कितने ही श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू आ गए। पूरे पंडाल में तालियों का शोर और आरती सुनाई देने लगी। हर हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे। महिलाएं, युवा, बुजुर्ग भगवान भोले की भक्ति में लीन हो गए। श्रद्धालुओं का कहना है कि कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को जिसने भी टीवी पर एक बार सुना वह फिर उनको सुने बिना नहीं रहता है।

# दवा के साथ पौष्टिक आहार खाकर स्वस्थ हो रहे है टीबी रोगी: सीएमओ

संवाददाता




**कसया, कुशीनगर।** सीएचसी के सभागार में सोमवार को एकीकृत निःक्षय दिवस के अवसर पर 62 टीबी रोगियों में निक्षय मित्रों के द्वारा प्रोटीनयुक्त पौष्टिक आहार वितरित किया गया। जिनमें 51 को तीसरे माह की तथा 11 को प्रथम माह की पोटली दी गयी। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जो व्यक्ति निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार देकर रहा है वह वाकई साधुवाद का पात्र है। उस पौष्टिक आहार को दवा के साथ खाकर टीबी रोगी शीघ्र स्वस्थ हो रहे है। उन्होंने ने कहा कि टीबी रोग को लेकर समाज में अनेकों भ्रांतियां विघमान है। जिन्हें हम जागरुकता के माध्यम से दूर कर सकते है। जनपद में टीबी रोग के लिये जाँच एवं उपचार निःशुल्क किया जा रहा है तथा टीबी रोगियों को निक्षय पोषण योजना के तहत नवम्बर माह से प्रतिमाह एक हजार की धनराशि उन्हें खाते में भेजा जा रहा है साथ ही हमारे चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा समाज के जागरूक लोगों द्वारा टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रतिमाह प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी जा रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी रहे। अध्यक्षता अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने किया। आंगतुकों का स्वागत डॉ संजय सिंह ने किया तथा अतिथियों के प्रति आभार एसटीएस शाहिद अंसारी ने व्यक्त किया। निक्षय मित्र डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी, डॉ गौतम जी गौरव, डॉ संजय सिंह, डॉ जलज गुप्ता,डॉ रितेश सिंह, डॉ आशुतोष पांडेय, डॉ सौनक श्रीवास्तव,डॉ स्नेहा कुमारी, डॉ अनामिका, डॉ नेहा चतुर्वेदी, डॉ नाजरीन, चीफ फार्मासिस्ट अशोक सिंह, एआरओ रत्नेश यादव, वशीर अहमद, संजय राय, राकेश मणि, अभिषेक पांडेय, आनन्दपाल सिंह, विजयकृष्ण द्विवेदी, राकेश पांडेय, अमित सिंह, विनोद वर्मा, विमलेश दुबे, अम्बरीष राय, बीसीपीएम प्रकाश, अनिता यादव, वशुन्धरा, मीरा दुबे, बीना दुबे, ममता, पूनम राय, प्रतिमा मौर्या, संजू कुशवाहा, अमजद अली, दिनेश सिंह, हरिवंश गुप्ता, हर्षित मिश्रा, शाहिद अंसारी, आशुतोष मिश्र द्वारा पौष्टिक आहार वितरित किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर यादव, अशोक गुप्ता, नगीना यादव, धनश्याम प्रसाद, गुरुदयाल,शुभम मिश्रा सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त डायरी

# शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 18 दिसंबर को

संवाददाता

**कुशीनगर।** 19वें अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मेजबान टीम से खेलने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए ट्रायल 18 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल पावानगर महावीर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष शत्रुमर्दन शाही और मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह ने जानकारी दी कि इस ट्रायल में जनपद और आसपास के क्षेत्र के क्रिकेट खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा। ट्रायल का चयन लखनऊ के रणजी खिलाड़ी अखिलेश कुशवाहा द्वारा किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी मेजबान टीम आजाद स्पोर्ट्स से पहला क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगे।

# वाराणसी में रिटायर एयफोर्स अफसर जिंदा जला



**वाराणसी।** में सोमवार को एयरफोर्स के रिटायर्ड अफसर की घर के कमरे में जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसा कमरे में जल रहे हीटर में शार्ट सर्किट से हुआ, जिसके बाद कंबल ने आग पकड़ ली। आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। कमरे के अंदर सो रहे बुजुर्ग भी चपेट में आ गए। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सब जलकर राख हो गया। आसपास के लोगों ने आग बुझाई। फायर ब्रिगेड भी रेस्क्यू में जुट गई। एडीसीपी वरुणा सरवणन टी, एसीपी सारनाथ मौके पर हैं। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों से पूरा घटनाक्रम जाना। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला सारनाथ थाना क्षेत्र का है।नक्खी घाट निवासी दयाशंकर गुप्ता (80) एयरफोर्स में मेडिकल वारंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे। 2002 में बेंगलुरु रिटायर हुए थे। इसके बाद घर के बाहरी हिस्से में मेडिकल स्टोर चलाते थे। वर्तमान में घर में अकेले रहते थे। उनके बच्चे बेंगलुरु में रहते थे। सोमवार दोपहर दयाशंकर मेडिकल स्टोर बंद करने के बाद कमरे में गए और हीटर चलाकर सो गए। इसी दौरान हीटर में शार्ट सर्किट हो गया। वायरिंग जलने लगी। इसकी आग कमरे में कपड़ों और कंबल तक पहुंच गई। इसके बाद तेज लपटें उठने लगीं।

# पूर्व सांसद रामनगीना मिश्रा को दी गई श्रद्धांजलि



संवाददाता

**कुशीनगर।** पांच बार सांसद रहे स्वर्गीय राम नगीना मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि पर सोमवार को उनके पैतृक गांव शिकटा में महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा मंदिर स्कूल पर मंडल अध्यक्ष विपिन बिहारी मिश्र की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राम नगीना मिश्रा के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। नमामि गंगे के क्षेत्रीय सहसंयोजक व मां नारायणी सामाजिक कुंभ के संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि स्वर्गीय राम नगीना मिश्रा राम मंदिर आंदोलन में अपना योगदान देने के साथ किसान हित में हमेशा संघर्षरत रहे और राजनीति में ईमानदारी व सुचिता के प्रति सदा प्रतिबद्ध रहे। वर्तमान राजनीति के लिए उदाहरण है एक आदर्श जन प्रतिनिधि व कर्मठ नेता के रूप में जनता व पार्टी कार्यकताओं के हितों के रक्षा के लिए सदैव तत्पर व प्रयासरत रहे। इस अवसर पर नारायण दत्त तिवारी,गया प्रजापति, ए०के०तिवारी ,अरविंद तिवारी , शंकर मिश्रा, नथुनी प्रजापति, रामदेव प्रसाद, पहलू प्रसाद, बिकाऊ प्रसाद, शिवम कुमार, धरीचर, रघुनाथ, चंद्रदेव, पुरुषोत्तम तिवारी, राजेश सिंह उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों से भरी वैन पलटी



**बस्ती।** में बच्चों से भरी वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि वैन का गेट खुल गया और बच्चे बाहर गिर गए। कुछ बच्चे वैन के नीचे दब गए। हादसे में 17 स्टूडेंट घायल हो गए, 3 की हालत गंभीर है। बच्चों ने कहा- ड्राइवर अंकल मोबाइल पर बात करते हुए तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहे थे। हादसा सोमवार सुबह 7:45 बजे छावनी थाना क्षेत्र के सेवरा लाला गांव के पास हुआ। वैन में सवार स्टूडेंट किंग लेट मिशन स्कूल, अमोढ़ा के हैं। हादसे के बाद नाबालिग ड्राइवर मौके से फरार हो गया।अमोढ़ा निवासी नाबालिग वैन ड्राइवर सोनू 7:30 बजे सेवरा लाला गांव से 17 बच्चों को लेकर किंग लेट मिशन स्कूल अमोढ़ा जा रहा था। एक किमी जाने के बाद वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। बच्चों की अवाज सुनकर आस-पास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों को वैन से बाहर निकाला। सूचना पर छावनी थाने के आरक्षी मुकेश यादव और केशव यादव घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों को तुरंत घटना के बारे में बताया और बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। बच्चों के घर से स्कूल की दूरी 5 किमी है। हादसे में ये स्टूडें हुए घायल हादसे में दीवांशी, संतोषी (पुत्रियां धर्मराज), जिया, फातिमा (पुत्रियां मो. सिकंदर), आतिफ खान, हुमैरा खान (पुत्र अब्दुल रहीम), मो. अजमल, मो. फैजान, अब्दुल समद, रेहाना, अलीजा सिद्दीकी, अमीरा सिद्दीकी, मो. इरशाद, मो. अदनान, मो. अशफाक, हर्षिता (14 वर्ष), दीपांशु (9 वर्ष), और अर्पिता (7 वर्ष) घायल हो गए। यह सभी एक ही गांव के रहने वाले थे। घायल बच्चों ने बताया- ड्राइवर अंकल गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात कर रहे थे। वैन काफी रफ्तार में भी थी। आस-पास के गांव के लोगों ने हम लोगों को बाहर निकाला है।

6 वर्षीय दीप्ति चौहान वैन के नीचे दब गई थी। दीप्ति को पहले हर्रैया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### यासमीन कराचीवाला ने दुल्हनों के लिए बताये शादी के दिन सबसे खूबसूरत दिखने के टिप्स

**मुंबई।** हर दुल्हन की ख्वाहिश होती है कि वह अपनी शादी के दिन सबसे खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी नजर आए, और यह पूरी तरह से सही है। हालांकि, शादी की तैयारियों में ढेर सारे कामों के बीच खुद की सेहत और फिटनेस अक्सर पीछे रह जाती है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि थोड़ा सा ध्यान और सही दिशा में किया गया प्रयास आपको न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार कर सकता है फिटनेस कोच और पिलेट्स एक्सपर्ट यासमीन कराचीवाला अपनी कुछ खास टिप्स शेयर कर रही हैं, जिनकी मदद से हर दुल्हन खुद को आत्मविश्वास से भरपूर और दमकता हुआ महसूस कर सकती है- समझदारी से खाने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं कि आप भोजन करना छोड़ दें या क्रैश डाइटिंग करें। बल्कि, आपको एक संतुलित आहार अपनाना चाहिये, जिसमें आवश्यक पोषक तत्व हों। स्मार्ट स्नैकिंग के लिए कैलिफोर्निया आमंड एक बेहतरीन विकल्प हैं। 200 से ज्यादा प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, बादाम में 15 पोषक तत्व जैसे विटामिन ई, मैग्नीशियम, प्रोटीन, राइबोफ्लेविन और जिंक होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं। कैलिफोर्निया आमंड विशेष रूप से प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, जो न केवल ऊर्जा प्रदान करता है, बल्कि मांसपेशियों के विकास और रखरखाव में भी मदद करता है। आप बादाम को भूनकर खा सकती हैं या इन्हें भारतीय मसालों/स्पाइस के साथ मिला सकते हैं। क्योंकि बादाम ऊर्जा का खजाना हैं, ये आपको एनर्जी से भरपूर महसूस कराएंगे।

### खुलते ही पूरा भर गया था आईपीओ, 51 प्राइस बैंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स के मार्केटिंग और डिस्ट्रिब्यूशन में सक्रिय कंपनी हैम्प्स बायो लिमिटेड का आईपीओ 13 दिसंबर को निवेश के लिए ओपन हुआ था। यह इश्यू 17 दिसंबर को बंद होगा। इसका प्राइस बैंड 51 रुपये तय किया गया है। इस एसएमई इश्यू को पहले दिन पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया था। पहले ही दिन इसको 10.61× सब्सक्राइब कर लिया गया था। शेयर आवंटन 18 दिसंबर को किया जाएगा। सफल बोलीदाताओं के डीमैट खाते में हैम्प्स बायो शेयरों का क्रेडिट किया जाएगा। हैम्प्स बायो लिमिटेड के शेयर 20 दिसंबर को बीएसई एसएमई पर लिस्ट होने की उम्मीद है।

इन्वेस्टरगेन के अनुसार, हैम्प्स बायो के शेयर ग्रे मार्केट में 40 रुपये प्रति शेयर प्रीमियम पर हैं। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयरों की संभावित लिस्टिंग कीमत 91 रुपये होगी। यानी लिस्टिंग पर करीबन 79 प्रतिशत का मुनाफा हो सकता है।

**क्या है डिटेल-** हैम्प्स बायो आईपीओ का प्राइस बैंड 51 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों को एक लॉट में कम से कम 2,000 शेयर खरीदने होंगे, जिससे न्यूनतम निवेश राशि 1,02,000 रुपये हो जाएगी। बिगशेयर सर्विसेज प्रा. को हैम्प्स बायो आईपीओ के लिए रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। मारवाड़ी चंदराना इंटरमीडियरीज ब्रोकर्स प्रा. इश्यू और प्योर ब्रोकी के बुक-रनिंग लीड मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे हैं।

हैम्प्स बायो लिमिटेड व्यवसाय और वित्तीय हैम्प्स बायो लिमिटेड 50 से अधिक वितरकों और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के नेटवर्क के माध्यम से टैबलेट, सिरप, कैप्सूल, इंजेक्शन, तेल और पोषण संबंधी पूरक सहित फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स का डिस्ट्रिब्यूशन करता है। इन प्लेटफार्मों में अमेजन (यूएस, कनाडा, ईयू), फ्लिपकार्ट और जियो मार्ट शामिल हैं। फार्मा उत्पाद भारत भर के आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बेचे जाते हैं।

# बिहार में जहानाबाद की सीमा सिंह को जानते हैं, जिन्होंने मुंबई के वर्ली में 185 करोड़ का अपार्टमेंट खरीदा!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में महंगे प्रॉपर्टी का सबसे बड़ा बाजार है मुंबई। वहां 3-4 सौ करोड़ रुपये के फ्लैट बिकने की ऐसे खबर आती है, जैसे यहां महंगे हीरे के हार बिकने की खबर आती है। अभी पिछले दिनों ही मुंबई के वर्ली इलाके में रियल एस्टेट का एक बड़ा सौदा हुआ है। यह सौदा अलकेम लैबोरेटरी लिमिटेड के प्रमोटर परिवार की बहू सीमा सिंह ने किया है।

**कौन हैं सीमा सिंह-** महाराष्ट्र की एक दवा कंपनी है अल्केम लैबोरेटरीज। इसके प्रमोटर हैं बिहार में जहानाबाद के रहने वाले संप्रदा सिंह और उनके छोटे भाई बासुदेव नारायण सिंह। इस परिवार की दूसरी पीढ़ी के सदस्य हैं मृत्युंजय सिंह। उनकी पत्नी हैं सीमा सिंह। आजकल सीमा सिंह सुर्खियों में हैं। उनकी सुर्खियों में रहने की वजह है कि उन्होंने मुंबई के वर्ली में एक आलीशान



सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। इसके लिए 185 करोड़ रुपये की भारी भरकम रकम चुकाई गई है।

**कौन है इस प्रोजेक्ट का डेवलपर-** मुंबई का वर्ली सी फेस पर बन रहे एक सुपर-प्रीमियम रेजिडेंशियल टावर बन रहा है। इसका नाम है लोढ़ा सी फेस। इसी प्रोजेक्ट में सीमा सिंह ने 185 करोड़ रुपये का एक आलीशान सी-व्यू अपार्टमेंट खरीदा है। यह सौदा इस साल मुंबई के दूसरे सबसे बड़े लग्जरी अपार्टमेंट सौदे के रूप में दर्ज हुआ है। सिंह ने यह अपार्टमेंट प्रोजेक्ट डेवलपर मैक्रोटेक डेवलपर्स से सीधे खरीदा है। इस डील में उन्हें 9 कार पार्किंग स्लॉट भी मिलेंगे।

सीमा सिंह ने जो अपार्टमेंट खरीदा है, वह टावर की 30वीं मंजिल पर स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 14,000 वर्ग फुट है। यह अपार्टमेंट अरब सागर का खूबसूरत नज़ारा पेश करता है। लोढ़ा सी फेस मुंबई के सबसे पॉश इलाकों में से एक, वर्ली सी फेस पर स्थित है। यह इलाका अपने आलीशान अपार्टमेंट्स और ऊंची इमारतों के लिए जाना जाता है।

### रजिस्ट्री के लिए चुकाई 9.25 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी

सीमा सिंह ने हाल ही में कंपनी में अपनी 0.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के 3.58 लाख से अधिक शेयर बेचे थे। इससे उन्हें 177 करोड़ रुपये मिले। उसमें कुछ और रकम मिला कर यह अपार्टमेंट खरीदा गया है। इस सौदे की रजिस्ट्री बीते बुधवार को मुंबई में हुई। इसकी रजिस्ट्री के लिए सीमा सिंह ने 9.25 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी चुकाई है। यह खबर हमारे सहयोगी ईटी द्वारा एक्सेस किए गए रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स से मिली है।

### कोई नया नहीं है यह महंगा सौदा

हमें-आपको यह सौदा भले ही बेहद महंगा लग रहा हो। लेकिन मुंबई के पॉश इलाकों में यह आम है। इसी साल अप्रैल में मुंबई के मालाबार हिल स्थित लोढ़ा मालाबार में 270 करोड़ रुपये में एक प्रॉपर्टी का सौदा हुआ था, जो इस साल का सबसे बड़ा लग्जरी अपार्टमेंट सौदा था। वहीं, देश का अब तक का सबसे महंगा सौदा 2023 में हुआ था, जब गर्भनिरोधक निर्माता फेमी केयर के संस्थापक, उद्योगपति जेपी तपरिया के परिवार ने मालाबार हिल में ही उसी टावर में 369 करोड़ रुपये से अधिक में एक सी-व्यू लग्जरी ट्रिप्लेक्स अपार्टमेंट खरीदा था। ये सभी सौदे मुंबई के रियल एस्टेट बाजार की मजबूती को दर्शाते हैं।

### महाराष्ट्र में महिलाओं को छूट

महाराष्ट्र सरकार ने साल 2021 में महिला होमबायर्स के लिए स्टांप ड्यूटी में 1 प्रतिशत की छूट की घोषणा की थी। इस योजना के तहत, एक महिला होमबायर को मुंबई में सौदे के रजिस्ट्रेशन के लिए 5 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी देनी होती है। इसी योजना का लाभ उठाते हुए, सीमा सिंह ने 9.25 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी का भुगतान किया।

### मुंबई देश का सबसे महंगा प्रॉपर्टी मार्केट

मुंबई, देश का सबसे बड़ा और सबसे महंगा प्रॉपर्टी मार्केट, प्रॉपर्टी सौदों के मामले में लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। दक्षिण और मध्य मुंबई, जहाँ भारत के सबसे महंगे अपार्टमेंट हैं, इस प्रदर्शन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में इन माइक्रो मार्केट्स में उद्योगपतियों, शीर्ष कॉर्पोरेट अधिकारियों, अभिनेताओं और खेल हस्तियों से जुड़े कई बड़े सौदे हुए हैं। यह ट्रेंड आने वाले समय में भी जारी रहने की उम्मीद है।

# लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस है कार्लोस स्लिम

### स्लिम के माता-पिता लेबनॉन से मेक्सिको आए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स पर नजर डालें तो वहां भारत के दो रईसों मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बीच आपको मेक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम का नाम दिखेगा। कार्लोस स्लिम लैटिन अमेरिका के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी नेटवर्थ 85.4 अरब डॉलर है। वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में अंबानी से एक स्थान नीचे और अडानी से एक स्थान ऊपर 18वें नंबर पर हैं। स्लिम के पास लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी मोबाइल फोन ऑपरेटर कंपनी, में कंट्रोलिंग स्टेक है।



कार्लोस स्लिम हेलू का जन्म 1940 में मेक्सिको सिटी में हुआ था। उनके माता-पिता लेबनॉन से आकर मेक्सिको में बसे थे। उन्होंने 1961 में मेक्सिको स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग की नेशनल ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। 25 साल की उम्र में उन्होंने अपनी कंस्ट्रक्शन कंपनी शुरू की और 1980 के दशक में मेक्सिको के कर्ज संकट के दौरान टोबैको, कॉपर और माइनिंग में जमकर निवेश किया। साथ ही उन्होंने 1990 के दशक में रेस्टोरेंट एंड रिटेल चेन सैनबोर्न हरमनोस को भी खरीद लिया। इसी दौरान उन्होंने सरकारी टेलिकॉम कंपनी टेलमैक्स और वायर एंड फाइबर-ऑप्टिक केबल बनाने वाली कंपनी ग्रुपो कंडुमेक्स को भी अपनी झोली में डाल लिया।

**मौके पर चौका-** पिता का कारोबार संभालने के उन्होंने स्टॉक ट्रेडर के तौर पर काफी मेहनत की। 25 की उम्र में उनके पास 30 लाख डॉलर की बड़ी राशि आई। मेक्सिको में कर्ज संकट और तेल की कमी उनके लिए एक बड़ी संभावना बनकर आई। पैसा बहुत तेजी से देश के बाहर जा रहा था। मौके का लाभ उठाते हुए उन्होंने काफी कम कीमत में कई कंपनियां खरीदीं। फिर उन्होंने इन कंपनियों को मुनाफे में लाकर बेच दिया। स्लिम इसे ही अपनी सफलता का राज मानते हैं।


### कैसे मिली सफलता

एक दशक बाद उन्होंने अमेरिकन मोविल के बैनर तले पूरे लैटिन अमेरिका में मोबाइल फोन ऑपरेशंस को खरीदा। 2011 में उन्होंने इसे टेलमैक्स में मर्ज कर दिया। स्लिम की साथ ही कई कमर्शियल बैंकों और एनर्जी कंपनियों में भी हिस्सेदारी है। अपनी फैमिली इनवेस्टमेंट कंपनी ग्रुप कारसो के जरिए उन्होंने मेक्सिको की कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में भी निवेश किया है। स्लिम की वेल्थ में बड़ा हिस्सा पब्लिकली ट्रेडेड कंपनियों से आता है। उनकी आधी दर्जन से अधिक पब्लिक कंपनियों में हिस्सेदारी है जिनसे उन्हें डिविडेंड मिलता है। साल 2008 में उन्होंने न्यूयॉर्क टाइम्स में भी 6.4 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी थी।

स्लिम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि बचपन से ही वह उद्यमी बनकर अपने पिता के काम में हाथ बंटाना चाहते थे। छोटी उम्र में ही उन्होंने पिता से बिजनस का ककहरा सीख लिया था। उनके पिता ने उन्हें फाइनेंस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग के बारे में बताया था। 11 साल की उम्र में उन्होंने गवर्नमेंट सेविंग्स बॉन्ड में निवेश किया, तो उन्हें पहली बार चक्रवृद्धि ब्याज के बारे में पता चला। 12 साल की उम्र में उन्होंने मैक्सिकन बैंक में पहला शेयर खरीदा था। जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता की मृत्यु हो गई। पिता के कारोबार की जिम्मेदारियां उनके कंधों पर आ गईं। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग के साथ अर्थशास्त्र की भी पढ़ाई की ताकि कारोबार की बारीकियों को समझ सकें।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा; एफपीआई के आंकड़े भी आए सामने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,13,117.17 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई।




इस बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजार में वापसी की। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अकतूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। दिलचस्प यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

### पहले बात करते हैं शेयर बाजार की

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.07 अंक या 0.76 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 90.5 अंक या 0.36 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### इनका बाजार मूल्यांकन बढ़ा

- समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 47,836.6 करोड़ रुपये बढ़कर 9,57,842.40 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
- इन्फोसिस की बाजार हैसियत 31,826.97 करोड़ रुपये बढ़कर 8,30,387.10 करोड़ रुपये रही।
- एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 11,887.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,31,158.06 करोड़ रुपये पर और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 11,760.8 करोड़ रुपये बढ़कर 9,49,306.37 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# एफपीआई रिटर्न्स, दिसंबर में भारतीय शेयर मार्केट में 22,766 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारतीय बाजार में वापसी की है। दिसंबर के पहले दो सप्ताह में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पहले नवंबर में एफपीआई ने भारतीय बाजार से 21,612 करोड़ रुपये और अक्टूबर में 94,017 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी। अक्टूबर की निकासी का आंकड़ा सबसे खराब रहा था।

दिलचस्प तथ्य यह है कि सितंबर में एफपीआई का प्रवाह के लिए नौ माह के उच्चस्तर 57,724 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था। यह विदेशी निवेशकों के निवेश के रुख में अस्थिरता को दर्शाता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, ताजा फ्लो के साथ 2024 में अबतक शेयरों में एफपीआई का निवेश 7,747 करोड़ रुपये रहा है।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक, प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा, आगे चलकर भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेशकों का प्रवाह कई प्रमुख कारकों पर निर्भर करेगा। इनमें डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा राष्ट्रपति के रूप में लागू की गई नीतियां, मौजूदा मुद्रास्फीति और ब्याज दर की स्थिति और भू-राजनीतिक परिदृश्य शामिल है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे और आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर देश की प्रगति भी निवेशक धारणा को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने अबतक (13 दिसंबर तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 22,766 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इसकी वजह यह है कि माना जा रहा है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक ब्याज दर में कटौती करेगा। वॉटरफील्ड एडवाइजर्स के वरिष्ठ निदेशक (सूचीबद्ध निवेश) विपुल भोवर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को कम करके तरलता बढ़ाई है, जिससे निवेशकों की धारणा को बल मिला है।

# कोका-कोला और जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के बीच हुआ रणनीतिक निवेश समझौता

**मुंबई, एजेंसी।** कोका-कोला कंपनी ने आज विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक उपस्थिति वाले एक मल्टी-बिलियन समूह जुबिलेंट भारतिया ग्रुप के साथ एक अनुबंध की घोषणा की है। इसके तहत जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की है। यह कंपनी हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड की मूल कंपनी है, जो भारत में कोका-कोला का सबसे बड़ा बॉटलर (एक ऐसी कंपनी या संगठन, जो पेय पदार्थों, खासकर कार्बोनेटेड ड्रिंक्स का उत्पादन, पैकिंग और वितरण करता है) है।

कोका-कोला ने हमेशा ही उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और अनुभव प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है और अब भारत में उपलब्ध अवसरों में निवेश करके यह सतत् और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा दे रहा है। भारत में कोका-कोला के स्थानीय स्वामित्व वाले फ्रेंचाइजी पार्टनर सफल परिणामों को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का यह निवेश कंपनी की निरंतर सफलता में योगदान करेगा और भारतीय बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत करने में मदद करेगा।

कोका-कोला इंडिया के प्रेसिडेंट संकेत रे ने कहा, ''हम भारत में कोका-कोला सिस्टम में जुबिलेंट भारतिया ग्रुप का स्वागत करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अपने अलग-अलग तरह के अनुभव के साथ, जुबिलेंट अपने दशकों के समृद्ध अनुभव को लेकर आया है, जो कोका-कोला सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद करेगा और हमें बाजार में अग्रणी बने रहने में सक्षम बनायेगा। इसके साथ ही हमें स्थानीय समुदायों और ग्राहकों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराने में भी मदद मिलेगी।''

हिन्दुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस के सीईओ जुआन पाबलो रोड्रिग्ज ने कहा, ''यह रणनीतिक निवेश हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दिखाता है। जुबिलेंट भारतिया ग्रुप की विशेषज्ञता हमारी ताकत को और मजबूती देती है, जिससे हमने अपने हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करना जारी रखा है। साथ ही हम नवाचार और स्थायी रूप से प्रगति को बढ़ावा दे रहे हैं।

श्याम एस. भारतिया, फाउंडर व चेयरमैन और हरि एस. भारतिया, फाउंडर व को-चेयरमैन, जुबिलेंट भारतिया ग्रुप ने कहा, ''कोका-कोला कंपनी दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स में से कुछ का घर है, और हम उनके साथ जुड़कर उत्साहित हैं। साथ मिलकर हम कारोबार को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के अवसरों का लाभ उठाएंगे और सुनिश्चित करेंगे कि ज्यादा से ज्यादा भारतीय उपभोक्ता कोका-कोला कंपनी के लोकप्रिय स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का आनंद ले सकें।

ये बदलाव और निवेश कोका-कोला के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी ने दुनिया को तरोताजा करने और एक सकारात्मक बदलाव लाने के अपने उद्देश्य पर आगे बढ़ना जारी रखा है।

# काइनैटिक ग्रीन ने अनूठे कार्यक्रमों से दी महिला सशक्तिकरण को नई दिशा

**पुणे एजेंसी।** इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग की अग्रणी कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने कार्यस्थल पर महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प लिया है। कंपनी खासतौर पर नेतृत्व की भूमिकाओं और विनिर्माण कार्यों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के विज़न से प्रेरित, काइनेटिक ग्रीन ऐसा माहौल तैयार कर रही है, जहां महिलाएं अपनी क्षमताओं को निखार सकें, नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकें और परिवहन के बेहतर भविष्य में अपनी भूमिका निभा सकें।

काइनैटिक ग्रीन ने हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे स्थित सूपा प्लांट में अपने'वर्ल्ड इन ए रूम' अभियान का समापन किया है। इससे सामुदायिक भागीदारी, प्लांट स्तर के अभियानों और नेतृत्व विकास के माध्यम से विविधता लाने का उनका संकल्प नजर आता है। इस कार्यक्रम के शीराइजऔर स्किलहर जैसे प्रमुख कार्यक्रम, महिलाओं को नेतृत्व के गुर सिखाते हैं और उन्हें विशेष प्रकार की ट्रेनिंग से लैस बनाते हैं। इसके साथ ही तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ा रही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए जयश्री फिरोदिया इनोवेशन अवॉर्ड की शुरुआत की गई है। साथ ही पुणे के प्रतिभाशाली इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने कार्यक्रम को जोश और आशाओं से भर दिया। यह दर्शाता है कि परिवहन उद्योग का भविष्य कितना उज्जवल और व्यापक है। सुश्री प्रतीक्षा टोंडवालकर (एसबीआई) और सुश्री अंजलि गुलाटी(पीपल कनेक्ट) सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं ने प्रतिभा रणनीतियों में दृढ़ता और विविधता पर अपने विचारों से वहां उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में श्री रंजीत कोंडेशन (सीएचआरओ), श्री धीरेंद्र सिंह(निदेशक, आरएंडडी), श्री सुंदरेश्वरन एस (निदेशक, विनिर्माण औरसंचालन) और श्री पंकज शर्मा (अध्यक्ष, 2-व्हीलर बिजनेस) ने इस बात की पुष्टि की है कि विविधता काइनैटिक ग्रीन के सिद्धांतों का अहम हिस्सा है। इससे नवचारों, सस्टेंबल विकास और एक उज्जवल भविष्य का रास्ता तय होता है। प्रबंधन के मध्यम तथा वरिष्ठ स्तर पर भूमिकाओं में महिलाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी के साथ काइनैटिक ग्रीन, लिंग समानता को समर्पित है। साथ ही महिलाओं के नेतृत्व में अन्य महिलाओं को भर्ती करना समान अवसरों को सुनिश्चित करता है। सुश्री सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी के नेतृत्व में, काइनैटिक ग्रीन ने ना केवल कंपनी के अंदर महिलाओं की भूमिकाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है, बल्कि ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन भी तैयार की है। इससे लिंग समानता और विनिर्माण में इनोवेशन को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता झलकती है। महिलाओं को सशक्त बनाने की काइनैटिक ग्रीन की सोच कंपनी के आंतरिक कार्यप्रणाली से काफी आगे की चीज है। कंपनी चाहती है कि उनके प्लांट में दोपहिया और तीनपहिया वाहनों तथा गोल्फ कार्ट्स एसेंबली लाइन में महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत तक पहुंचे। इससे तकनीकी तथा विनिर्माण भूमिकाओं में महिलाओं को समान अवसर उपलब्ध कराने की कंपनी की प्रतिबद्धता का पता चलता है।

इसके साथ ही ये कंपनी महिला प्रतिभाओं को नेतृत्व देकर और फाउंडर्स तथा वरिष्ठ लीडर्स से जोड़कर उन्हें सशक्त बना रही है। कॅरियर के वैकल्पिक रास्ते और साल के मध्य में पारदर्शी मूल्यांकन, योग्य महिला लीडर्स को सहयोग प्रदान करता है और उन्हें सम्मानित करता है। काम करने के लचीले घंटे और विविधता तथा योग्यता को महत्व देने वाली भागीदारी की संस्कृति जैसे विकल्पों के माध्यम से यह वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा देता है। इसके साथ ही ये कंपनी व्यक्तिगत तथा पेशेवर रूप से महिलाओं को सहयोग देने के लिए स्वास्थ तथा तंदरुस्ती को भी प्राथमिकता देती है।

सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी, को-फाउंडर एवं सीईओ, काइनैटिक ग्रीनकहती हैं, इलेक्ट्रिक वाहनों का आना एक गेम-चेंजर की तरह है जो ना केवल सस्टेंबिलिटी के लिए है बल्कि कार्यबल में भागीदारी को लेकर भी है। ईवी क्षेत्र में क्रांति आने से नए तरह के कौशल और अनोखी सोच की मांग उठने लगी है, जिससे महिलाओं के लिए ऑटोमोटिव और विनिर्माण क्षेत्र में अप्रत्याशित रूप से अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। काइनैटिक ग्रीन में हम ई-लूना में 100 प्रतिशत महिला नेतृत्व वाली एसेंबली लाइन और स्किलहर जैसे अभियानों के साथ बदलाव का नेतृत्व करते हुए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। इससे महिलाएं रोजगार केंद्रित ट्रेनिंग के साथ एसयूपीए क्षेत्र में सशक्त बन रही हैं। इसके साथ ही अपने साझेदारों के साथ काइनैटिक कम्युनिकेशन लिमिटेड और काइनैटिक इलेक्ट्रिक मोटर्स लिमिटेड एक सुदृढ़ व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जोकि इंटर्नशिप से लेकर लीडरशिप तक की भूमिकाओ में हर स्तर पर नारी प्रतिभा को निखारता है।


# बापू सेंटर पर हुई बीपीएससी 70वीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द

**10 हजार कैंडिडेट्स फिर देंगे एग्जाम, डीएम की रिपोर्ट पर एक्शन; नॉर्मलाइजेशन लागू नहीं होगा**

**13 दिसंबर को BPSC की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान हंगामा**

**बीपीएससी और जिला प्रशासन ने दावा किया था कि पूरी जांच के बाद छात्रों को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी।**

**पटना।** बीपीएससी ने पटना के बापू सेंटर पर हुई 70वीं प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर दी है। 13 दिसंबर को हुई परीक्षा में बापू सेंटर में कैंडिडेट्स ने हंगामा किया था। इसका एक वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद डीएम ने रविवार को आयोग को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। सोमवार को बीपीएससी ऑफिस में डीएम की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। साढ़े 3 बजे आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक सेंटर पर हुई परीक्षा को रद्द कर दिया। बापू सेंटर पर 9 हजार 969 कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी। कई वीडियो मिले हैं, IT सेल जा इढरउ अध्यक्ष ने बताया कि 'पटना सदर के लेवल पर दो टीम का गठन किया गया है। जो मामले की जांच कर रही है। आयोग की जांच में 25 से 30 लोगों की पहचान की गई है। उन पर आयोग कार्रवाई करेगा। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने परीक्षा में लेट प्रश्न पत्र मिलने को लेकर विवाद किया है।' 'बापू सेंटर पर लेट से क्वेश्चन पहुंचा था। वहां बताया गया था कि आपको अधिक टाइम दिया जाएगा आप अपनी परीक्षा दें। 1 बजे के आसपास असामाजिक तत्वों ने परीक्षा दे रहे कई कैंडिडेट्स के प्रश्न पत्र छीन लिए। हमें काफी सारे ईमेल मिले हैं, जिसमें कई कैंडिडेट्स ने कहा कि हम सही तरह से परीक्षा दे रहे थे, लेकिन असामाजिक तत्वों ने परीक्षा नहीं देने दी।' पटना डीएम की रिपोर्ट में कहा गया है कि '13 दिसंबर को बीपीएससी की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा के दौरान हंगामा करने वालों में परीक्षार्थियों के रूप



में कुछ असामाजिक तत्व भी शामिल थे। उनका एक ग्रुप परीक्षा भवन के बाहर भी मौजूद था। ये लोग बाहर से हंगामा करने के लिए तैयार थे। ये लोग एग्जाम कैंसिल करवाना चाहते थे। इन पर अब हत्या का केस दर्ज होगा।' जांच रिपोर्ट में कहा गया कि 'हॉल के अंदर अभ्यर्थियों ने हंगामा किया था। पश्न पत्र देर से मिलने के कारण सेंटर के अंदर और बाहर भी प्रदर्शन किया गया था।' प्रशासन ने बापू परीक्षा केंद्र के अंदर का सीसीटीवी फुटेज जारी किया है। वीडियो में कुछ कैंडिडेट्स पेपर छीनने और फाड़ते नजर आ रहे हैं। जिला प्रशासन ने वीडियो जारी कर कहा कि बापू परीक्षा केंद्र के कुछ कमरों में देर से प्रश्न पत्र मिले। इसके बाद अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू किया। पटना डीएम चन्द्रशेखर ने बताया है 'कुछ शरारती तत्वों ने हंगामा शुरू किया था। इसके बावजूद परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। वीडियो में दिख रहे जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा का माहौल खराब किया है। उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।' डीएम चंद्रशेखर ने अपनी जांच रिपोर्ट में बताया 'परीक्षार्थी के रूप में कुछ असामाजिक तत्व परीक्षा में शामिल हुए थे। उनका एक ग्रुप परीक्षा हॉल के बाहर भी मौजूद था। ये लोग बाहर से हंगामा करने के लिए तैयार थे। कुछ अभ्यर्थियों ने सेंटर के सुपरिटेंडेंट को घेरकर परीक्षा निरस्त होने की घोषणा करने के लिए दबाव बनाया, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।' 'इसके अलावा कुछ परीक्षार्थी तोड़फोड़ और दूसरे तरीकों से परीक्षा को बाधित कर रहे थे। वे ये करके किसी तरह परीक्षा कैंसिल करवाना चाह रहे थे। ऐसे परीक्षार्थियों और उपद्रवी तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ हत्या का मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। इस प्रकरण में कुछ कोचिंग संस्थानों की भी भूमिका की जांच की जाएगी।' सेंटर सुपरिटेंडेंट की हार्ट अटैक से हुई थी मौत शुक्रवार को बापू एग्जाम सेंटर पर अभ्यर्थियों के हंगामे के दौरान एडिशनल सेंटर सुपरिटेंडेंट राम इकबाल सिंह को हार्ट अटैक आया था। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, एक महिला परीक्षार्थी भी बेहोश हो गई थी।

## शादी करो, नहीं तो अश्लील फोटो-वीडियो वायरल कर दूंगा


**बेगूसराय।** में रविवार शाम प्रेमी से परेशान एक नाबालिग (17) प्रेमिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वो 10वीं क्लास की छात्रा थी। प्रेमी अवधेश (20) पर आरोप है कि वह नाबालिग पर शादी का प्रेशर बना रहा था। लड़की ने जब मना किया को आरोपी उसकी अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। जानकारी के मुताबिक, लड़की रिश्ते में आरोपी की मौसी लगती थी। इसी वजह से वह उससे शादी करना नहीं चाहती थी। शादी से इनकार करने पर अवधेश ने नाबालिग के घर आकर उसके साथ गाली-गलौज भी की थी। लड़की के जीजा का कहना है कि इससे परेशान होकर लड़की ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद से



आरोपी फरार है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र की है।समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली लड़की बीते चार साल से अपनी मौसेरी बहन के घर बेगूसराय में रह रही थी। वह वहां मैट्रिक की तैयारी कर रही थी। मौसेरी बहन के पति सऊदी अरब में रहते हैं। घर पर बहन अपने दो बच्चों के साथ अकेली रहती है। उनके साथ रहने और देखभाल के लिए उसे यहां लाया गया था।

## आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में बक्सर पहुंची अभिनेत्री तनुश्री दत्ता

बक्सर में सोमवार की रात पहुंची बॉलीवुड की जानी मानी हीरोईन तन्नु श्रीदत्ता ने कहा नारी नारी सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रमों में पहुंचती रहती हूं। बता दें की हुमैन राइट एंड सोशल जस्टिस की ओर से आयोजित ?बक्सर आइकॉन अवॉर्ड सेरेमनी में पहुंची हुई थी। जहां मीडिया से बात करते हुए उन्होंने एक तरफ जहां बक्सर को महर्षि विश्वामित्र की धरती पर पहुंचना अपने को भाग्यशाली मान रही थी। तो वही नारी सहित सबके सशक्तिकरण की बात करते नजर आई। आइकन अवार्ड के कार्यक्रम में पहुंची थी बता दें की रविवार की



रात बक्सर आइकन अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में फेमिना मिस इंडिया यूनिवर्स और प्रसिद्ध बॉलीवुड अदाकारा तनुश्री दत्ता मुख्य अतिथी के रूप में जिले के होटल ईस्टर्न ग्रेस में पहुंची। जिसकी अध्यक्षता बिहार सचिव, मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय के डॉक्टर दिलशाद आलम ने की। डॉक्टर दिलशाद आलम ने बताया कि?यह बक्सर आइकन अवार्ड का पहला संस्करण है।भविष्य में और भी क्षेत्रों से चयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह कार्यक्रम समाज की प्रतिष्ठा बढ़ाने का काम किया है। बक्सर वासियों को दी शुभकामनाएं मुख्यअतिथि के रूप में पहुंची बॉलीवुड की मशहूर हिरोइन तनुश्री दत्ता के हाथों लोगो ने अवॉर्ड पाकर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त किए। जहां मीडिया से बात करते हुए तनुश्री दत्ता ने कहा की बहुत अच्छा लगा बक्सर आ कर के सभी बक्सर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## मानव बलों का एक दिवसीय धरना

**आरा।** बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन के मानव बलों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मानव बलों की 60 साल की सेवा पक्की करने, पूर्व के संघर्षों में हटाए गए मानव बलों को वापस काम पर रखने समेत अन्य मांगों को लेकर आज एक दिवसीय धरने में भोजपुर के सभी मानव बल शामिल हुए। आरा हेड क्वार्टर के मानव बल सुशील कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग में नियमित कार्य के लिए वह स्त्रोत से मानव बलों की सेवाएं बिचौलिए एजेंसी से ली जा रही है। इस एजेंसी को सेवा शुल्क के नाम पर मजदूरों के वेतन का 10% भुगतान किया जा रहा है। जीएसटी के नाम पर 18 प्रतिशत



कटौती हो रही है। इस एजेंसी की व्यवस्था भी सही नहीं है। अगर प्रबंधन इस बिचोली एजेंसी को हटाकर स्वयं इन कर्मियों को रखती है तो सीधे ही वर्तमान में 28% बचत होगा। राज्य सरकार का श्रम संसाधन विभाग समय-समय पर बिहार के कई इंडस्ट्री एवं उसके कई श्रेणी के कामगारों के लिए दैनिक मजदूरी की दर तय करती है। आज तक विद्युत वितरण कंपनी में 11 कवि या 33 कब लाइन में कार्य करने वाले मजदूरों की मजदूरी राज्य सरकार तय नहीं कर पाई है। अभी दोनों वितरण कंपनी में बाह्य एजेंसी से कार्यरत मानव बालों को वही मजदूरी दी जाती है जो एलइडी बनाने वाली कंपनी के मजदूरों को दी जाती है। या घर नाइंसाफी है दोनों के कार्य प्रति और जोखिम आदि में जमीन आसमान का अंतर है। जिस प्रकार राज्य सरकार के द्वारा बेल्ट्रॉन में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर या जिला के पैनल से नियुक्त एग्जीक्यूटिव अस्सिटेंट एवं अन्य विभागों में बाह्य एजेंसी के कर्मियों हेतु सेवा नियमावली निर्गत की गई है। इसी तर्ज पर विद्युत कंपनियों में कार्यरत मानव बालों की सेवा भी 60 साल की उम्र तक पक्की की जाए। साथ ही स्थानांतरण, छुट्टी कार्य के दौरान मृत्यु पर मुआवजा आदि सेवा का शर्त तय किया जाए। बिहार स्टेट प्रोग्रेसिव इलेक्ट्रिक वर्कर्स यूनियन के उप महामंत्री मोहम्मद असलम इराकी ने कहा कि बोनस अधिनियम 1965 के प्रावधानानुसार प्रत्येक संस्था को अपने उन सभी कर्मियों को न्यूनतम 8.33 परसेंट बोनस देना है,।

## पटना सिटी में सड़क हादसे में युवक ने दम तोड़ा

**पटना।** सिटी के शीतला मंदिर ओवर ब्रिज पर सोमवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक के शव को पटना के नालंदा मेडिकल अस्पताल में भेज दिया है। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ट्रैफिक थाना के प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। बाइक के परखच्चे उड़े अगम कुआं थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर सुबह में एक युवक बाइक से जा रहा था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर



इतनी जबरदस्त थी कि युवक के बाइक के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में युवक पर गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल भेजा पुलिस ने युवक को नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया है। ट्रैफिक थाने की पुलिस गाड़ी नंबर के आधार पर गाड़ी मालिक की पहचान करने में जुट गई है।

## संक्षिप्त डायरी

### नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर दो युवकों से वसूले 1.56L

**बेगूसराय।** नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर दो युवकों को कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का सपना दिखाकर बंधक बनाया गया। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की गई। फिर दोनों को टॉर्चर कर 1.56 लाख वसूले गए। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, 6 दिसंबर को एक लड़की ने समस्तीपुर के दो युवकों को फोन किया और कहा कि मेरी नेटवर्क मार्केटिंग में अच्छी कमाई होती है। अगर आपको भी ज्यादा पैसा कमाना है तो मिलने के लिए बेगूसराय आ जाइए। लड़की की बातों को सुनकर दोनों लड़के बेगूसराय पहुंच गए। यहां पहुंचकर दोनों ने लड़की को फोन किया तो उसने कहा कि बछवाड़ा स्टेशन के पास आ जाइए। जब दोनों युवक स्टेशन के पास पहुंचे तो करीब 20 से अधिक बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और गन पॉइंट पर जबरन कार में बैठा लिया। सुनसान जगह ले जाने के बाद दोनों की पहले बेरहमी से पिटाई की गई। इसके बाद बदमाशों ने 10 लाख रुपए की डिमांड कर दी। लड़कों ने जब इतने पैसा नहीं होने की बात की तो पूछा गया, कितने पैसे दे सकते हो। दोनों ने कहा, रिश्तेदारों और दोस्तों से बात करनी होगी। फिर दोनों लड़कों ने किसी तरह 1.56 लाख रुपए का इंतजाम किया। इसके बाद बदमाशों के कहने पर फोन-पे के जरिए रुपए ट्रांसफर कर दिए। पीड़ितों के मुताबिक, रुपए देने के बाद फिर से उनकी पिटाई की गई और छोड़ दिया गया। साथ ही धमकी भी दी गई कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो जान से मार देंगे। वीडियो बनाकर मनमानी बातें भी कबूल करवाई।

### पिता के बयान पर 8 के खिलाफ FIR

**भोजपुर।** के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बड़कागांव-अख्तियारपुर गांव निवासी आठवीं क्लास के स्कूली छात्र अंकित कुमार की हत्या मामले में FIR हुई है। मृतक छात्र के पिता गणेश यादव के बयान पर मुफस्सिल थाना में हुई प्राथमिकी में अख्तियारपुर-बड़कागांव गांव



निवासी सोनू यादव उर्फ श्रवण यादव, विश्वकर्मा यादव, त्रिलोकी यादव उर्फ नकली यादव, राजू यादव, कौशिक दुलारपुर रितिक उर्फ श्रीकांत यादव, अंकित कुमार, मखिया यादव तथा दोनों के पिता रमेश यादव को नामजद आरोपित किया गया है। पार्टी के बहाने बुलाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस तकनीकी अनुसंधान के जरिए साक्ष्य एकत्रित करने के प्रयास में लगी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मृतक अंकित के पिता ने FIR में कहा है कि 11 दिसंबर की दोपहर उनके बेटे के मोबाइल पर फोन कर पार्टी मनाने के लिए बुलाया गया था। जब उनकी पत्नी ने पूछा कि किसका फोन आया है तो उनके बेटे ने बताया था कि गांव के लड़कों ने पार्टी मनाने के लिए बुलाया है, जिस पर उनकी पत्नी ने मना किया था कि पार्टी मनाने मत जाओ, वे लोग धोखेबाज हैं। इसके बावजूद उनका बेटा चला गया। जब उनका बेटा रात तक में घर नहीं लौटा तो खोजबीन शुरू की गई। लेकिन, उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शनिवार की दो बजे उनके बेटे का शव रतन दुलारपुर बधार से बरामद किया गया। धारदार हथियार से गला काटकर हत्या की गई थी। पिता के अनुसार दो महीने पहले भी मुख्य आरोपित सोनू यादव समेत अन्य से लूडो खेलने के दौरान झगड़ा हुआ था। बाद में समझौता के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद से ही धमकी दी जा रही थी। उन्हें विश्वास है कि आरोपियों ने षड्यंत्र के तहत हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है।

### जमीनी विवाद में पड़ोसी ने पीटा, 5 जख्मी

**भोजपुर।** जिले के पीरो थाना क्षेत्र के रजैया में रविवार की देर शाम जमीन बेचने के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से पीटकर सगे भाई समेत पांच लोगों को जख्मी कर दिया। सभी को इलाज के लिए पीरो अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के



बाद सभी को आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जख्मियों में रजैया (मसडिया टोला) निवासी स्व.चंद्रमा सिंह के पुत्र अवध कुमार सिंह,बृज बिहारी सिंह उनकी बहू शारदा देवी,शोभा देवी और पोती अंशु कुमारी शामिल है। शारदा देवी ने बताया कि उनके पड़ोसी ने साढे तीन कट्ठा जमीन बेच दिया गया है। जिसमें आधा कट्ठा उनके हिस्से का शामिल है। जमीन को लेकर करीब छह महीना से विवाद चल रहा है। रविवार को उनके आधा कट्ठे जमीन पर पड़ोसी ने खूंटा गाड़ दिया गया था। जब उनके पति बृज बिहारी सिंह और जेठ अवध कुमार सिंह के द्वारा उस खूंटे को उखाड़ दिया गया तो उनके बीच कहासुनी हुई। कहासुनी होने के बीच में उन लोगों ने सभी लोगों की पिटाई कर दी गई। जिससे सभी जख्मी हो गए।जख्मी शारदा देवी ने अपने पड़ोसी उपेंद्र,धर्मेंद्र ,प्रमोद और शिव शंकर पर अपने पति और जेठ को रॉड से और तीनो लोगों को मुक्का और डंडों से मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस से की है। पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

## भोजपुर में हथियार के साथ एक बदमाश गिरफ्तार

**भोजपुर।** जिले के लहठान गांव में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार समेत एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। अपराधी की पहचान लहठान गांव निवासी बीरेन्द्र यादव के रूप में हुई है। जिसके पास से एक देसी पिस्तौल व एक गोली बरामद किया गया है। पकड़े गए अपराधी का पराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। मामले को लेकर बताया गया है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शख्स अवैध लेकर घूम रहा है। जो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है।सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिस दौरान आरोपी को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया गया।



पुलिस बरामद अवैध हथियार के बारे में पूछताछ कर जानकारी एकत्रित कर रही है। बता दें कि इससे पहले अगिआंव बाजार थाना पुलिस ने डोमन डिहरा गांव से रामजी राय को एक देसी पिस्तौल, चाकू व पांच कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। एसपी राज के निर्देश पर लगातार अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिले में दो महीने के अंदर तीन दर्जन से अधिक अवैध हथियार बरामद हो चुका है।

## 500 करोड़ की लागत से बनेगा सीमेंट फैक्ट्री

**बक्सर।** के ब्रह्मपुर प्रखंड अंतर्गत कांट और रघुनाथपुर के बीच आज जेके सीमेंट कंपनी का भूमि पूजन समारोह संपन्न हुआ। इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राघवपत सिंघानिया ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा,?हमारी कंपनी अब उत्तर प्रदेश और बिहार के लोगों के लिए अपने उत्पादों का निर्माण और वितरण करेगी। जेके सीमेंट के वाईस चेयरमैन डॉ निधिपति सिंघानिया और जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ माधवकृष्ण सिंघानिया ने नई ग्राईडिंग यूनिट का भूमि पूजन किया।कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी भूमि पूजन समारोह के दौरान मौजूद रहे। इस उपलब्धि के साथ कंपनी ने बिहार के मार्केट में विश्वस्तरीय सीमेंट उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा



करने की दिशा में एक और नए अध्याय की शुरूआत की है। बक्सर में जेके सीमेंट कंपनी के स्थापित होने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव डॉ.सिंघानिया ने बताया कि यहां के युवाओं को उनकी स्किल और योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा, जिससे क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी।इस समारोह में जिले के कई आला अधिकारियों ने भाग लिया। बक्सर के विकास आयुक्त (डीडीसी) महेंद्र पॉल और एसडीएम राकेश कुमार ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके अलावा अन्य अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस नए प्रोजेक्ट के



शुरू होने से क्षेत्रीय उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।नई ग्राईडिंग युनिट पर बात करते हुए डॉ राघवपत सिंघानिया,मैनेजिंग डायरेक्टर, जेके सीमेंट ने कहा,आज आयोजित यह समारोह बिहार में जेके सीमेंट के लिए ऐतिहासिक कदम है। हमें खुशी है कि हम अपने उच्च गुणवत्ता के उत्पादों को इस वाइब्रेंट और तेजी से विकसित होते क्षेत्र में ला रहे हैं। यह ग्राइडिंग युनिट न सिर्फ देश में हमारी मौजूदगी को सशक्त बनाएगी बल्कि बिहार में इन्फ्रास्ट्रक्चर और आर्थिक विकास में भी योगदान देगी। हमें विश्वास है कि अपनी आधुनिक निर्माण क्षमता एवं गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्धता के साथ हम स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे। 500 करोड़ की अधिक के लागत से बनेगा फैक्ट्री जानकारी दी गई की नई ग्राइडिंग यूनिटी बिहार में प्रीमियम सीमेंट की बढ़ती मांग को पूरा करते हुए क्षेत्र में प्रमुख प्लेयर बन जाएगी। गौरतलब है कि यह मार्केट तेजी से विकसित हो रहा है। यह विस्तार पूर्वी भारत में जेके सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी को सशक्त बनाने तथा देश में मांग और आपूर्ति के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बक्सर युनिट की प्रस्तावित क्षमता 3.00 एमटीपीए है, जो अगले साल तक जेके सीमेंट की उत्पादन क्षमता को 30 एमटीपीए से अधिक तक ले जाने की कंपनी की योजनाओं में योगदान देगी।

बिहार में कई बड़ी परियोजनाओं के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से हो रहा है।



# मोटापे की कट्टर दुशमन है दलिया

दलिया का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होता है। विटामिन और प्रोटीन से भरपूर दलिया खाने से न केवल वजन कम होता है बल्कि आप कई बीमारियों से दूर रहेंगे। बता दें, मोटे अनाज के दानेदार चूरे को दलिया कहते हैं। इसमें मौजूद पोषक तत्व लो कैलोरी, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, थायमिन, फोलेट, पोटेशियम, कार्बोहाइड्रेट, जिंक, मिनरल्स, विटामिन और आयरन हेल्दी और स्वस्थ बनाते हैं। अगर आप अपनी डाइट में सिर्फ एक कटोरी दलिया का सेवन करते हैं तो इससे आपकी सेहत को क्या क्या फायदे हो सकते हैं चलिए हम आपको बताते हैं-

दलिया खाने से ये बीमारियां रहेंगे कोसों दूर-

सेहतमंद दिल- दलिया में मौजूद फाइबर, प्रोटीन, और एंटीऑक्सीडेंट दिल की सेहत के लिए फायदेमंद हैं। दलिया कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करता है जिससे हार्ट डिजीज का रिस्क काफी कम हो जाता है।

वजन होगा कम- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा है तो डाइट में दलिया जरूर शामिल करें। दलिया फाइबर से भरपूर होता है और वजन को कम करने में मदद करता है। इसके सेवन से लंबे समय तक भूख नहीं लगती है।

डायबिटीज कंट्रोल- दलिया में लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स पाया जाता है जो डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

पाचन होता है बेहतर- दलिया पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है क्योंकि ये कब्ज को कम करने में मदद करता है और आपके पेट में सारे पोषण को अच्छी तरह से सोख लेता है।

कोलेस्ट्रॉल होगा कम- दलिया में मौजूद फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। दलिया कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल से जुड़ी बीमारियों के खतरे को भी कम करता है।

दलिया खाने का सही समय-

दलिया सुबह और शाम के नाश्ते में खाना चाहिए। सुबह के समय दलिया खाने से दिनभर ऊर्जावान महसूस करेंगे साथ ही शाम के समय नाश्ते में दलिया खाने से आपको रात के समय ज्यादा भूख नहीं लगेगी।



# क्या बुढ़ापे से जवानी और फिर बचपन में लौट सकता है इंसान?

## जानिए रिवर्स एजिंग क्या है

हम सभी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से गुजरते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारी त्वचा ढीली पड़ने लगती है, बाल सफेद हो जाते हैं, और शारीरिक क्षमता भी कम होने लगती है। लेकिन क्या आपने कभी सुना है कि वैज्ञानिक अब बुढ़ापे की प्रक्रिया को उलटने के तरीके खोज रहे हैं? जी हां, रिवर्स एजिंग का मतलब बुढ़ापे से जवानी की ओर लौटना है और यह एक दिलचस्प शोध का हिस्सा बन चुका है।

## रिवर्स एजिंग क्या है?

रिवर्स एजिंग एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें बुढ़ापे को धीमा करने या उलटने की कोशिश की जाती है। सरल शब्दों में कहें तो, यह एक ऐसी अवधारणा है जिसके तहत इंसान का शरीर बुढ़ापे से फिर से युवा अवस्था में लौट सकता है। भले ही यह सोच पहले असंभव सी लगती थी, लेकिन अब वैज्ञानिक इस पर गंभीरता से काम कर रहे हैं। आजकल के विज्ञान और तकनीक के कारण बुढ़ापे के लक्षणों को धीमा करने या उलटने के लिए कुछ उपायों पर काम हो रहा है। इनमें जेनेटिक इंजीनियरिंग, स्टेम सेल थेरेपी, और अन्य नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## उम्र बढ़ने का कारण

हमारी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया मुख्य रूप से हमारे डीएनए में होने वाले बदलावों के कारण होती है। जैसे-जैसे समय बीतता है, हमारे डीएनए में क्षति होती जाती है, जिससे हमारी कोशिकाएं ठीक से काम नहीं कर पातीं। साथ ही, हमारे शरीर में मुक्त कण भी बनते हैं, जो कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाते हैं और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं।

## रिवर्स एजिंग के तरीके

वैज्ञानिक रिवर्स एजिंग के लिए कई तरह के तरीकों पर काम कर रहे हैं। चलिए जानते हैं कुछ प्रमुख तरीकों के बारे में-

## स्टेम सेल थेरेपी

स्टेम सेल्स उन कोशिकाओं को कहते हैं, जो किसी भी प्रकार की कोशिका में बदलने की क्षमता रखती हैं। इस थेरपी से शरीर के पुराने और कमजोर अंगों की मरम्मत की जा सकती है, जिससे शरीर फिर से ताजगी महसूस करता है।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

शोधकर्ताओं ने पाया है कि कुछ खास जीन होते हैं, जिन्हें सक्रिय करके हम शरीर की कोशिकाओं को फिर से जवान बना सकते हैं। अगर इन जीनों को सही तरीके से एक्टिव किया जाए, तो शरीर के अंग और कोशिकाएं फिर से काम करने की क्षमता हासिल कर सकती हैं।

## टेलोमेरेज और टेलोमर्स

हमारी कोशिकाओं के अंदर एक संरचना होती है, जिसे टेलोमेरेज कहते हैं। जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, टेलोमेरेज की लंबाई कम हो जाती है और कोशिकाओं का बंटवारा धीमा पड़ जाता है। लेकिन अगर इसे फिर से लंबा किया जाए, तो कोशिकाएं जवानी की स्थिति में लौट सकती हैं।

## एंटीऑक्सीडेंट


एंटीऑक्सीडेंट शरीर में बनने वाले मुक्त कणों से लड़ने में मदद करते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एंटीऑक्सीडेंट का उपयोग करके हम उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सकते हैं।

## कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस

कई शोधों में यह पाया गया है कि कैलोरी रिस्ट्रीक्शंस (खाने की मात्रा में कमी) से उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यह शरीर में सुधार लाने के लिए सहायक हो सकता है।

रिवर्स एजिंग का शोध अभी प्रारंभिक चरण में है, लेकिन इसके परिणामों से हमें उम्मीद है कि भविष्य में यह हमारे जीवन को बेहतर बना सकता है। हालांकि, अभी भी इस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करने के लिए और अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। लेकिन ये नए वैज्ञानिक प्रयास एक दिन हमें उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने या उसे उलटने में मदद कर सकते हैं।

# हर्ब्स की मदद से बनाएं नेचुरल हेयर कलर, जाने आसान और सेहतमंद तरीका



बालों को नेचुरली कलर करना अब मुश्किल नहीं है। आप हर्ब्स की मदद से घर पर ही ऐसा हेयर कलर तैयार कर सकती हैं, जो न केवल आपके बालों को खूबसूरत रंग देगा, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करेगा। हर्ब्स से बने हेयर कलर केमिकल-फ्री होते हैं और बालों को मजबूत, शाइनी और हेल्दी बनाते हैं। यह खासतौर से उन लोगों के लिए सही है, जो अपने लुक में बदलाव तो चाहते हैं लेकिन बालों को नुकसान पहुंचाने वाले केमिकल्स से बचना चाहते हैं।

## हिना से बनाएं नेचुरल हेयर कलर

हिना बालों को नेचुरली कलर करने के लिए सबसे पुराना और प्रभावी विकल्प है। यह बालों को डीप रेड या बरगंडी शेड देने के साथ-साथ उन्हें मजबूत और टेक्सचर में सुधार करता है। हेयर कलर बनाने के लिए हिना पाउडर को गर्म पानी या चाय के साथ मिलाकर चिकना पेस्ट तैयार करें। इसमें नींबू का रस या टी ट्री ऑयल मिलाकर इसे और भी पौष्टिक बनाएं। इस पेस्ट को बालों पर समान रूप से लगाएं और 1-3 घंटे तक सूखने दें। इसके बाद गुनगुने पानी से धो लें, लेकिन तुरंत शैम्पू का इस्तेमाल करने से बचें ताकि रंग बालों में अच्छी तरह से सेट हो सके।

## आंवला से बालों को दें प्राकृतिक चमक

आंवला बालों के नेचुरल कलर को निखारने और उन्हें सिल्की व शाइनी बनाने में मदद करता है। आंवला पाउडर को पानी में मिलाकर एक चिकना पेस्ट बनाएं और इसे बालों पर लगाएं। पेस्ट को एक घंटे तक बालों पर छोड़ दें। अगर आप बालों को और भी गहरे रंग का टच देना चाहती हैं, तो आंवला पेस्ट में हिना पाउडर मिलाएं। यह आपके बालों को प्राकृतिक चमक और मजबूती प्रदान करेगा, साथ ही बालों की ग्रोथ में भी मदद करेगा।

रूब्बर्ब रूट से पाएं हल्का गोल्डन शेड

अगर आप अपने बालों को हल्का गोल्डन या रेडिश टोन देना चाहती हैं, तो रूब्बर्ब रूट एक बेहतरीन विकल्प है। यह लाइट बालों पर खासतौर से अच्छा असर दिखाता है और उनकी शाइन बढ़ाता है। रूब्बर्ब रूट को 20-30 मिनट तक पानी में उबालें और फिर इसे ठंडा होने दें। इस लिक्विड को बालों पर लगाएं और करीब एक घंटे के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से बाल धो लें। यह आपके बालों को खूबसूरत रंग और पोषण दोनों प्रदान करेगा।

## हर्ब्स क्यों हैं खास?

हर्ब्स से बने हेयर कलर पूरी तरह नैचुरल और केमिकल फ्री होते हैं। यह बालों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं और उन्हें पोषण देते हैं। हर्ब्स से बालों की ग्रोथ में सुधार होता है, वे मजबूत बनते हैं और उनमें प्राकृतिक चमक भी आती है। साथ ही, हर्ब्स से बना रंग लंबे समय तक टिकता है और बालों को हेल्दी व खूबसूरत बनाता है। इन नैचुरल हेयर कलर के इस्तेमाल से आप अपने लुक को बेहतर बना सकती हैं, बिना बालों को नुकसान पहुंचाए। अगर आप भी अपने बालों को नेचुरली कलर करना चाहती हैं, तो इन हर्बल तरीकों को अपनाएं और बालों को खूबसूरत व सेहतमंद बनाएं।



# लौंग का पानी पीने के फायदे

अगर आप सुबह लौंग का पानी पीते हैं तो इससे शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लौंग में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो पानी में घुलकर शरीर तक पहुंचते हैं और कई लाभ पहुंचाते हैं। लौंग का पानी पीने से हमारे शरीर में पाए जाने वाले त्रिदोष को भी बैलेंस किया जा सकता है।

## सुबह लौंग का पानी पीने से क्या फायदा होता है?

वात, पित्त और कफ रहेगा बैलेंस- आयुर्वेद में सारी बीमारियों की जड़ वात, पित्त और कफ को माना जाता है। वात पित्त और कफ का बैलेंस बिगड़ने पर कई तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। खासतौर से इससे पेट, गले, नाक और त्वचा की समस्याएं हो सकती हैं। त्रिदोष को बैलेंस करने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे पाचन में सुधार आएगा और पेट ठंडा रहेगा। लौंग का पानी पीने से पेट की जलन और एसिडिटी कम होगी।

पाचन में सुधार आएगा- जो लोग सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीते हैं उनका पाचन तंत्र मजबूत बनता है। इस पानी से पेट की बीमारी जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग और अपच दूर होती है। पाचन प्रक्रिया में सुधार आता है। लौंग का पानी पीने से शरीर में एंजाइम बढ़ते हैं जिससे खाना पचाने में आसानी होती है।

प्यास और जलन कम करे- अगर आपको बहुत प्यास लगती है और पेट में जलन की शिकायत होती है तो आप लौंग का पानी पी सकते हैं। भले ही लौंग तासीर में गर्म होती है लेकिन लौंग का पानी ठंडक देने वाला हो जाता है। इससे प्यास कम लगती है और पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है। लौंग का पानी पीने से शरीर हाइड्रेड रहता है।

वजन घटाने में मदद- सुबह खाली पेट लौंग का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है। भूख कम लगती है और ओवरईटिंग पर भी कंट्रोल किया जा सकता है। लौंग में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो फैट को तेजी से बर्न करने में मदद करते हैं। इसलिए मोटापा घटाने का प्रयास करने वाले लोग लौंग का पानी पी सकते हैं।

इम्यूनिटी बढ़ाए- रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में लौंग का पानी असरदार साबित होता है। इससे इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। खासतौर से बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम और खांसी कफ जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। लौंग में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं जो किसी भी इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। इससे मौसमी बीमारियों दूर रहती है।



# ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाने के 5 प्रभावी घरेलू उपाय और टिप्स!

ब्लैकहेड्स एक आम समस्या है, खासकर चेहरे पर, जो त्वचा की porosity और तेल उत्पादन के कारण होते हैं। ये तब बनते हैं जब रोमछिद्रों में जमा हुआ तेल, गंदगी, मृत त्वचा कोशिकाएं और बैक्टीरिया हवा के संपर्क में आकर काले हो जाते हैं। ब्लैकहेड्स आपकी त्वचा को बेजान बना देते हैं। ब्लैकहेड्स की समस्या को दूर करने के लिए कई उपाय हैं, जिनमें से कुछ आसान घरेलू उपचार भी हैं।

यहां कुछ प्रभावी टिप्स और घरेलू उपचार दिए गए हैं जिनसे आप ब्लैकहेड्स से छुटकारा पा सकते हैं-

**हल्दी और बेसन का फेस पैक**

हल्दी और बेसन एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल हैं, जो त्वचा को साफ करने में मदद करते हैं।

1. (1) चम्मच बेसन में 1/2 चम्मच हल्दी और थोड़ी सी दही डालें।
2. इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और सूखने तक छोड़ दें।
3. सूखने के बाद हल्के हाथों से स्क्रब करें और फिर पानी से धो लें। यह पैक त्वचा को गहराई से साफ करता है और ब्लैकहेड्स को कम करने में मदद करता है।

**अंडे का सफेद भाग और नींबू का रस मास्क**

नींबू में सिट्रिक एसिड होता है जो त्वचा को एक्सफोलिएट करता है, जबकि अंडे का सफेद भाग त्वचा को हाइड्रेट करता है।

1. (1)अंडे का सफेद भाग, 1 चम्मच नींबू का रस
2. अंडे की सफेदी को सख्त होने तक फेंटें, उसमें नींबू का रस मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं। सूखने तक लगा रहने दें और फिर धीरे से छील लें।
3. नताशा ने कहा, ÷अंडे का सफेद भाग रोमछिद्रों को कसता है और अतिरिक्त तेल को हटाता है, जबकि नींबू का रस त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है।÷

**स्टीम (भाप) लें**

स्टीम लेने से त्वचा के रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे ब्लैकहेड्स को निकालना आसान हो जाता है।

1. एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसका भाप चेहरे पर लें।



2. ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो, ताकि त्वचा जल न जाए।
3. स्टीम लेने के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धोकर रोमछिद्रों को बंद कर लें।

**चीनी और शहद स्क्रब**

चीनी त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए एक बेहतरीन स्क्रब है, जबकि शहद त्वचा को मुलायम बनाता है और उसकी नमी बनाए रखता है।

1. 1 चम्मच चीनी और 1 चम्मच शहद मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें।
2. इसे चेहरे पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें।
3. यह स्क्रब ब्लैकहेड्स को हटाने में मदद करता है और त्वचा को निखारता है।

**टी ट्री ऑयल**

टी ट्री ऑयल एक प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल एजेंट है, जो ब्लैकहेड्स को रोकने में सहायक है।

1. (1-2) बूंदें टी ट्री ऑयल को एक कॉटन पैड पर डालें और उसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं।
2. इसे रातभर छोड़ें और सुबह अपने चेहरे को धो लें। टी ट्री ऑयल त्वचा को साफ रखता है और ब्लैकहेड्स के निर्माण को रोकता है।

**अतिरिक्त टिप्स**

1. चेहरे को नियमित रूप से धोएं-दिन में दो बार फेसवॉश से चेहरे को धोने से अतिरिक्त तेल और गंदगी हट जाती है, जिससे ब्लैकहेड्स की संभावना कम होती है।
2. कॉमेडोजेनिक उत्पादों से बचें-ऐसे स्किनकेयर और मेकअप उत्पादों का उपयोग न करें जो त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर सकते हैं।
3. संतुलित आहार लें-खानपान में विटामिन÷ और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स को शामिल करें, जैसे कि गाजर, टमाटर, मछली आदि, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखते हैं।

ब्लैकहेड्स से छुटकारा पाना समय और धैर्य की बात है। इन घरेलू उपचारों को नियमित रूप से अपनाकर आप ब्लैकहेड्स को कम कर सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ और निखरा हुआ रख सकते हैं। यदि समस्या अधिक बढ़ जाए तो त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लेना भी फायदेमंद हो सकता है

# तीसरा टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया के 445 के जवाब में भारतीय टीम ने 51 रनों पर ही चार विकेट गंवाये

**गाबा (एजेंसी)।** भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में खराब शुरुआत रही है। मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम के पहली पारी के 445 रनों के जवाब में भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 51 रनों पर ही अपने चार विकेट खो दिये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम अभी भी 394 रनों से पीछे है , वहीं उसके पास छह विकेट हैं। मैच में अभी दो दिनो का खेल बाकि है। आज तीसरे दिन बारिश और खराब रौशनी के कारण खेल बार बार रुका जिससे कारण भी नुकसान हुआ । खेल तय समय से 45 मिनट पहले ही समाप्त घोषित करना पड़ा। तीसरे दिन केवल 33.1 ओवर का खेल हुआ। इस मैच में भी मेजबान टीम का शिकंजा सकता जा रहा है क्योंकि भारत का शीर्ष क्रम पेवेलियन लौट गया है। दिन का खेल समाप्त होने के समय केएल राहुल 33 और रोहित शर्मा बगैर खाता खोले क्रीज पर। यशस्वी जायसवाल 4, शुभमन गिल 1,विराट कोहली 3 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर आउट हुए। वहीं मेजबान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 2, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन पर बनाये। ट्रेविस हेड ने 152 और स्टीव स्मिथ ने 101 रन बनाए। एलेक्स कैरी ने 70 रन बनाए। उस्मान ख्वाजा ने 21, नाथन मैकस्वीनी ने 9, मार्नस लाबुशेन 12, मिचेल मार्श ने 5 और पैट कमिंस ने 20 रन बनाए। मिचेल स्टार्क 18 और नाथन लियोन ने 2 रन बनाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 6, जबकि मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिये। आकाशदीप और नितीश कुमार रेड्डी भी 1-1 विकेट लेने में सफल रहे। इस मैच में भारतीय टीम ने दो बदलाव करते हुए रविंद्र जडेजा और आकाशदीप को शामिल किया है। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम ने तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को शामिल किया है।



## विश्व चैंपियन गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत



**चेन्नई (एजेंसी)।** विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को यहां हवाई अड्डे पर सैकड़ों उत्सुक प्रशंसकों, तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। 18 वर्षीय गुकेश ने पिछले सप्ताह सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और रूस के गैरी कास्परोव के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

स्वदेश लौटने पर गुकेश ने उनका समर्थन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। मीडिया और प्रशंसकों के बीच इस युवा खिलाड़ी को करीब से देखने के लिए लगी होड़ के बीच गुकेश ने कहा, 'यह शानदार है। आपके समर्थन ने मुझे बहुत ऊर्जा दी। विश्व चैंपियनशिप जीतना एक शानदार अहसास है।% महान विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश विश्व खिताब जीतने वाले केवल दूसरे भारतीय हैं। आनंद ने यहां अपनी अकादमी में इस किशोर के खेल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## इंग्लैंड को लगा झटका, टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को फिर हैमस्ट्रिंग में लगी चोट

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** इंग्लैंड को एक बड़ा झटका लगा जब उसके टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट मैच के दौरान एक बार फिर हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। इंग्लैंड क्रिकेट ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्टि की कि स्टोक्स को टेस्ट सीरीज के अंतिम मैच के तीसरे दिन हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई।



स्टोक्स सेडन पार्क में न्यूजीलैंड के युवा खिलाड़ी रचिन रवींद्र को गेंदबाजी कर रहे थे, तभी उन्होंने अपनी हैमस्ट्रिंग को कसकर पकड़ लिया और उपचार के लिए मैदान से बाहर चले गए। अनुभवी ऑलराउंडर पूरे साल हैमस्ट्रिंग की चोटों से जूझते रहे हैं। अगस्त में द हंड्रेड टूर्नामेंट के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। चोट के कारण वह अक्टूबर में मुल्तान में पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती टेस्ट से बाहर हो गए थे। चोट की प्रकृति अभी भी अज्ञात है, और यह देखना बाकी है कि स्टोक्स दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए बल्लेबाजी करने आएंगे या नहीं।

स्टोक्स ने 12.2 ओवर फेंके जिसमें 4.20 की इकॉनमी से 52 रन दिए और दो विकेट चटकाए। दूसरी पारी में विल यंग और विलियम ओ%रुरके को आउट किया। पहली पारी में उन्होंने 24 ओवर फेंके, छह मेडन किए और 3.80 की इकॉनमी से 91 रन दिए। मैट हेनरी पहली पारी में उनका एकमात्र शिकार थे। स्टोक्स के आउट होने पर न्यूजीलैंड ने कुल 453 रन बनाए। पहली पारी में 204 रनों की बढ़त के साथ कीवी टीम ने मेहमानों को 658 रनों का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत में ही दोनों सलामी बल्लेबाजों जैक क्रॉली और बेन डकेट को खो दिया। मैट हेनरी ने क्रॉले (5) को स्टंप के सामने पिन करके इसका अनुसरण किया। तीसरे दिन के अंत में इंग्लैंड का स्कोर 18/2 हो गया और जीत से अभी भी 640 रन दूर था।

## माफी चाहता हूं : न्यूजीलैंड / इंग्लैंड टेस्ट में बड़ा रिकॉर्ड चूकने पर बोले टिम साऊदी

**खेल डैस्क ।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्कों की उपलब्धि हासिल करने से चूकने पर निराशा व्यक्त की है। यह खेल हैमिल्टन के सेडॉन पार्क में खेला जा रहा है। अपने विदाई टेस्ट में खेलते हुए साउदी ने पहली पारी में 3 छक्के लगाए, जिससे उनका कुल स्कोर 98 हो गया। हालांकि, जब वह न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार बल्लेबाजी करने आए, तो साउदी 5 गेंदों पर 2 रन बनाकर आऊट हो गए। वह अगर 2 छक्के लगा लेते तो इस प्रारूप में 100 छक्के लगाने वाले चौथे क्रिकेटर बन जाते।




साउदी ने मैच के बाद स्वीकार किया कि जब वह बल्लेबाजी करने अंदर गए तो वह अधिक दबाव महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह एक अजीब एहसास था। बल्लेबाजी करते समय कभी इतना दबाव महसूस नहीं हुआ। लेकिन नहीं, यह अच्छा मजा था। लड़कों के लिए कुछ दिन बहुत अच्छे रहे। उन्होंने (मैकुलम) कुछ कहा - उन्हें ठीक से नहीं सुना। अच्छा लगा कि वह आखिरी बार भी यहां है। जब भी आप न्यूजीलैंड के लिए विकेट लेते हैं तो वह एक विशेष समय होता है।

उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, एक बच्चे के बड़े होने पर, एक विकेट लेने का अहसास हर समय नया होता है। यह ऐसा एहसास है जिसे मैं निश्चित रूप से याद करूंगा। यह मेरे जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा रहा है। मैं जो करने में सक्षम हूं उसे करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अगले कुछ दिन अच्छे रहेंगे, लेकिन मुझे यकीन है कि कुछ दिन भावनात्मक भी रहेंगे। 100 टेस्ट छक्के चूकने पर साउदी ने कहा कि निराश करने के लिए माफी चाहता हूं।

अपना 107वां टेस्ट खेल रहे साउथी ने 390 विकेट लिए हैं और 2,245 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतक और 98 छक्के शामिल हैं। टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में वह केवल बेन स्टोक्स (133), ब्रेंडन मैकुलम (107) और एडम गिलक्रिस्ट (100) से पीछे हैं।

## पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया, जैसन गिलेस्पी ने इस्तीफे के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

सिडनी । आस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पीसीबी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा । गिलेस्पी का करार 2026 तक का था लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया । उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है । गिलेस्पी ने कहा, 'चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं । मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो । मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया ।' पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे । गिलेस्पी ने कहा, ' टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नही दी गई । इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं ।'





## कोहली को तेंदुलकर की 241 रन की पारी को देखना चाहिए : गावस्कर

ब्रिसबेन । महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने सोमवार को भारत के सुपरस्टार विराट कोहली से कहा कि वह 2004 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सचिन तेंदुलकर की यादगार 241 रन की पारी से प्रेरणा लें और ऑफ स्टंप के बाहर की गेंदों के खिलाफ अपने लगातार संघर्ष को खत्म करने के लिए कवर ड्राइव खेलने से परहेज करें । ब्रिसबेन टेस्ट के बारिश से प्रभावित तीसरे दिन कोहली एक बार फिर असफल रहे जब जोश हेजलवुड ने उन्हें तीन के निजी स्कोर पर विकेट के पीछे कैच करा दिया। भारत ने तीसरे दिन का खेल समाप्त घोषित किए जाने पर 51 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। गावस्कर ने कहा कि कोहली को 'अपने हीरो' तेंदुलकर से आगे देखने की जरूरत नहीं है जिन्होंने एससीजी में 33 चौकों की मदद से 436 गेंद पर 241 रनों की असाधारण पारी खेली थी जबकि वह भी 2003-04 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान विकेट के पीछे कैच आउट होने की समस्या से जूझ रहे थे । कोहली ने मौजूदा दौरे पर अब तक 05, नाबाद 100, 07, 11 और 03 रन की पारियां खेली हैं । तेंदुलकर की उस पारी को उनकी सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक माना जाता है क्योंकि उन्होंने 10 घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की और ड्राइव करने की अपनी प्रवृत्ति पर लगाम लगाई और अपने अधिकतर रन ऑन साइड पर बनाए ।



## श्रेयस अय्यर ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतकर टीम इंडिया के लिए पेश की दावेदारी


**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की कप्तानी में मुम्बई ने रविवार को सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती। मुम्बई ने खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश आसानी से हरा दिया। मुम्बई की इस जीत में श्रेयस की अहम भूमिका रही। इस बल्लेबाज ने 345 रन बनाने साथ ही शानदार कप्तानी भी की। इसी के साथ ही श्रेयस ने इस साल अपनी कप्तानी में टीम को घरेलू क्रिकेट में दूसरा बड़ा टूर्नामेंट जिताकर एक बार फिर टीम इंडिया के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। इससे पहले श्रेयस की कप्तानी में कोलकाता नाइटराइडर्स ने खिताब जीत था। इसके अलावा ईरानी कप और रणजी ट्रॉफी में भी मुम्बई की जीत में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। अब माना जा रहा है कि वह आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को खिताब जीता सकते हैं।

श्रेयस ने इस साल फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और ट्वंटी 20 तीनों फॉर्मेट में अपनी कप्तानी का को साबित किया है। इसी साल उन्होंने अपनी कप्तानी में केकेआर को चैंपियन बनाया था पर इसके बाद भी श्रेय न मिलने पर वह आईपीएल नीलामी में उतर गये।

सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीतने के बाद श्रेयस बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रशंसकों ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। खिताबी मुकाबले में मध्य प्रदेश ने पहले खेलते हुए कप्तान रजत पाटीदार के 81 रनों की बदौलत 174 रन बनाए थे। इसके बाद जीत के लिए मिला लक्ष्य मुंबई ने 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।



## भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड हासिल किया



पोंटे वेद्रा (फ्लोरिडा) । भारत के रेहान थॉमस ने 2025 के लिए 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड (प्रतियोगिता में भागीदारी) अर्जित किया है । 'कोर्न फेरी टूर' अमेरिका में आयोजित होने वाली पीजीए टूर से निचले स्तर की प्रतियोगिता है । दुबई में रहने वाले रेहान घरेलू टूर में भी विजेता रहे हैं । वह इस साल की शुरुआत में पेशेवर बने थे । पीजीए टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण में थॉमस ने 70-72-71-68 के राउंड से कुल एक ओवर 281 का कार्ड खेला और संयुक्त 26वें स्थान पर रहे । इस प्रतियोगिता के शीर्ष पांच में रहने वाले खिलाड़ियों ने पीजीए टूर के लिए क्वालीफाई किया । थॉमस 'कोर्न फेरी टूर' पर कम से कम 12 मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे । वह इस सत्र में इसमें भाग लेने वाले इकलौते भारतीय होंगे ।

## बीसीसीआई ने विजय हजारे ट्रॉफी खेलने तीन खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया दौरे से वापस बुलाया

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई ) ने भारतीय टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया गये तीन खिलाड़ियों को वापस बुलाया है । बीसीसीआई ने रिजर्व खिलाड़ियों के तौर पर भेजे गये तेज गेंदबाजों मुकेश कुमार, यश दयाल और नवदीप सैनी को जरुरत नहीं होने के कारण वापसी बुलाया है । इन तीनों तेज गेंदबाज को पहले तीन टेस्ट मैचों में एक बार भी खेलने का अवसर नहीं मिला है । तीनों गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बचे हुए दो टेस्ट मैचों में भी अवसर मिलना मुश्किल था । ऐसे में भारतीय बोर्ड ने इस गेंदबाजों को रिलीज करने का फैसला किया । बोर्ड ने इन तीनों को इसलिए पहले रिलीज किया जिससे वे भारत लौटकर विजय हजारे ट्रॉफी से पहले अभ्यास कर सकें । मुकेश कुमार को बंगाल की टीम ने शामिल किया है । मुकेश , नवदीप और यश के टीम इंडिया से रिलीज होने के बाद भी भारतीय टीम के पास 5 बतौर तेज गेंदबाज रहेंगे । इनमें जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा शामिल हैं । मुकेश और नवदीप शुरूआत से ही भारतीय टीम के साथ थे । दोनों इंडिया ए के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी गए थे । मुकेश ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दोनों टेस्ट खेले खेलकर 11 विकेट लिए थे । नवदीप को केवल एक अभ्यास मैच में खेलने का अवसर मिला । वहीं यश दयाल को खलील अहमद की जगह टीम से जोड़ा गया था । खलील अहमद बिना खेले चोटिल होकर ऑस्ट्रेलिया से लौट आए थे । यश विजय हजारे ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश टीम में शामिल होंगे वहीं मुकेश बंगाल जबकि सैनी दिल्ली की ओर से विजय हजारे ट्रॉफी में खेलेंगे ।

## स्मृति और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम ने पहले टी20 में वेस्टंडीज को हराया

मुम्बई । स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां वेस्टंडीज को पहले टी20 मुकाबले में 49 रनों से हरा दिया । भारतीय टीम ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मंधाना के 53 और जेमिमा के 73 रनों की सहायता से 4 विकेट पर ही 195 रन बनाये । वेस्टंडीज की ओर से करिश्मा ने 18 रन देकर 2 विकेट लिए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टंडीज टीम 146 रन ही बना पाई । वेस्टंडीज की ओर से जोसेफ और डॉटिन ने अच्छा प्रदर्शन किया पर वह अपनी टीम को जीत दिलाने में विफल रहीं । भारतीय टीम की ओर से तितास साधु ने 37 रन देकर 3 विकेट लिए । इस मैच में मंधाना ने उमा छेत्री के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 50 रन बनाये । उमा ने 24 रन बनाये । वहीं मंधाना ने 33 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाकर 54 रन बनाए । वहीं जेमिमा ने 35 गेंदों पर 9 चौके और 2 छक्के लगाकर सबसे अधिक 73 रनों की पारी खेली । इसके अलावा ऋचा घोष ने 20 जबकि कप्तान हरमनप्रीत ने 13 रन बनाये । लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज केवल 1 रन बनाकर पेवेलियन लौट गईं । इस दौरान कियाना जोसेफ ने डीड्रा डॉटिन के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया । जोसेफ ने 33 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 49 रन बनाए तो वहीं, डॉटिंन ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से 52 रन बनाए । जोसेफ और डॉटिंन के विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज टीम की पारी ढह गयी। मध्यक्रम में केवल शबिका 15 ही रन बना पाई और स्कोर 20 ओवर में 146 तक ही पहुंच पाया । भारत की ओर से तितास ने 37 रन देकर 3 विकेट जबकि दीप्ति शर्मा और राधा यादव ने 2-2 विकेट लिए ।



## एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते : जसप्रीत बुमराह

**बेंगलुरू (एजेंसी) ।** ब्रिसबेन -जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में खराब दौर से जूझ रही भारतीय टीम का बचाव करते हुए अपने पर अतिरिक्त दबाव की बात को खारिज किया और कहा कि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और अनुभवी होने के नाते अतिरिक्त जिम्मेदारी उठाना उनका काम है। गाबा पर तीसरे टेस्ट में टॉस जीतकर गेंदबाजी का गलत फैसला लेने के बाद भारत ने बुमराह के छह विकेट के बावजूद मेजबान को पहली पारी में 445 रन बनाने दिए।

जवाब में वर्षाबाधित तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने चार विकेट 51 रन पर गंवा दिए थे। बल्लेबाजों की तकनीक और बुमराह के अलावा गेंदबाजों के स्तर पर इसके बाद सवाल उठने लगे हैं। बुमराह ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारतीय बल्लेबाजी के बारे में पूछने पर कहा, 'एक टीम के रूप में हम एक दूसरे पर सवाल नहीं उठाते। हम उस मानसिकता में नहीं पड़ना चाहते जहां एक दूसरे पर ऊंगली उठाई जाए।'

### बदलाव के दौर से गुजर रहे

उन्होंने कहा, 'हम एक टीम के रूप में बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं। नए खिलाड़ी आ रहे हैं और क्रिकेट खेलने के लिए यह सबसे आसान जगह नहीं है। विकेट अलग तरह की है और माहौल अलग है।' अब तक इस श्रृंखला में 18 विकेट ले चुके बुमराह ने कहा, 'गेंदबाजी ईकाई के तौर पर हम बदलाव के दौर में है लिहाजा दूसरों की मदद करना मेरा काम है। मैंने दूसरों से अधिक क्रिकेट खेली है तो मैं उनकी मदद की कोशिश कर रहा हूं।'

### नए खिलाड़ियों को थोड़ा समय देना होगा : बुमराह

उन्होंने कहा, 'हम सभी सीखने की कोशिश कर रहे हैं और प्रदर्शन बेहतर होगा। सफर में इन सब चीजों से गुजरना होता है।' बुमराह ने इन खबरों को भी खारिज किया कि पहली पारी में खराब स्कोर से गेंदबाजों और उन पर अधिक दबाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'हमारे पास 11 खिलाड़ी हैं। मैं इसे ऐसे नहीं देखता कि मुझे ज्यादा काम करना है। हम एक नई टीम है और कई नए खिलाड़ी इसमें है। हमें उन्हें थोड़ा समय देना होगा। वे अनुभव से ही सीखेंगे।'

### 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है'

उन्होंने कहा, 'कोई भी अनुभव साथ लेकर नहीं आता और ना ही कौशल के साथ पैदा होता है। आप सीखते जाते हैं और नए तरीके तलाशते हैं। आप अपने खेल के बारे में सीखते हैं।' भारतीय उप-कप्तान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में अलग अलग पिचों पर गेंदबाजी करने में उन्हें काफी मजा आया। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा अलग-अलग चुनौतियां अच्छी लगती है। पर्थ में विकेट अलग था और एडीलेड में गुलाबी गेंद के साथ विकेट अलग था। यहां का विकेट अलग है और रन अप लो है। भारत में हमें इसकी आदत नहीं है।'

### अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते बुमराह

बुमराह ने कहा कि वह सफलता और विफलता को समान रूप से देखते हैं और अपेक्षाओं का बोझ नहीं लेते। उन्होंने कहा, 'जब मैं युवा था तब प्रशंसकों और लोगों की राय का अतिरिक्त बोझ लेता था लेकिन अब मैं किसी राय को संजीदगी से नहीं लेता। मैं खुद से पूछता हूं कि मुझे क्या करना है और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कोशिश करता हूं। मैं यह नहीं सोचता कि लोग मुझसे ऐसा करने की अपेक्षा कर रहे हैं और मैं उसका बोझ लेने लगूं।'



## 2.5 लाख जानवरों की सामूहिक बलि, बचाने में जुटा भारत

नई दिल्ली। नेपाल में हर पांच साल में गढ़ीमाई का मेला होता है जहां लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय प्रशासन ने इस बार जानवरों को बचाने के लिए दिन रात एक कर दिया। बता दें कि नेपाल के बारा जिले के बरियारपुर गांव में हर पांच साल में यह मेला लगता है जिसमें लाखों जानवरों की सामूहिक बलि दे दी जाती है। 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बलि के लिए नेपाल ले जाए जाने वाले जानवरों को बचाया जाए। जानकारों के मुताबिक इस मेले में महीनेभर में करीब 2.5 लाख से पांच लाख जानवरों की बलि दे दी जाती है। बताया जाता है कि 265 सालों से गढ़ीमाई का यह उत्सव होता है। जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों और प्रशासन की सतर्कता की वजह से कम से कम 750 जानवरों को बचाया गया है जिनमें भैंसें, बकरियां, भेड़ और अन्य जानवर शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक इस बार दो ही दिन में 8 और 9 दिसंबर को गढ़ीमाई के मंदिर में 4200 भैंसों की बलि दे दी गई नेपाल के भी सुप्रीम कोर्ट ने 2019 में जानवरों की बलि रोकने का आदेश दिया था। बताया गया कि बलि के लिए ज्यादातर जानवर खरीदे जाते हैं। जानकारों का कहना है कि लोग मन्नत पूरी होने के लिए गढ़ीमाई के मंदिर में बलि देते हैं। विश्व में सबसे ज्यादा बलि इसी मंदिर में होती है।

## दिल्ली–एनसीआर में कोहरा और ठंड ने बढ़ाई मुश्किलें

### – 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना

नई दिल्ली। एनसीआर में लगातार ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार 17 दिसंबर से कोल्ड वेव की वजह से न्यूनतम और अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना है। सोमवार को सुबह ही एनसीआर में हल्का कोहरा देखा गया, जिसके बाद से ठंड और कोहरे की स्थिति गंभीर होने की संभावना है। मंगलवार से अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है। 17 दिसंबर को कोहरे की शुरुआत होने की संभावना है, जिसके साथ-साथ अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रहने की संभावना है। 18 और 19 दिसंबर को भी तापमान में गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि 20 दिसंबर के बाद अचानक मौसम फिर बदल सकता है और घना कोहरा संभावित है। वाहन चालकों को सड़कों पर सावधान रहने की सलाह दी जा रही है। इस बदलते मौसम के कारण स्वास्थ्य पर होने वाले प्रभावों को ध्यान में रखकर सभी लोग सावधान रहें। मौसम के अनुसार बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## बच्चे नहीं हो रहे, तांत्रिक के कहने पर युवक ने जिंदा चूजा निगल लिया... हो गई मौत

सरगुजा। छत्तीसगढ़ के सरगुजा से अजीबोगरीब और दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने तंत्र मंत्र के चक्कर में जिंदा चूजा निगल लिया। इसके बाद युवक की अचानक से तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पहले डॉक्टरों को लगा कि शायद हार्टअटैक से युवक की मौत हुई है। लेकिन पोस्टमार्टम करने पर युवक के गले में मरा हुआ चूजा फंसा मिला। मामला अंबिकापुर का है। मृतक की पहचान छिंदकालो गांव निवासी 36 वर्षीय आनंद कुमार यादव के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि शादी के पांच साल बीतने बाद भी बच्चे नहीं हो रहे थे। इससे वह परेशान रहने लगा था। तब युवक को किसी ने एक तांत्रिक से इलाज करवाने की सलाह दी। इसके तांत्रिक ने ही युवक को जिंदा चूजा निगलने के लिए कहा था। जिससे उसकी मौत हो गई।

## आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

**मुंबई** : आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99 .04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है।
आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, अमीश बैंकर ने कहा, क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99 .04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी 'क्लेम फॉर श्योर' पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97 .94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98 .14 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98 .52 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99 .17 प्रतिशत रहा।

## ट्रैक्टर चोरी के शक में शख्स की पीट-पीटकर हत्या

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में ट्रैक्टर चोरी के शक में एक शख्स की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मामले में ट्रैक्टर मालिक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने युवक को बचाकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शंभू साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, यह घटना योगियां गांव में हुई, जब ट्रैक्टर चोरी के शक में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

# बिहार में विधानसभा चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाए, नीतीश कुमार भी साथ आएं

### –सांसद पप्पू यादव ने कहा–हमारी सरकार बनेगी तो प्राइवेट नौकरी में आरक्षण देंगे



**पूर्णिया (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया सांसद राजेश रंजन ऊर्फ पप्पू यादव ने कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस बड़े भाई की भूमिका निभाए। चुनाव कांग्रेस के नेतृत्व में लड़ा जाना चाहिए। बिहार में क्षेत्रीय पार्टियों को हरियाणा और महाराष्ट्र से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने इच्छा जताई कि सीएम नीतीश कुमार भी साथ आएं, लेकिन गठबंधन में किसे शामिल किया जाए यह राहुल गांधी तय करें।

पप्पू यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी के खिलाफ अगर किसी में लड़ने की ताकत है तो वह राहुल और प्रियंका गांधी में ही है। इसलिए बिहार में गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस करे। कांग्रेस बिहार में 15 जनवरी के बाद से अपने संगठन का विस्तार करने के साथ ही उसे मजबूत करेगी। पेपर लीक मामले पर पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में पेपर लीक एक पर्याय बन गया है। नालंदा जुर्म का केंद्र बन गया है। जितने पेपर लीक हो रहे, उसमें नालंदा ही केंद्र बिंदु है। दो दिन पहले भी बच्चों को पेपर नहीं दिए गए, ताला लगा दिया। जिन्हें माफिया ने सेंटर भेजा, टीचर की भूमिका निभाई, उसी को आंसर लिखाया गया। पढ़ने वाले बच्चे इससे वंचित रह गए।

पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी जिन मुद्दों को लोकसभा में उठाते रहे हैं, वही मुद्दे मेरे भी हैं। हमारी सरकार बनेगी तो हम प्राइवेट नौकरी में आरक्षण का प्रावधान करेंगे।

सभी ठेकेदारी में 40 फीसदी बेरोजगार युवाओं के लिए 10 लाख रुपए तक के ठेके को आरक्षित करेंगे। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पार्टी 2025 का रोडमैप बनाकर आगे की रणनीति तय करेगी। पप्पू यादव ने रविवार को पार्टी के पटना कार्यालय में आयोजित प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सदस्यता महाअभियान के तहत दिसंबर तक 10 लाख सदस्य बनाना था, जिसके करीब पार्टी पहुंच चुकी है।

सदस्यता महाअभियान की तिथि बढ़ा कर 31 जनवरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का जिला सम्मेलन वहीं होगा, जिससे जुड़े विधानसभा क्षेत्र में पार्टी मजबूत हो।

प्रदेश अध्यक्ष ने लोजपा (पारस) महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्मिता शर्मा को उनके समर्थकों के साथ सदस्यता दिलाई।

## सत्येंद्र जैन के मानहानि मामले में कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को भेजा नोटिस



नई दिल्ली। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को आपराधिक मानहानि का नोटिस जारी कर दिया है। सांसद बांसुरी के खिलाफ यह याचिका आम आदमी पार्टी के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सत्येंद्र जैन द्वारा दायर की गई थी जिसके बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया है। आप नेता जैन ने आरोप लगाया है कि बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टेलीविजन साक्षात्कार के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। अदालत ने सांसद बाखुरी को 20 दिसंबर को पेश होने को कहा है। बांसुरी स्वराज व्यक्तिगत रूप से या अपने वकील के माध्यम से पेश हो सकती हैं। इसी तारीख को अदालत मामले में सत्येंद्र जैन और उनके दो गवाहों के बयान दर्ज करेगी। जैन ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है, बांसुरी ने 5 अक्टूबर, 2023 को एक टीवी चैनल पर एक इंटरव्यू के दौरान उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। आप नेता जैन ने दावा किया है कि यह टिप्पणी स्वराज ने उन्हें बदनाम करने और अनुचित राजनीतिक फायदा हासिल करने के लिए की थी। उन्होंने कहा, बांसुरी ने झूठा दावा किया कि उनके घर से 3 करोड़ रुपये बरामद हुए और उनके घर से 1.8 किलोग्राम सोना और 133 सोने के सिक्के बरामद किए गए थे।

## संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 लापता हुए तीर्थों को तलाश रही पुलिस

**संभल (एजेंसी)।** संभल में सैकड़ों साल पुरानी मूर्ती मिलने से जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। सरकारी रिकॉर्ड में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ लापता है। प्रशासन ने इसे सूचीबद्ध करके इनकी तलाश शुरु कर दी है। डीएम राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि यहां पर चार तरह की कार्रवाई की जा रही है। पहली यह है कि जो शुरुआत में ही बताया गया कि संभल में 19 कूप, 36 पुरवे, 52 सराय और 68 तीर्थ हैं। इनकी खोज करने में पूरी टीम लगी हुई है। दूसरा जो अस्थायी अतिक्रमण नालियों आदि पर किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। स्थायी अतिक्रमण को नोटिस देने के बाद पूरी प्रक्रिया के तहत हटाया जाएगा। तीसरा बिजली चोरी के खिलाफ एक्शन है। बिजली चोरी में अभी तक पांच करोड़ का एसेसमेंट बनाया गया है। बिजली चोरी रोकने केलिए आर्मड केबल लगाया जा रहा है। चौथा प्लान गैरकानूनी गतिविधियों पर एक्शन की तैयारी है।



वहीं, बीते रोज मिले मंदिर को लेकर डीएम ने बताया कि वहां पर सीसीटीवी लगा दिए गए हैं। पुलिस टीम भी सुरक्षा में लगा दी गई है। अतिक्रमण को लेक डीएम ने कहा कि कोई भी तालाब सार्वजनिक संपत्ति होती है। सुप्रीम कोर्ट भी कहता है कि इनकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। जिसने भी तालाब पर अतिक्रमण किया है उन्हें नोटिस देकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि 24 नंवबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान यहां हिंसा भड़क गई थी। इस हिंसा में गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई थी। इसी के बाद पुलिस ने बड़े पैमाने पर एफआईआर दर्ज की और धरपकड़ का अभियान चलाया है। इसी के तहत यहां पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान में शनिवार को बड़े पैमाने पर बिजली चोरी पकड़ी गई।

## ईवीएम को लेकर उमर अब्दुल्ला के बदले स्वर, गठबंधन में मतभेद?

### कांग्रेस बोली–अपने तथ्यों की करें जांच, सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईवीएम को लेकर अब गठबंधन में मतभेद सामने आ गए हैं। कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला की ईवीएम पर टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम बनने के बाद गठबंधन सहयोगियों के प्रति उनके दृष्टिकोण पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सीएम उमर ने कहा कि आपको ईवीएम से दिक्कत कैसे हो सकती है और फिर भी आप चुनाव लड़ते रहें। अगर आपको ईवीएम पर भरोसा नहीं है, तो आपको चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। आप यह नहीं कह सकते कि अगर मैं जीत गया तो चुप रहूंगा और हार गया तो ईवीएम में कुछ गड़बड़ है।



कांग्रेस ने कहा कि समाजवादी पार्टी, एनसीपी (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) ने ईवीएम के खिलाफ बात की थी, क्योंकि उन्होंने वोटिंग पद्धति पर पार्टी के रुख पर सवाल उठाने के लिए सहयोगी उमर अब्दुल्ला पर पलटवार किया। सोमवार को तीखे शब्दों वाले पोस्ट में कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला को ट्वीट कर कहा कि यह समाजवादी पार्टी, एनसीपी और शिवसेना यूबीटी हैं जिन्होंने ईवीएम के खिलाफ बात की है। कृपया अपने तथ्यों की जांच करें। कांग्रेस सीडब्ल्यूसी के प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से केवल ईसीआई को संबोधित किया गया है। सीएम बनने के बाद हमारे सहयोगियों के साथ ऐसा दृष्टिकोण क्यों?

उमर अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है और कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पार्टी की गठबंधन सहयोगी है। यह घटनाक्रम कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के एक अन्य सहयोगी के बीच टकराव का एक और बिंदु है। हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर चिंता जाते हुए बैलेट पेपर से मतदान कराने की वकालत की है। उमर अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कांग्रेस की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि वोटिंग मशीनें केवल तभी समस्या नहीं हो सकतीं जब आप चुनाव हार जाते हैं।

अब्दुल्ला ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब आपके 100 से ज्यादा सांसद एक ही ईवीएम का उपयोग करते हैं और आप इसे अपनी पार्टी की जीत के रूप में मनाते हैं, तो आप कुछ महीने बाद पलटकर यह नहीं कह सकते कि हमें ईवीएम पसंद नहीं हैं क्योंकि अब चुनाव परिणाम उस तरह से नहीं आ रहे हैं जैसा हम चाहते हैं। उमर ने अपना खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि जब वे इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव हार गए थे, तो उन्होंने कभी भी ईवीएम को दोष नहीं दिया।

इस मौके का फायदा उठाते हुए बीजेपी ने सीएम उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी का इस्तेमाल कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए किया। बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस के जीतने पर ईवीएम अच्छी नहीं हो सकती और हारने पर खराब। राहुल गांधी लगातार हारे हुए व्यक्ति की तरह दिख रहे हैं, जिनके साथ कोई खड़ा नहीं होना चाहता।

## हिमाचल में 31 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का सीएम सुक्खू ने किया उद्घाटन

सोलन। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। सीएम सुक्खू ने क्षेत्र की प्रगति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और भरोसा दिलाया कि वित्तीय समस्याएं क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बनेंगी। सीएम सुक्खू ने मित्तियां, बेहली, खक्कर और आसपास के क्षेत्रों के गांवों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत वाली पेयजल योजना का भी उद्घाटन किया। उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपए लागत से निर्मित सात नलकूपों और क्षेत्र में 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल सुधार परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। उन्होंने तीन पुलों की आधारशिला रखी, जिनमें 5.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला रेतार खड्ड पुल और 3.51 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाला भटौली खड्ड पुल शामिल हैं।

## उद्धव और राज समझ गए बंटेंगे तो कटेंगे- दोनों भाईयों में बन रही सुलह की संभावना

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र चुनाव में बंटेंगे तो कटेंगे का नारा खूब उछला था। किसी ने इस नारे पर भरोसा किया हो या न किया हो। पर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर इसका प्रभाव जरुर दिखाई देता नजर आ रहा है। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले बीएमसी चुनाव में दोनों भाई साथ आ सकते हैं। हाल ही में एक पारिवारिक कार्यक्रम में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे की एंट्री ने परिवार में सुलह के संकेत दिए हैं। इस कार्यक्रम में शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे भी पहुंचे थे। हालांकि, इसे लेकर दोनों ही नेताओं ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है।



दरअसल, रविवार को उद्धव ठाकरे की पत्नी रश्मि ठाकरे के भांजे शौनक पातंकर की शादी में राज पहुंचे थे। इसके साथ ही अटकलें शुरू हो गईं कि दोनों भाई सियासी मैदान में हाथ मिला सकते हैं। बांद्रा पश्चिम के ताज लैंड्स एन्ड में हुए कार्यक्रम में कई बड़े राजनेता पहुंचे थे। चर्चाएं हैं कि राज और उद्धव मतभेद भुलाकर आगामी निकाय चुनाव के लिए साथ आ सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, दोनों ही दलों के कार्यकर्ता सुलह की बात पर जोर दे रहे हैं। कई लोगों का मानना है कि दोनों नेताओं का साथ आना मराठी मतों को एकजुट कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि राज के शादी समारोह में पहुंचने को उद्धव की तरफ से शांति प्रस्ताव को स्वीकार करने के तौर पर देखा जा रहा है।

सूत्रों ने बताया कि राज समारोह के दौरान रश्मि और उनकी मां से मिले थे। हालांकि, उनकी मीटिंग आदित्य ठाकरे से नहीं हो सकी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि शिवसेना यूबीटी और मनसे के बीच जारी सियासी तनातनी मराठी वोट बंटने का कारण बन रही है। राज और उद्धव आंतरिक कलह के चलते साल 2006 में अलग हो गए। राज ने मनसे का गठन किया। वहीं, उद्धव को अविभाजित शिवसेना की कमान मिली थी।

## फिर बढ़ने लगा बिहार में पकड़ौआ विवाह का चलन

**पटना (एजेंसी)।** पकड़ौआ विवाह की परंपरा अब बिहार के कई जिलों में फिर से चर्चा में है। साल 2024 में, इस परंपरा में अचानक इजाफा देखा गया है। हाल ही में बेगूसराय जिले के एक बीपीएससी शिक्षक का पकड़ौआ विवाह हुआ है।



यह घटना बिहार में पकड़ौआ विवाह के बढ़ते मामलों की ओर इशारा करती है, और समाज में इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इस प्रकार की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार और समाज को सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है। यह घटना तब सामने आई जब शिक्षक ने अपनी चार साल पुरानी प्रेमिका से शादी करने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष के लोगों ने गुस्से में आकर उसे पकड़ लिया और मंदिर में उसकी शादी करवा दी। यह मामला कटिहार जिले का है, जहां बीपीएससी शिक्षक अवनीश कुमार ने अपनी प्रेमिका गुंजन से लंबे समय तक रिश्ते में रहने के बावजूद शादी से मना कर दिया।

लड़की के परिवार वालों ने इस इनकार से नाराज होकर अवनीश का अपहरण कर लिया और एक मंदिर में उसकी शादी करवा दी। शादी के बाद जब लड़की अपने ससुराल पहुंची, तो लड़के के परिवार ने उसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया, और मारपीट का आरोप भी लगाया। लड़की ने इस पूरे घटनाक्रम के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है, और न्याय की गुहार लगाई है। हालांकि, शिक्षक अवनीश कुमार ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि लड़की का उनके साथ कोई प्रेम संबंध नहीं था और उसे बार-बार परेशान किया जाता था। उन्होंने यह भी दावा किया कि उनका अपहरण किया गया और जबरन शादी करवाई गई।

पकड़ौआ विवाह का इतिहास बिहार में 1980 के दशक से जुड़ा हुआ है, खासकर मिथिलांचल के क्षेत्रों जैसे बेगूसराय, दरभंगा और मधुबनी जिलों में। इस परंपरा में शादी के लायक लड़के का अपहरण किया जाता है और फिर उसे धमकाकर विवाह के बंधन में बांध दिया जाता है। 1990 के दशक में इस परंपरा में कमी आई, लेकिन 2024 में इसके मामलों में फिर से वृद्धि देखने को मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मिथिलांचल समेत बिहार के 18 जिलों में 2024 में 70 से अधिक पकड़ौआ विवाह हो चुके हैं।

# क्या 2013 की तरह इस बार महाकुंभ में पीएम उम्मीदवार के नाम पर लगेगी मुहर?

### –योगी के नाम पर सभी की रजामंदी, सार्वजनिक रुप से अभी नहीं होगा ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रांत स्तर के एक पदाधिकारी बताया कि प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में बीजेपी के अगले पीएम उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव आ सकता है। वे बताते हैं कि योगी आदित्यनाथ के नाम पर सभी की रजामंदी है। अभी लोकसभा चुनाव दूर हैं, इसलिए सीधे तौर पर उनके नाम का ऐलान नहीं होगा। योगी को प्रोजेक्ट करने की पूरी तैयारी चल रही है।

महाकुंभ 13 जनवरी, 2025 से शुरू होगा। 12 साल पहले प्रयागराज में ही आरएसएस ने नरेंद्र मोदी का नाम संतों के सामने रखा था। उनके समर्थन के बाद नरेंद्र मोदी को बीजेपी का पीएम उम्मीदवार घोषित किया गया था। क्या इस बार भी ऐसा ही योगी आदित्यनाथ के लिए होगा।

मीडिया रिपोर्ट से सामने आया है कि लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, योगी आदित्यनाथ का नाम बीजेपी के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल है। वे राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड से लेकर साउथ में तमिलनाडु और तेलंगाना तक चुनावी रैलियां कर चुके हैं। हाल ही में हुए महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे का असर भी दिखा। यहां उन्होंने 11 रैलियां कर 17 उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे थे। इनमें 15 चुनाव जीत भी गए। योगी ने ये नारा यूपी में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव के दौरान बार-बार दोहराया था। पीएम मोदी ने 5 अक्टूबर को ठाणे और वाशिम में हुई रैलियों में अलग ढंग से यही बात कही थी।

आरएसएस के पदाधिकारी बताते हैं कि बंटेंगे तो कटेंगे का नारा भले योगी के मुंह से निकला हो, लेकिन इसके पीछे आरएसएस ही है। ये आरएसएस की शाखाओं में गाया जाने वाला बहुत पुराना गीत है। इसे आजादी के समय से गाया जा रहा है। ये गीत था- इतिहास कहता है कि हिंदू भाव को जब-जब भूले, आई विपदा महान, भाई छूटे, धरती खोई, मिटे धर्म संस्थान।

यही बात मथुरा की बैठक में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कही थी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज में एकता नहीं रहेगी, तो आजकल की भाषा में बंटेंगे तो कटेंगे हो सकता है। कुंभ में इस बार हिंदू एकता की चर्चा होगी, क्या किसी बड़े मुद्दे पर चर्चा होगी या फिर कोई बड़ा फैसला लिया जाएगा? इस पर होसबोले ने कहा कि इसकी चर्चा तो हम कई साल से कर रहे हैं। ये हमारे करिकुलम में बहुत पहले से है। इस बार चर्चा आरएसएस के उस गीत को दोबारा चर्चा में लाने वाले की होगी। चर्चा होगी कि देश का भविष्य किसके हाथों में सुरक्षित रहेगा। चर्चा होगी कि नया सूर्य कौन होगा।

आरएसएस के पदाधिकारी ने कहा कि ये सब उस तरह नहीं होगा, जैसे मोदी के नाम पर मुहर लगी थी। तब कुंभ के अगले साल लोकसभा चुनाव थे। इसलिए पीएम पद के लिए चेहरे पर पक्की मुहर के लिए उस आयोजन से बेहतर कोई और वक्त नहीं था। इतने बड़े स्तर पर हिंदू समाज के संगठन और साधु-संतों का जमावड़ा फिर कहां मिलता। इस बार कुंभ और चुनाव के बीच चार साल का फासला है। नाम पर तो चर्चा होगी, लेकिन सभी संगठनों के बीच एक प्रस्ताव की तरह इसे लाया जाएगा।। पदाधिकारी ने कहा कि सूची में अब तक तो योगी ही हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**